CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 25°C

नई दिल्ली, शनिवार 23 अगस्त 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 141 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | भाद्रपद कृष्ण पक्ष 13 विक्रमी सम्वत् 2082 | 28 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में 7 महीनों में 28 लाख से अधिक को कुत्तों ने काटा पेज 2



एला ने महिलाओं की एयर राइफल में जीता स्वर्ण खेल टाइम्स



काला पानी पर भारत और नेपाल में जुबानी जंग तेज सम्पादकीय



अमेरिकी दूतावास ने खोली ट्रम्प के दावे की पोल पेज 12

## स्यानाचट्टी में बनी कृत्रिम झील, खोलने के प्रयास निरंतर जारी

### झील का एक हिस्सा खोलने को लोनिवि, एसडीआरएफ व सिंचाई विभाग की टीमें जुटीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

- यमुना नदी पर बनी झील से भवन हुए जलमग्न, इलाका कराया खाली
- झील के जलस्तर में दो फुट तक कमी आई, लोगों को निकाला सुरक्षित

**उत्तरकाशी/देहरादून।** स्यानाचट्टी में कुपडा गाड़ से मलबा आने से एक पुन: यमुना नदी का प्रवाह बाधित होने से अस्थायी झील बन गई है। पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से आसपास के घर, मकान व होटल खाली करवा लिए हैं।

स्यानाचट्टी में बनी झील से जल निकासी के लिए जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए चैनेलाइजेशन करने के लिए समुचित कदम उठाने के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन को निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी तथा सभी एहतियाती कदम उठाने को कहा है। मुख्यमंत्री ने सुरक्षित स्थानों में ठहराए गए लोगों के साथ ही स्यानाचट्टी के निवासियों के लिए भोजन, रसोई गैस, दवाइयों के साथ ही पेट्रोल व डीजल तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।



**झील में दलदल होने के कारण परेशानी**–सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि वर्तमान में नदी के एक हिस्से से पानी की निकासी हो रही है। दलदल होने के कारण चैनेलाइजेशन करना अभी संभव नहीं हो पाया है। राहत और बचाव दलों द्वारा अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों से धैर्य बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, फायर तथा सिंचाई विभाग की टीमें राफ्ट के जरिये ग्राउंड जीरो पर पहुंच गई हैं।

**बचाव एवं राहत दल मौके पर मौजूद**– वहीं, यमुना वैली के स्यानाचट्टी में मलबा आने से निर्मित झील –**शेष पृष्ठ दो पर**

## बिहार में हटाए गए मतदाता आधार के साथ ऑनलाइन फार्म भरें

शाह टाइम्स ब्यूरो

- सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एसआईआर के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। इस सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं, वे ऑनलाइन तरीके से आवेदन कर सकते हैं।

जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आवेदनकर्ताओं को आधार कार्ड के साथ ही 11 अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन करने की मंजूरी दे दी। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जाहिर की कि राजनीतिक पार्टियां मतदाता सूची से बाहर किए गए 65 लाख लोगों के नामों पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आ रही हैं? सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई। सुनवाई के दौरान चुनाव आयोग ने बताया कि 85 हजार नए मतदाता वोटर लिस्ट में जोड़े गए हैं। साथ ही चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट्स के जरिये अभी तक सिर्फ दो आपत्ति दर्ज कराई गई हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कोई भी व्यक्ति खुद से या राजनीतिक पार्टियों के बूथ लेवल एजेंट्स की मदद से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है और उन्हें भौतिक तौर पर फार्म जमा करने की जरूरत नहीं है।

## इसरो ने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का मॉडल दिखाया



**नई दिल्ली।** इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गनाइजेशन (इसरो) ने शुक्रवार को भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन (बीएएस) का मॉडल दिखाया। 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे होता है। इससे पहले शुक्रवार को इंडियन स्पेस स्टेशन का मॉडल प्रदर्शित किया। भारत 2028 तक बीएएस का पहला मॉड्यूल लॉन्च करने की प्लानिंग कर रहा है। इसके साथ ही भारत उन देशों की लिस्ट में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अंतरिक्ष में प्रयोगशाला यानी ऑर्बिटल लेबोरेटरी है। वर्तमान में अंतरिक्ष में केवल दो ऑर्बिटल लैब हैं। पहला– इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) इसे पांच अंतरिक्ष एजेंसियां मिलकर चलाती है, दूसरा– चीन का तियांगोंग स्पेस स्टेशन। भारत का लक्ष्य 2035 तक स्टेशन के कुल 5 मॉड्यूल (हिस्से) अंतरिक्ष में भेजना है। पहला मॉड्यूल बीएएस-01 करीब 10 टन वजनी होगा। इसे पृथ्वी से 450 किलोमीटर ऊंचाई पर लो अर्थ ऑर्बिट (निचली कक्षा) में स्थापित किया जाएगा।

## टीएमसी जाएगी तभी बंगाल में विकास आएगा: मोदी

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को कोलकाता के दौरे पर पहुंचे। पीएम ने यहां 5200 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री मोदी ने जेसोर रोड मेट्रो स्टेशन से नोआपाड़ा-जय हिंद विमानबंदर मेट्रो रूट, सियालदह-एस्प्लेनेड मेट्रो रूट और बेलेघाटा-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो रूट का उद्घाटन किया। इन रूट की कुल लंबाई 13.62 किलोमीटर है। इसके अलावा पीएम ने 1200 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत से बनने वाले सिक्स-लेन कोना एक्सप्रेसवे की आधारशिला भी रखी। यह एक्सप्रेसवे 7.2 किलोमीटर लंबा होगा। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कार्यक्रम में शामिल नहीं हुई हैं।

## रेखा गुप्ता के कार्यक्रम में फिर से हंगामा, नारेबाजी

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कार्यक्रम में फिर से हंगामा हुआ है। बताया जा रहा है कि अशोक बाजार गांधी नगर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता थोक रेडीमेड गारमेंट डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित वस्त्रिका 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंची थीं। एक शख्स यहां नारेबाजी कर हंगामा कर रहा था। जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया, पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## वरिष्ठ पत्रकार करण थापर व सिद्धार्थ वरदराजन को राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वरिष्ठ पत्रकार करण थापर और सिद्धार्थ वरदराजन को उनके खिलाफ असम में दर्ज एक मुकदमे में राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर शुक्रवार को अंतरिम रोक लगा दी। पीठ नेअधिवक्ता नित्या रामकृष्णन के अनुरोध पर यह आदेश पारित किया।

# आवारा कुत्तों को नसबंदी व टीकाकरण कर छोड़ें: SC

### अदालत ने कहा: सिर्फ खूंखार-रेबीज संक्रमित कुत्ते कैद में रहें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर के डॉग शेल्टर्स से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने वाले अपने 11 अगस्त के निर्देश में संशोधन कर दिया। कोर्ट ने कहा कि पकड़े गए कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उसी जगह पर छोड़ दिया जाए, जहां से उन्हें उठाया गया था।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने साफ किया कि कुत्तों को छोड़े जाने वाला आदेश रेबीज से संक्रमित या रेबीज से संक्रमित होने की आशंका वाले या फिर आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों पर लागू नहीं होगा। कोर्ट ने कहा कि ये आदेश दिल्ली समेत पूरे देश में लागू होगा। साथ ही याचिका में शामिल व्यक्ति 25 हजार और एनजीओ 2 लाख रुपये कोर्ट में जमा कराएं। कोर्ट ने 11 अगस्त के 2 जजों की बेंच के उस आदेश को बेहद कठोर बताया, जिसमें सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-एनसीआर के आवासीय क्षेत्रों से हटाकर हमेशा के लिए शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था। न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि डॉग शेल्टर्स से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने वाले 11 अगस्त के निर्देश को –**शेष पृष्ठ दो पर**

**सुप्रीम आदेश**

- सार्वजनिक जगहों पर खाना न दें, यह आदेश पूरे देश में होगा लागू
- कुत्तों को गोद लेने के लिए एमसीडी में आवेदन कर सकते हैं पशु प्रेमी
- सभी मामले शीर्ष अदालत को हस्तांतरित कर दिए जाएंगे



### अदालत का पहले दिया गया निर्देश यथावत रहेगा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के संबंध में अदालत का पहले दिया गया निर्देश यथावत रहेगा। कोर्ट ने अब इस आदेश में कुछ संशोधन कर दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, संदीप मेहता और एनवी अंजारिया की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने अदालत के एक पूर्व आदेश की समीक्षा करते हुए इस मुद्दे के दायरे का विस्तार किया और आदेश दिया कि सभी समान मामलों को अंतिम राष्ट्रीय नीति के लिए शीर्ष अदालत को स्थानांतरित कर दिया जाए। अदालत ने पहले सभी आवारा कुत्तों को इकट्ठा करने का आदेश दिया था, जिसका उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर की सड़कों को आवारा कुत्तों से मुक्त बनाना था। पशु कार्यकर्ताओं और मशहूर हस्तियों के विरोध के बीच अदालत ने इस मुद्दे पर फिर से विचार करने का फैसला किया और इस सप्ताह की शुरुआत में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि नगरपालिका अधिकारियों को पैरा 12, 12.1 और 12.2 का पालन करना होगा।

# संसद की सुरक्षा में एक बार फिर हुई बड़ी चूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

- रेलभवन की तरफ से दीवार कूदकर नए संसद भवन के गरुड़ द्वार तक पहुंच शख्स, सुरक्षा बलों ने पकड़ा

**नई दिल्ली।** संसद भवन की सुरक्षा में एक बार फिर बड़ी चूक हुई है। एक व्यक्ति पेड़ के सहारे दीवार कूदकर सुबह लगभग 5.50 बजे संसद भवन में घुस गया। रेलभवन की तरफ से दीवार कूदकर नई संसद भवन के गरुड़ द्वार तक पहुंच गया था।

संसद भवन में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने आरोपी को पकड़ लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त, देवेश महला ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान रामा के रूप में हुई है और वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। वह मानसिक रूप से विक्षिप्त प्रतीत होता है और आगे की पूछताछ और सत्यापन प्रक्रिया जारी है। अगस्त 2024 में भी देश की नई संसद भवन की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया था। रेड क्रॉस रोड की तरफ से एक युवक दीवार फांद कर संसद भवन के परिसर में कूद गया था। हालांकि, संसद भवन में घुसने से पहले ही सुरक्षा में तैनात जवानों ने उसे पकड़ लिया था। दिल्ली पुलिस व खुफिया विभाग समेत देश की सभी सुरक्षा एजेंसियों ने युवक से संयुक्त रूप से पूछताछ की थी। संसद की सुरक्षा में चूक के इस मामले के बाद दिल्ली पुलिस समेत देश की सुरक्षा एजेंसियों में अफरा-तफरी मच गई थी। दिसम्बर 2023 में भी संसद भवन की सुरक्षा में बड़ी चूक देखने को मिली थी। सुरक्षा घेरा तोड़कर लोकसभा में विजिटर गैलरी से दो संदिग्ध कूद पड़े थे। संसद की कार्यवाही के दौरान दोनों शख्स बेंच पर चढ़कर कूदने लगे। जिसके बाद वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। आनन-फानन में सुरक्षाकर्मी दौड़े और दोनों आरोपियों को पकड़ लिया गया था। सांसदों ने दोनों शख्स को घेर लिया था।

## राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद ऑनलाइन गेमिंग विधेयक बना कानून

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक, 2025 राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद अब कानून का रूप ले चुका है। इस कानून के लागू होते ही भारत के ऑनलाइन गेमिंग परिदृश्य में बड़ा बदलाव आ गया है। शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद से पारित इस विधेयक को अपनी मंजूरी दे दी। इससे पहले गुरुवार को इस बिल को राज्यसभा से पारित कर दिया गया था। वहीं, बुधवार को इस बिल को लोकसभा ने अपनी हरी झंडी दिखाई थी। इस कानून में ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को तो राहत दी गई है, लेकिन ऑनलाइन मनी गेम्स पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। इसे लेकर गेमिंग उद्योग जगत और सरकार के मत बंटे हुए हैं। ऑनलाइन रियल-मनी गेमिंग उन डिजिटल प्लेटफॉर्म को संदर्भित करता है, जहां खिलाड़ी खेलों में भाग लेने के लिए भुगतान करते हैं और नकद पुरस्कार जीत सकते हैं। इनमें नकद दांव और मौद्रिक जीत वाले सभी ऑनलाइन गेम शामिल हैं। ई-स्पोर्ट्स को वैध खेल का दर्जा मिलेगा।

# मुनीर ने नाकामी स्वीकार की: राजनाथ

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के भारत को चमकती मर्सिडीज कहने वाले बयान पर जवाब दिया।

उन्होंने कहा कि वो मुनीर के बयान को मजाक (ट्रोल) नहीं, बल्कि उनकी नाकामी स्वीकार करने वाला मानते हैं। इकोनॉमिक टाइम्स वर्ल्ड लीडर्स फोरम में राजनाथ सिंह ने कहा एक देश ने कड़ी मेहनत करके फरारी जैसी अर्थव्यवस्था बनाई और दूसरा अब भी डंपर जैसी स्थिति में है तो यह उनकी नाकामी है। मैं आसिम मुनीर के बयान को एक कन्फेशन की तरह देखता हूं। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था मलबे से भरे डंपर ट्रक जैसी है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर हम इस गंभीर चेतावनी के पीछे छिपे ऐतिहासिक संकेत पर ध्यान नहीं देंगे, तो यह हमारे लिए चिंता का विषय बन सकता है। अगर हम इस पर ध्यान दें और इसके लिए तैयारी करें, तो भारत ऐसी चेतावनियों का करारा जवाब देने में सक्षम है। दरअसल, 11 अगस्त को अमेरिका दौरे पर पहुंचे मुनीर ने भारत को चमकती मर्सिडीज और पाकिस्तान को रेत से भरा डंपर ट्रक कहा था। उन्होंने कहा कि अगर ट्रक कार से टकराएगा, तो नुकसान किसका होगा? इस पर राजनाथ सिंह ने प्रतिक्रिया दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने जाने-अनजाने में उस लुटेरी मानसिकता की ओर इशारा किया है, जिसका पाकिस्तान जन्म से ही शिकार रहा है। हमें पाकिस्तानी सेना का यह भ्रम तोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद उनके मन में ऐसा भ्रम पैदा ही नहीं होना चाहिए था। लेकिन हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि भारत की समृद्धि, संस्कृति और आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ हमारी रक्षा क्षमताएं मजबूत रहे। राष्ट्रीय सम्मान के लिए लड़ने का जज्बा भी जरूरी है।



- कहा: भारत ने मेहनत से फरारी कार जैसी इकोनॉमी बनाई, पाकिस्तान की हालात अब भी डंपर जैसी

### लैंगिक समानता व समावेशी नेतृत्व को बढ़ावा दे रहा भारत

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत संयुक्त राष्ट्र तथा शांति मिशनों में सैन्य योगदान देने वाले देशों के साथ मिलकर लैंगिक समानता और समावेशी नेतृत्व को बढ़ावा देकर दुनिया में स्थायी शांति कायम करने की दिशा में काम कर रहा है।

श्री सिंह ने गुरुवार को यहां भारत सहित 15 देशों की महिला सैन्य अधिकारियों के साथ बातचीत की। ये अधिकारी मानेकशॉ सेंटर में दो सप्ताह के संयुक्त राष्ट्र महिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम में भाग ले रही हैं। रक्षा मंत्रालय और विदेश मंत्रालय के तत्वावधान में संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र द्वारा आयोजित इस कोर्स का उद्देश्य बहुआयामी संयुक्त राष्ट्र मिशनों में प्रभावी भागीदारी के लिए महिला सैन्य अधिकारियों की पेशेवर क्षमता को बढ़ाना है। रक्षा मंत्री ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना अभियानों में योगदान देने वाले सबसे बड़े देश के रूप में भारत इन मिशनों में उनकी भागीदारी का प्रबल समर्थक रहा है।

## सम्भल मस्जिद विवाद में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सम्भल मस्जिद विवाद में 25 अगस्त तक यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। उन्होंने हिंदू याचिकाकर्ताओं को नोटिस भी जारी किया। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने यह आदेश पारित किया।

शीर्ष अदालत मस्जिद समिति की ओर से दायर एक अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें शाही जामा मस्जिद और हरिहर मंदिर विवाद में सम्भल की एक अदालत की ओर से दिए गए सर्वेक्षण के खिलाफ उसकी याचिका खारिज कर दी गई थी और सर्वेक्षण के लिए सिविल अदालत के निर्देश को बरकरार रखा गया था। उच्च न्यायालय ने कहा था कि कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने का आदेश और मुकदमा विचारणीय है। मस्जिद समिति ने पिछले साल 19 नवम्बर को सिविल जज की ओर से मुगलकालीन मस्जिद के सर्वेक्षण का निर्देश देने वाले आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया था, जो उसी दिन हुआ था।



## संक्षिप्त समाचार

### ड्यूटी पर गैरहाजिर सात डाक्टर होंगे बर्खास्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बिना किसी सूचना के लगातार गैरहाजिर रहने वाले सात डॉक्टरों को बर्खास्त करने के निर्देश दिए हैं। अधिकृत सूत्रों ने बताया कि झांसी जिला चिकित्सालय में तैनात हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. मुकुल मिश्र, अमेठी के बाजार शुक्ल न्यू सीएचसी के डा. विकास कुमार मिश्र, अमेठी के जगदीशपुर न्यू सीएचसी के डॉक्टर विकलेश कुमार शर्मा, बरेली सीएमओ के अधीन डा. दीपेश गुप्ता, सीतापुर मिश्रिख सीएचसी में गायनी की डा. श्वेता सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ डा. विक्रांत आनंद और हाथरस जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजिस्ट डा. मोहम्मद राफे लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे थे। स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने संपर्क किया, लेकिन जवाब नहीं आया। उपमुख्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लिया। गैरहाजिर डॉक्टरों को सेवा से बर्खास्त करने के निर्देश दिए हैं। बदायूं राजकीय मेडिकल कॉलेज में ईएनटी विभाग के सहायक आचार्य डा. अभिषेक कुमार शाह वर्ष 2023 से लगातार अनुपस्थित चल रहे हैं।

### दो और कर्मचारी बर्खास्त, आतंकियों से संबंध का आरोप

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आतंकवादियों से कथित तौर पर संबंध रखने के कारण शुक्रवार को दो सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। इनमें कुपवाड़ा जिला निवासी स्कूल शिक्षक खुर्शीद अहमद राठेर और भेड़पालन विभाग में सहायक पशुपालक सियाद अहमद खान शामिल हैं। यह बर्खास्तगी संविधान के अनुच्छेद 311(2)(ग) के तहत की गई है।

# उप्र में सात महीनों में 28 लाख से अधिक लोगों को कुत्तों ने काटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र में जनवरी से लेकर जुलाई के बीच 28 लाख से अधिक लोग कुत्तों के काटने का शिकार बन चुके है।

स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि प्रदेश में जनवरी से जुलाई के बीच कुत्तों ने 28 लाख 50 हजार 744 लोगों को काटा जिनमें आवारा कुत्तों ने 22 लाख 50 हजार 218 और पालतू कुत्तों ने एक लाख 51 हजार 627 लोगों पर अपने दांत गड़ाए। इस अवधि में केवल जानवरों के काटने के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि 33 लाख 83 हजार 712 लोग अलग अलग जानवरों के काटने के शिकार हुए हैं, जिनमें स्ट्रीट डॉग से लेकर पालतू कुत्ते, बिल्ली, बंदर, सियार, लोमड़ी, घोड़े के काटने का मामले



■ एक लाख 51 हजार 627 लोगों को बिल्लियों ने काटा तीन लाख 40 हजार 584 लोगों को बंदर ने काटा: डा. सक्सेना

शामिल है। स्वास्थ्य महानिदेशालय के डा. पंकज सक्सेना ने बताया कि एक लाख 51 हजार 627 लोगों को बिल्लियों ने अपना शिकार बनाया है। इसी तरह तीन लाख 40 हजार 584 लोग बंदर के काटने का शिकार हुए हैं।

वहीं सियार, लोमड़ी व घोड़े के काटने से 47 हजार 757 लोग प्रभावित हुए हैं। इन सभी आंकड़ों को मिलाकर कुल 33,83,712 लोग काटने से प्रभावित हुए हैं। डा. सक्सेना के मुताबिक जनवरी से लेकर जुलाई के बीच केवल दो लोगों की रैबीज के चलते मौत होने की रिपोर्ट दर्ज है। उन्होंने बताया कि प्रभावित लोगों को रैबीज के इंजेक्शन लगवाने की व्यवस्था सभी बड़े अस्पतालों सहित सीएचसी में उपलब्ध है। स्वास्थ्य महानिदेशक डा. आरपी सिंह सुमन ने बताया कि रैबीज के इंजेक्शन की व्यवस्था केवल महिला चिकित्सालयों में नही है। क्योंकि वहां अमूमन लोग नहीं जाते हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने विधायक आरिफ मसूद को दी राहत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित तौर पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एक कॉलेज की संबद्धता हासिल करने के मामले में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने इंदिरा प्रियदर्शनी कॉलेज की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया। पीठ ने नोटिस जारी करते हुए कहा कि इस बीच उच्च न्यायालय के उस आदेश के पैरा 13 में दिए गए निर्देश के अनुसार आगे की कार्रवाई स्थगित रहेगी। उच्च न्यायालय के संबंधित आदेश में इसी पैरा में मसूद और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया गया था।

# शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाएं या हाजिर हों अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा: हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि शिक्षामित्रों के सम्मानजनक मानदेय बढ़ाने के लिए रिट कोर्ट की ओर से दिए गए आदेश का पूर्ण अनुपालन करते हुए हलफनामा दाखिल किया जाए।

अन्यथा बेसिक शिक्षा के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, कंचन वर्मा शिक्षा महानिदेशक स्कूल शिक्षा, प्रताप सिंह बघेल निदेशक बेसिक शिक्षा व सुरेंद्र कुमार तिवारी सचिव बेसिक शिक्षा परिषद 18 सितम्बर को न्यायालय में हाजिर हों। यह आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी की एकल पीठ ने वाराणसी के विवेकानंद की अवमानना अर्जी पर दिया। अवमानना अर्जी पर राज्य सरकार यह कहते हुए बार-बार समय मांग रही है कि लगभग एक लाख चालीस हजार



शिक्षामित्रों का मामला है। मानदेय बढ़ाने पर आर्थिक बोझ को देखते हुए विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों के बीच में मंत्रणा चल रही है, ताकि जितेंद्र कुमार भारती के केस में पारित आदेश का समग्र अनुपालन किया जाए सके। राज्य की ओर स्थायी अधिवक्ता ने आदेश का पालन करने के लिए एक माह का और समय मांगा। इसपर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए 18 सितम्बर को अनुपालन हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया अन्यथा की अवमानना कार्यवाही शुरू करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सहित तीन अन्य अधिकारी न्यायालय में उपस्थित रहेंगे। अधिवक्ता सत्येंद्र चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि 2023 में जितेंद्र कुमार भारती सहित 10 अन्य ने शिक्षामित्रों के समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग करते हुए याचिका दाखिल की थी। कोर्ट ने इस मांग को मानने से इन्कार कर दिया था। हालांकि कोर्ट ने शिक्षामित्रों के मानदेय को न्यूनतम मानते हुए राज्य को समिति का गठन कर एक सम्मानजनक मानदेय निर्धारित करने का निर्देश दिया था। समिति का गठन व मानदेय बढ़ाए जाने पर सरकार की ओर से कोई फैसला नहीं लेने पर विवेकानंद ने अवमानना याचिका दाखिल की है।

## औद्योगिक विकास में अप्रत्याशित वृद्धि, उधार का बोझ भी बढ़ा

# उत्तर प्रदेश का हर व्यक्ति 37500 का कर्जदार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनउफ।** उत्तर प्रदेश में जहां बुनियादी और औद्योगिक विकास में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है, वहीं विभिन्न संस्थाओं से लिए उधार का बोझ भी बढ़ा है।

चालू वित्त वर्ष में अब तक उप्र के प्रत्येक व्यक्ति पर करीब 37500 रुपए का ऋण है। पांच साल में उप्र पर उधार 6 लाख करोड़ से बढ़कर 9 लाख करोड़ होने का अनुमान है। राज्य वित्त आयोग के मुताबिक इसके बावजूद सरकार का राजस्व घाटा 2.97 फीसदी है, जो आरबीआई की निर्धारित सीमा के अंदर है। यही वजह है कि पांच साल में बजट का आकार भी करीब दोगुना हो गया है। राज्य वित्त आयोग के मुताबिक राज्य के ऊपर उधार



■ पांच साल में राज्य का ऋण छह से बढ़कर नौ लाख करोड़ रुपए होने का अनुमान: राज्य वित्त आयोग

का बोझ विकास का संकेतक होता है, क्योंकि जितना ज्यादा खर्च बुनियादी ढांचे के विकास पर होता है उतना ही ऋण बढ़ता है। शर्त ये है कि ये खर्च पारदर्शी और प्रबंधन नीति के तहत किया जाए। यानी ऋण का आकार नहीं, बल्कि उसका उपयोग और पुनर्भुगतान की योजना ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। अत्यधिक ऋण से विकासशील अर्थ व्यवस्था पर दबाव बढ़ता है और ब्याज भुगतान में वृद्धि होती है। ऐसे में उप्र जैसे राज्य के लिए इसका संतुलन जरूरी है। वित्त आयोग के मुताबिक वर्ष 23-24 में राज्य सरकार पर कुल ऋण करीब 7.76 लाख करोड़ रुपए था जो वर्ष 25-26 में 9 लाख करोड़ रुपए के पार होने का अनुमान है। राजकोषीय घाटा वह स्थिति होती है, जब सरकार का कुल खर्च, उसकी कुल प्राप्तियों (ऋण को छोड़कर) से अधिक हो जाता है। यह घाटा इस बात का संकेत होता है कि सरकार को अपने खर्च पूरा करने के लिए कितनी उधारी की जरूरत पड़ी। दूसरे शब्दों में, राजकोषीय घाटा सरकार की वित्तीय जरूरतों और संसाधनों के बीच का अंतर दर्शाता है।

### उधारी से खर्च कर रही है यूपी सरकार

सरकार कितना खर्च अपनी आय से नहीं, बल्कि उधारी से कर रही है। अगर यह घाटा लगातार अधिक बना रहता है, तो इससे सरकार पर ऋण और ब्याज का बोझ बढ़ता है। हालांकि सीमित और नियंत्रित राजकोषीय घाटा हमेशा नकारात्मक नहीं होता। यदि सरकार इस उधारी का उपयोग सड़क, बिजली, जल, शिक्षा और स्वास्थ्य अवसंरचना आदि पर करती है, तो इससे आर्थिक विकास होता है और राजस्व बढ़ता है। उप्र का वित्त वर्ष 2025-26 में अनुमानित राजकोषीय घाटा 91400 करोड़ है, जो राज्य के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 2.97 प्रतिशत है। यह घाटा केंद्र सरकार के अधिनियम के तहत निर्धारित 3 फीसदी की सीमा के भीतर है। इससे स्पष्ट होता है कि राज्य सरकार ने वित्तीय अनुशासन बनाए रखा है।

**कुल ऋणग्रस्तता ( करोड़ में )**

| | |
|---|---|
| 2020-21 | 564089 |
| 2021-22 | 621836 |
| 2022-23 | 671134 |
| 2023-24 | 776783 |
| 2024-25 | 846096 |
| 2025-26 | 903924 |

# स्मार्ट नगर पालिका योजना से बदलेगा शहरी परिदृश्य: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला मुख्यालयों वाली नगर पालिकाओं को स्मार्ट और विकसित नगर पालिका के रूप में विकसित करने की योजना का क्रियान्वयन प्रारम्भ करने के निर्देश दिए हैं।



शुक्रवार को नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्ट-विकसित नगर पालिका योजना का उद्देश्य जिला मुख्यालयों की नगर पालिकाओं को आधुनिक, आत्मनिर्भर और नागरिक- केंद्रित स्वरूप में विकसित करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस पर यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ किया जाए। अधिकारियों ने अवगत कराया कि योजना के अंतर्गत नगर पालिकाओं में गौरव पथ, पिंक टॉयलेट, शहरी सुविधा केंद्र, स्मार्ट क्लासरूम व आंगनबाड़ी, थीम आधारित पार्क, ऐतिहासिक धरोहर संरक्षण, जलाशयों का पुनर्जीवन, ईवी चार्जिंग स्टेशन, ग्रीन क्रेमेटोरियम और डिजिटल सेवाओं जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए उत्सव भवन, सामुदायिक केंद्र और 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' आधारित ढांचे भी स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना को हब-एंड-स्पोक मॉडल पर लागू किया जा सकता है।



सेंसेक्स 81306.85
निफ्टी 24870.10



सोना रु. 99242
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 113931
प्रति किलो



# शेयर बाजार में तेजी थमी, सेंसेक्स फिसला

मुंबई, वार्ता

घरेलू शेयर बाजारों में लगातार छह दिन की तेजी के बाद शुक्रवार को गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 693.86 अंक यानी 0.85 प्रतिशत लुढ़ककर 81,306.85 अंक पर आ गया। मुनाफा वसूली के बीच नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 213.65 अंक (0.85 प्रतिशत) टूटकर 24,870.10 अंक पर बंद हुआ। बाजार में आज शुरू से ही बिकवाली हावी रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 49.23 अंक की गिरावट में 81,951.48 अंक पर खुला। इसका दिवस का उच्चतम स्तर 81,993.61 अंक और निचला स्तर 81,291.77 अंक रहा। सेंसेक्स की 30 में से 24 कंपनियों के शेयर लाल निशान में बंद हुए। एशियन पेंट्स में



सबसे अधिक 2.44 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.94 प्रतिशत, आईटीसी में 1.84, टाटा स्टील में 1.83, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.77 और कोटक महिंद्रा बैंक में 1.68 प्रतिशत की गिरावट रही। अडानी पोर्ट्स, टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा और भारतीय स्टेट बैंक के शेयर भी टूट गए।

महिंद्रा एंड महिंद्रा में सबसे अधिक 0.79 फीसदी की तेजी रही। मारुति सुजुकी, सनफार्मा और बीईएल के शेयर भी बढ़त में बंद हुए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 19.16 अंक नीचे 25,064.15 अंक पर खुला। यह ऊपर 25,084.85 अंक और नीचे 24,859.15 अंक से होता हुआ अंत में 24,870.10 अंक पर बंद हुआ। लगातार छह दिन की तेजी के बाद बाजार में ऊंचे भाव पर मुनाफावसूली देखी गई। एनएसई में जिन 3,050 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 1,762 में गिरावट और 1,178 में तेजी रही, जबकि 110 कंपनियों के शेयरों के भाव अपरिवर्तित रहे।

मझौली और छोटी कंपनियों पर कम दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.06 फीसदी और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.26 प्रतिशत फिसल गया। धातु, बैंकिंग, रियलिटी, एफएमसीजी, आईटी और ऑटो सेक्टर दबाव में रहे। वहीं फार्मा, स्वास्थ्य और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों के सूचकांकों में तेजी रही। वैश्विक स्तर पर एशियाई बाजार बढ़त में रहे। जापान का निक्केई 0.05 प्रतिशत, हांगकांग का हैंगसेंग 0.93 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.45 प्रतिशत मजबूत हुआ।

# सोने और चांदी के दाम में रही तेजी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार को तेजी देखी गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 95 रुपए बढ़कर 99,242 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। कल सोना 98,147 पर था। चांदी की कीमत आज 1,241 रुपए बढ़कर 1,13,931 रुपए प्रति किलो हो गई है। कल इसका भाव 1,12,690 रुपए पर था।

देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 100680 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,300 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,530 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,150 थी, वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,530 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,150 रही। चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,00,530 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,150 थी। केडिया एडवाइजरी के डायरेक्टर अजय केडिया कहते हैं कि अमेरिकी टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बनी हुई है। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है और इसकी डिमांड भी बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 1 लाख 4 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। चांदी भी इस साल 1 लाख 30 हजार रुपए तक जा सकती है।

# चावल महंगा, गेहूं सस्ता, दालों-खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए, जबकि गेहूं में नरमी रही। चीनी के भाव में लगभग टिकाव रहा। दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का नवंबर वायदा 71 रिंगिट की बढ़त के साथ 4,531 रिंगिट प्रति टन बोला गया।

अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.26 प्रतिशत चढ़कर 54.01 डॉलर के भाव बोला गया। घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 19 रुपए बढ़कर 3,843.59 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। गेहूं लगभग दो रुपए प्रति क्विंटल गिरकर 2,835.75 रुपए प्रति क्विंटल के भाव बिका। वहीं, आटे की कीमत 3,293.70 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। सरसों तेल औसतन 48 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया। मूंगफली तेल में भी 47 रुपए की तेजी रही। वनस्पति में तीन रुपए की गिरावट देखी गयी। पाम ऑयल की कीमत लगभग स्थिर रही। सूरजमुखी तेल में 21 रुपए की तेजी रही। सोया तेल नौ रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। दाल.दलहनों में मसूर दाल औसतन 10 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हो गयी। तुअर दाल 56 रुपए टूट गयी जबकि मूंग दाल के दाम लगभग स्थिर रहे। चना दाल तीन रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 26 रुपए प्रति क्विंटल गिर गयी। बाजार में गुड़ की औसत कीमत करीब तीन रुपए घट गयी। चीनी की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा। दाल-दलहन: दाल चना 7977.50 रुपए, मसूर काली 8140.07 रुपए, मूंग दाल 10100.04 रुपए, उड़द दाल 10448.54 रुपए, अरहर दाल 10757.87 रुपए प्रति क्विंटल।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**स्यानाचट्टी में...**

को जल्द से जल्द खोलने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, आपदा प्रबंधन, पीडब्ल्यूडी की टीमें मौके पर हैं। पूरे क्षेत्र की ड्रोन से निगरानी की जा रही है। यमुनोत्री के विधायक संजय डोभाल तथा उत्तरकाशी के जिलाधिकारी प्रशांत आर्य स्वयं मौके पर मौजूद हैं। स्वास्थ्य, राजस्व, खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम में भी ग्राउंड जीरो पर मुस्तैद हैं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने स्यानाचट्टी के लोगों से अपील की है कि वे घबराएं नहीं। जल्द ही झील के पानी की निकासी कर दी जाएगी। प्रशासन द्वारा लोगों के लिए सभी सुरक्षात्मक उपाय किए जा रहे हैं।

**आवारा कुत्तों....** फिलहाल स्थगित रखा जाएगा। पीठ ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ऐसे विशेष भोजन क्षेत्र बनाएं, जहां लोग आवारा कुत्तों को खाना खिला सकें। पीठ ने कहा कि नगर निकायों की ओर से विशेष नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों की आबादी और सघनता को ध्यान में रखते हुए भोजन क्षेत्र बनाए जाएंगे। पीठ ने साफ किया कि सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने की अनुमति नहीं होगी। पीठ ने कहा कि निर्धारित भोजन क्षेत्रों के पास नोटिस बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनमें साफ लिखा होगा कि आवारा कुत्तों को केवल उन्हीं क्षेत्रों में खाना खिलाया जाएगा। पीठ ने कहा कि सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाते पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ संबंधित कानूनी ढांचे के तहत कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि किसी लोक सेवक को अपना कर्तव्य निभाने से रोका जाता है, तो वह इसके लिए उत्तरदाई होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि पशु प्रेमी कुत्तों को गोद लेने के लिए एमसीडी के सामने आवेदन कर सकते हैं। इस मामले का दायरा पूरे भारत में बढ़ाते हुए पीठ ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस मामले में पक्षकार बनाया और आवारा कुत्तों के मुद्दे पर विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं को अपने पास स्थानांतरित कर लिया। पीठ ने 11 अगस्त के निर्देश पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका पर यह आदेश पारित किया। पीठ ने मामले की सुनवाई आठ सप्ताह बाद निर्धारित की। इससे पहले शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी में आवारा कुत्तों के काटने से खासकर बच्चों में रेबीज होने की एक मीडिया रिपोर्ट पर 28 जुलाई को शुरू किए गए एक स्वत: संज्ञान मामले में अपना आदेश सुनाया था। सर्वोच्च न्यायालय की दो न्यायाधीशों की पीठ ने 11 अगस्त को कई निर्देश पारित किए थे, जिनमें दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद के अधिकारियों को सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को जल्द से जल्द पकड़ना शुरू करने और उन्हें आश्रय स्थलों में स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया था।














**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# यमुनापार के विकास के लिए बजट की कमी नहीं: मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि उनकी सरकार यमुनापार के विकास को लेकर बेहद गंभीर है। अब यमुनापार में तेजी से विकास कार्य होंगे और इसके लिए बजट की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुनापार के विकास को लेकर जो भी आकलन किया जाएगा, सरकार उसी की अनुरूप बजट देने में कोई संकोच नहीं करेगी। मुख्यमंत्री ने यह विचार आज एशिया की सबसे बड़ी रेडीमेड गारमेंट्स मार्किट गांधी नगर स्थित अशोक बाजार में आयोजित 'वस्त्रिका-२०२५' में व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यमुनापार क्षेत्र को पूरी ताकत के साथ फिर से दिल्ली के विकास में अग्रिम श्रेणी में हम खड़ा करेगी। इस कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएशन ऑफ होलसेल रेडीमेड गारमेंट्स डीलर्स ने किया था। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वस्त्र उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों, व्यापारियों और उद्यमियों से संवाद किया और उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि गांधी नगर का वस्त्र उद्योग दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश में रेडीमेड परिधान आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है और दिल्ली सरकार इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर तक ले जाने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि अब यमुनापार क्षेत्र का तेजी से विकास होगा और इसमें जनप्रतिनिधियों की मदद ली जाएगी। उन्होंने कहा कि यमुनापार के विकास कार्यों के लिए जो भी बजट आवश्यक होगा, उसे सरकार तत्काल स्वीकृत करेगी। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद पूर्वी दिल्ली के सांसद व केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा व यमुनापार विकास बोर्ड के चेयरमैन अरविंदर सिंह लवली से आग्रह किया कि वे यमुनापार की जरूरत के अनुसार विकास कार्यों का आकलन तैयार कर हमें भेजें। सरकार उसी के अनुसार तुरंत बजट पारित कर देगी। यमुनापार में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को लेकर भी मुख्यमंत्री ने खास घोषणा की। उन्होंने जानकारी दी कि डीटीसी की इलेक्ट्रिक बसों की नई रूट मैपिंग की शुरुआत यमुनापार से होगी, ताकि यात्रियों को सुविधा और सुलभता मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार गांधी नगर के व्यापारियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी और हमारा मानना है कि वस्त्रिका-२०२५ जैसे आयोजन दिल्ली की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मील का पत्थर साबित होंगे। कार्यक्रम में विधायक अनिल गोयल, विश्व हिंदू परिषद, दिल्ली प्रांत के अध्यक्ष कपिल खन्ना व अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

## सीएम के कार्यक्रम में हुई नारेबाजी पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कार्यक्रम में फिर से हंगामा हुआ है। अशोक बाजार गांधी नगर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता थोक रेडीमेड गारमेंट डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित वस्त्रिका २०२५ कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंची थीं। एक शख्स यहां नारेबाजी कर हंगामा कर रहा था। जिसे बैरिकेडिंग के बाहर ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया, पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। वहीं, जानकारी मिली है कि एक अन्य शख्स को भी हंगामा करने के संदेह में पकड़ा गया है। जनसुनवाई में मुख्यमंत्री पर हुए हमले के बाद रेखा गुप्ता पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से बाहर निकली थीं। कार्यक्रम में स्थानीय सांसद हर्ष मल्होत्रा, स्थानीय विधायक अरविंद सिंह लवली, पार्षद और गांधीनगर मार्केट के तमाम व्यापारी मौजूद रहे। इस हंगामे से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम पर कोई असर नहीं पड़ा।

# इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन ग्रैंड फिनाले संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के इंडस्ट्रियल आइडियाथॉन २०२५ का ग्रैंड फिनाले संपन्न हुआ। दिनभर चले इस मुकाबले के बाद दिल्ली के शीर्ष संस्थानों की १२ टीमों को विजेता घोषित किया गया। यह एक महीने की यात्रा का नतीजा था, जिसकी शुरुआत करीब १,२०० रजिस्ट्रेशन से हुई थी, फिर ६५२ वैध एंट्री, १२४ प्रीलिम क्वालिफायर, ४० फाइनलिस्ट और आखिरकार १२ विजेता।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभा को संबोधित करते हुए कहा:"हमें परंपराओं को आंख मूंदकर नहीं अपनाना चाहिए। हमारे युवाओं ने दिखाया है कि नए विचारों में कितनी ताकत है। कभी भारत की आबादी को बोझ माना जाता था, लेकिन आज यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमारे यंग इनोवेटर्स ने साबित किया है कि अगर हम साथ मिलकर काम करें तो दिल्ली के विकास की रफ्तार ४ गुना बढ़ सकती है।"उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली की चुनौतियाँ बड़ी हैं ख्र पानी, सीव. रेज, स्कूल, इंफ्रास्ट्रक्चर ख्र लेकिन अगर हम इन्हें रुकावट नहीं बल्कि अवसर मानें तो मलबे को भी सोने में बदला जा सकता है। ऑपरेशन सिंदूर के समय बहुत से लोगों ने सोचा था कि वे देश के लिए अपनी जान दे सकते हैं, लेकिन असली मौका है देश के लिए जीने का ख्र और हमारे युवा यही कर रहे हैं।"

उद्योग मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और सभी ४० फाइनलिस्ट टीमों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर कहा कि दिल्ली कई देशों से बड़ी है। यहाँ ३ करोड़ लोग रहते हैं ख्र ऐसे में विकास को संभालना और भी कठिन है।उन्होंने आगे कहा कि "करीब १,२०० रजिस्ट्रेशन में से ६५२ शॉर्टलिस्ट हुए, फिर १२४ प्रीलिम में पहुंचे, फिर ४० फाइनल में और अब १२ विजेता बने हैं। इन ४० टीमों के सभी विचारों को हम एक किताब में दर्ज करेंगे ताकि भविष्य में भी उनका इस्तेमाल हो सके। मैं हमारी मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने मेंम र्वा क्वपदह ठनेपदमे के लिए पुरानी बाधाओं जैसे डबक की परमिशन हटाकर रेड टेपिज् खत्म किया।"

# ऐतिहासिक भव्यता के साथ आयोजित होगा छठ महापर्व: कपिल मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सचिवालय में छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में राजधानी के विभिन्न हिस्सों से आई २० से अधिक छठ समितियों के प्रति. निधि शामिल हुए। बैठक का उद्देश्य था छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना और आयोजन को और अधिक सुव्यवस्थित बनाना।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए कला, संस्कृति एवं भाषा मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार इस बार दिल्ली में छठ महापर्व का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार इस आयोजन को सफल और भव्य बनाने के लिए पूरा सहयोग प्रदान करेगी। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बिजली, पानी और स्वच्छता की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। माननीय मंत्री ने सभी सम्बंधित विभागों को छठ पर्व की भव्य तैयारियां समय से पूर्व पूरी करने के भी निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित छठ समितियों के प्रतिनिधियों ने भी अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इनमें अधिक से अधिक शिविर लगाने की व्यवस्था, श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त पानी के टैंकर भेजना, घाटों की सफाई एवं प्रयाप्त संख्या में शौचालय तथा महिलाओं के लिए सुरक्षित चेंजिंग रूम की व्यवस्था करना, घाटों को समय से पहले तैयार करना शामिल रहा।

बैठक के अंत में कपिल मिश्रा ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि दिल्ली सरकार सभी आवश्यक सुझावों पर गंभीरता से विचार करेगी। एवं उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली में छठ महापर्व श्रद्धा, गरिमा और भव्यता के साथ मनाया जाए और प्रत्येक श्रद्धालु को सुगमता और सुविधा का अनुभव हो।




मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता रेडीमेड गारमेंट्स मार्किट गांधी नगर स्थित अशोक बाजार में 'वस्त्रिका-2025' में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं।

## एक नजर

### जश्न-ए-अदब साहित्योत्सव की 14वीं वर्षगांठ का गवाह बनेगा 'वंदे मातरम'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** यह वर्ष अपने आप में बेहद खास है, क्योंकि यह अपने साथ सांस्कृतिक उमंग और देशभक्ति की खुशबू लेकर आया है। एक तरफ भारत अपनी स्वतंत्रता की 78वीं और वहीं दूसरी तरफ जश्न-ए-अदब साहित्योत्सव अपनी 14वीं वर्षगाँठ मना रहा है। इस अवसर पर जश्न-ए-अदब द्वारा श्वंदे मातरमश नामक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो साहित्य, संगीत, कला और संस्कृति के खूबसूरत संगम को दर्शाएगा। यह महोत्सव सिर्फ प्रस्तुतियों का आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर और नई पीढ़ी के बीच संवाद का एक जीवंत मंच बनकर उभरेगा। यह आयोजन 23 और 24 अगस्त, 2025 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली के ऑडिटोरियम और मल्टीपर्पज हॉल में होगा। खास बात यह है कि सभी के लिए प्रवेश नि:शुल्क है और इच्छुक लोग jashneadab.org पर रजिस्टर कर सकते हैं। इस महोत्सव में शास्त्रीय गायन, गजल और लोकसंगीत, सूफी और पारंपरिक गीत, कवि सम्मेलन, मुशायरा, पैनल चर्चाएँ, नाट्य और नृत्य प्रस्तुतियाँ आकर्षण का केंद्र होंगी। हर प्रस्तुति में दर्शकों को न सिर्फ मनोरंजन मिलेगा, बल्कि भारतीय संस्कृति की गहनता और उसकी विविधता का अनुभव भी होगा।

### हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित



**नई दिल्ली।** निगम कर्मचारियों में भाषा के प्रति अभिरुचि तथा रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से दिल्ली नगर निगम, राजभाषा विभाग द्वारा आज हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में निगम कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभागियों के लिए हिन्दी भाषा से सम्बन्धित एक परीक्षा आयोजित की गयी। निर्णायक मंडल द्वारा रचनात्मकता, अभिव्यक्ति की स्पष्टता, भाषा की शुद्धता एवं मौलिकता के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने हेतु पुरस्कार निर्धारित किए गए हैं। इसमें प्रथम पुरस्कार 4000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 3000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 2000रुपये, चतुर्थ पुरस्कार के लिए 800 रुपये दिए जायेंगे। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में भाषा ज्ञान, लेखन कौशल एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इसी बात को दृष्टिगत करते हुए दिल्ली नगर निगम द्वारा समय समय पर हिन्दी भाषा के प्रोत्साहन के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।

### जेएनयू की लाइब्रेरी में अत्याधुनिक प्रवेश प्रणाली को लेकर टकराव

**नई दिल्ली।** जेएनयू की डॉ. बी आर आंबेडकर सेंट्रल लाइब्रेरी में बाहरी छात्रों को प्रवेश देने से रोकने के लिए अत्याधुनिक प्रवेश प्रणाली लगाने को लेकर टकराव हो गया है। जेएनयू छात्र संघ के पदाधिकारी प्रवेश प्रणाली को लेकर आमने-सामने हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की डॉ. बीआर अंबेडकर सेंट्रल लाइब्रेरी में अत्याधुनिक प्रवेश प्रणाली लगाने को लेकर हंगामा हुआ है। मशीन लगाने के समय विवाद हुआ है। बताया जा रहा है कि इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष नीतीश कुमार के पैर में चोट लग गई। मशीन लगाने से रोकने के दौरान गेट का शीशा टूटकर पैर में लगा है। दिल्ली पुलिस कैंपस में पहुंची। हाल में लाइब्रेरी के रीडिंग रूम में टेबल पर जातिसूचक और आपत्तिजनक शब्द लिखने का मामला सामने आया था। जिसमें दो पूर्व छात्रों के दोषी मिलने पर उनके परिसर में आने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

# गीतांजलि फाउंडेशन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गीतांजलि फाउंडेशन ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर सनातन परंपरा और भारतीय संस्कृति का अनोखा संगम प्रस्तुत किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामदास आठवले, केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री, भारत सरकार ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि "गीतांजलि फाउंडेशन जैसे संस्थान समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रहे हैं। संस्कृति और परंपरा से जुड़े ऐसे आयोजन समाज को नई दिशा और प्रेरणा देने वाले होते हैं।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जितेन्द्र सिंह शुंटी, पूर्व विधायक, दिल्ली विधानसभा ने भी उपस्थिति दर्ज कराई और फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना की।

यह आयोजन केवल मनोरंजन का माध्यम ही नहीं रहा, बल्कि समाज में समरसता, प्रेरणा और संस्कृति की गहराई को स्थापित करने वाला एक महत्वपूर्ण प्रयास भी साबित हुआ। मुख्य अतिथी - मा. रामदासजी आठवले साहेब. सामाजिक न्याय मंत्री भारत सरकार. पदमश्री जितेंदर सिंह शंटी, विजयलक्ष्मी, मॉडेल एवम सिलिब्रिटी. आस्था माँ - हिंद शेरनी,,आंतरराष्ट्रीय महामंडलेश्वर किन्नर आखाडा स्वामी डॉ. वैष्णवी जगदंबा नंदगिरी, महामंडलेशवर ओमेगा नंदगिरी महाराज, सोनिया चौहान ,महा मंडलेशवर अवधेश आनंदजी, जैन समाज सेविका, परमपूज्य बाबा हरिदासजी महाराज, कथा वाचक कृष्ण कुमार शास्त्री, पॅरा टेनिस प्लेअर जितेंद्र कुमार गुप्ता, केअर इंडिया हेल्थ केअर संचालक आनंद सरोनगी, मेकअप आर्टिस्ट सुमन - उनके सहयोगी, सचिन रणसिंग, सामाजिक कार्यकर्ता एवंम पत्रकार महाराष्ट्र प्रोग्राम में शामिल हुए।

## जुआ रैकेट का भंडाफोड़ 12 को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस के स्पेशल स्टाफ और वसंत विहार थाने की संयुक्त टीम ने एक बड़े जुआ रैकेट का भंडाफोड़ कर मास्टरमाइंड सहित बारह जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से कुल १५,३२,५०० रुपये की दांव राशि, ताश के पत्तों के १३ पैकेट, १० पासे और एक चमड़े का डिब्बा बरामद किया है। छह आरो. पियों की पहले भी आपराधिक संलिप्तता रही है। जिला पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने बताया कि संगठित अपराध, विशेष रूप से उच्च दांव वाले अवैध जुए के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए, दक्षिण-पश्चिम जिले की टीमों को जुआ अड्डों की पहचान करने और उन्हें निष्क्रिय करने के प्रयासों को तेज करने का निर्देश दिया।

# करोल बाग में रात 11 बजे तक कमर्शियल गाड़ियों की नो एंट्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने करोल बाग बाजार क्षेत्र में सुबह ७ बजे से रात १० बजे तक वाणिज्यिक वाहनों की एंट्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का सख्त निर्देश जारी किया है। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने पुलिस आयुक्त और परिवहन आयुक्त को व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा कि वर्ष २०१८ के कोर्ट के आदेश का कड़ाई से पालन हो। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने टिप्पणी की। कहा, पुलिस और परिवहन विभाग की अब तक की कार्रवाई अपर्याप्त रही है। अदालत ने कहा कि करोल बाग बाजार में लोडिंग-अनलोडिंग और पार्किंग नियमों का उल्लंघन स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। कोर्ट ने हाल के फैसले का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि ई-रिक्शा और ई-कार्ट सहित सभी वाणिज्यिक वाहनों की लोडिंग-अनलोडिंग और पार्किंग पर तय समयावधि में रोक है। इसका कड़ाई से अनुपालन जरूरी है। सुनवाई के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने बताया, बाजार में भीड़ नियंत्रण के लिए बूम बैरियर और एएनपीआर कैमरे लगाने का प्रस्ताव अगस्त २०२४ में सार्वजनिक निर्माण विभाग को भेजा गया था।

## खेत में युवक का लावारिस हालत में शव पड़ा मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अलीपुर स्थि खेत में शुक्रवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर बाबू जगजीवन राम अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस मामला दर्ज करके शव की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

जानकारी के मुताबिक अलीपुर पुलिस को रमजानपुर गांव के शेक नंबर २० स्थित खेतों में एक युवक का गली सड़ी हालत में शव पड़े होने की जानकारी मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। शव करीब चार से पांच दिन पुराना था। जिसकी पहचान करना काफी मुश्किल था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आसपास के रहने वालों और दिल्ली से हरियाणा थाना पुलिस से संपर्क करके शव की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। पिछले कुछ समय से लापता युवकों के बारे में भी पता लगाने और उनके परिजनों से संपर्क करने की कोशिश की जा रही है।




निगम के 'दिल्ली को कूड़े से आजादी' अभियान के तहत शाहदरा उत्तरी जोन में सांसद मनोज तिवारी पौधारोपण करते हुए।

# शाहदरा उत्तरी जोन में स्वच्छता अभियान आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने आज "दिल्ली को कूड़े से आजादी" अभियान के अंतर्गत शाहदरा उत्तर जोन में व्यापक क्लीन-अप ड्राइव आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सांसद मनोज तिवारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर निगम की वार्ड समिति के चेयरमैन पुनीत शर्मा, डिप्टी चेयरमैन मुकेश बंसल, पार्षद रितेश सुजी तथा शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के उपायुक्त, अभिषेक कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे। अभियान की शुरुआत विभिन्न स्थानों से की गई, जिनमें झील पार्क (केशव चौक), लेप्रोसी होम कॉम्प्लेक्स (ताहिरपुर), एमसीडी प्राइमरी स्कूल (नंद विहार) और डीएम ऑफिस (नंद नगरी) शामिल थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में निगम अधिकारी, कर्मचारी, स्कूल के बच्चे और स्थानीय निवासी उत्साह पूर्वक शामिल हुए और स्वच्छता का संदेश दिया।

इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत का जो सपना दिखाया है, उसे पूरा करने के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा। स्वच्छता केवल सरकार या निगम की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। आज का यह अभियान संदेश देता है कि यदि हम सब मिलकर कदम उठाएँ तो दिल्ली को गंदगी और कूड़े से पूरी तरह मुक्त किया जा सकता है।

# रंगारंग कार्यक्रम संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अब्या प्रोडक्शन का शो '10 कदम आगे' सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस शो का आगाज दीप प्रज्वलित से हुआ जिसमें अब्या प्रोडक्शंस के सीईओ योगेश मलिक और अब्या प्रोडक्शंस की मैनेजिंग डायरेक्टर बब्लि मलिक, मुख्य अतिथि जितेंद्र सिंह शंटी जो कि जाने-माने राजनेता और समाजसेवक हैं और अब्या प्रोडक्शन की पूरी टीम उपस्थित थे। शो में आए हुए अन्य बड़े अतिथि के रूप में अरुण कुमार ओझा जो कि फिल्म निर्माता और कलाकार हैं, एजी ग्रुप के फाउंडर गौरव गोयल, इंदरजीत कौर, कल्याण ट्रस्ट एनजीओ से आदि उपस्थित थे। शो को सफल बनाने में शो की टीम का बहुत बड़ा सहयोग रहा, उपमा दुआ जो कि एक फेमस एंकर और कलाकार, साथ ही अब्या प्रोडक्शंस की चीफ बिजनेस ऑफिसर हैं, जिन्होंने मंच का संचालन बहुत अच्छे से किया, वि.एल प्रोडक्शंस की सीईओ शालू राठी, शो की मेंटोर थीं।



साथ में दिल्ली पुलिस क्राइम ब्रांच से रवि राठी, गैलेक्सी प्रोडक्शंस के शफीक उर रहमान, पवन आर्ट ग्रुप से पवन शर्मा , श्री बालाजी प्रोडक्शन हाउस से धर्मेंद्र तोमर जी शो के सपोर्टर्स रहे। इन सभी की मेहनत से ये शो सफल हुआ है। इस शो का उद्देश्य सभी सिंगर्स को एक बड़ा प्लेटफॉर्म देने का था, जो लाजपत भवन में आयोजित किया गया।

## लापता बच्चा आवास गृह से तलाशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने ऑपरेशन मिलाप के तहत लापता एक नौ साल के बच्चे को उसके परि. जनों से मिलवाया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते सोमवार को शाहबाद डेयरी इलाके से एक नौ साल का बच्चा लापता हुआ था। इंस्पेक्टर मनोज दहिया के निर्देशन में पुलिस टीम ने बच्चे के परिजनों से संपर्क किया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। कई संदिग्ध फोन की सीडीआर की जांच की और छापेमारी की। मैन्युअल प्रयासों के आधार पर, बच्चे को बाल सहयोग आश्रम, कनॉट प्लेस से तलाशकर परि. जनों को सौंप दिया।

# आर्थिक समावेशन और लचीलापन के नए मार्ग पर राष्ट्रीय संवाद आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** ट्रिकल अप ने सरकारी विभागों, नागरिक समाज, कॉर्पोरेट जगत और विकास साझेदारों के सहयोग से इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में "आर्थिक समावेशन और लचीलापन के नए मार्ग" विषय पर एक राष्ट्रीय संवाद का आयोजन किया। इस संवाद में वरिष्ठ नीति-निर्माताओं, विकास क्षेत्र के विशेषज्ञों, दानदाता संस्थाओं, शिक्षाविदों और समुदाय प्रतिनिधियों ने भाग लिया और गहन चर्चा की।

कार्यक्रम की शुरुआत ट्रिकल अप के एशिया क्षेत्रीय निदेशक सुषांत वर्मा के स्वागत संबोधन से हुई। इसके बाद ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की संयुक्त सचिव, स्मृति शरण ने मुख्य वक्तव्य दिया। उन्होंने समावेशन, नवाचार और बहु-आयामी साझेदारी के प्रति सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

श्रीमती शरण ने कहा, "यह संवाद एक बेहद महत्वपूर्ण समय पर हो रहा है। चरम गरीबी 16% से घटकर 2% रह गई है, जिससे करीब 17 करोड़ लोग अभाव से बाहर निकले हैं। मनरेगा के माध्यम से ३ अरब मानव-दिवस का रोजगार और संपत्तियां निर्मित हुईं, जिसने ग्रामीण भारत की लचीलापन क्षमता को मजबूत किया।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## दो अपराधी एनकाउंटर में पकड़े

**लोनी।** थाना लोनी पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले दो अभियुक्तों को मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने दो अवैध तमंचे, दो खोखा कारतूस, दो जिंदा कारतूस और एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की है। यह घटना निठौरा अंडरपास के पास हुई, जहां पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी। पुलिस के अनुसार, निठौरा की ओर से मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वे रुके नहीं और भागने लगे। पुलिस ने उनका पीछा किया तो अभियुक्तों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग शुरू कर दी।

### मोदीनगर व मुरादनगर क्षेत्र में 49 बीघा में विकसित की जा रही

# अवैध कॉलोनियों पर चला बुलडोजर

- **कालोनाइजर के साइट ऑफिस और सड़क की ध्वस्त**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** उपाध्यक्ष द्वारा दिये गये सख्त निर्देशों के क्रम में शुक्रवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में ब्रजवीर सिंह उर्फ बबलू पुनिया पुत्र स्व0 रामपाल सिंह द्वारा राजस्व ग्राम-बिसोखर, तहसील मोदीनगर, गाजियाबाद के खसरा सं0-18, 17, 04 व 01, पर लगभग 15000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में, देवेन्द्र, नितिन कुमार, रविन्द्र, सचिन आदि द्वारा राजस्व ग्राम-भिक्कनपुर, मुरादनगर, गाजियाबाद के खसरा सं0-471, 472, 473, पर लगभग 6000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में, नरेन्द्र, रविन्द्र पुत्रगण स्व0 मंशाराम राजस्व ग्राम- भिक्कनपुर मुरादनगर गाजियाबाद के खसरा सं0-407 व 408, पर लगभग 10000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में एवं हेमलता पत्नी नरेन्द्र गर्ग एवं योगेश शर्मा, दिनेश शर्मा आदि द्वारा राजस्व ग्राम- भिक्कनपुर, दुहाई, मुरादनगर, गाजियाबाद के खसरा सं0-475 पर लगभग 18000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में अवैध रूप से विकसित की जा रही कालोनियों में सड़क, बाउण्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया है। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान अवैध निर्माणकर्ताओं द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्यवाही के द्वारा नियन्त्रित करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई।

प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा लोगो को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति प्राप्त किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नही जायेगा।

उपरोक्त अनाधिकृत रूप से किये गये निर्माण के विरूद्ध सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

## पुलिस ने किया हत्यारोपियों को गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** गदाना गांव में 2 दिन पूर्व स्वाति की हत्या के आरोप में नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

पत्रकार वार्ता में एसीपी मोदीनगर अमित सक्सेना ने बताया कि 19 अगस्त को गदाना में 22 वर्षीय स्वाति उर्फ शिवानी की गला काटकर हत्या कर दी गई थी ,मृतका के भाई की शिकायत पर पुलिस ने मृतका के पति व ससुरालियों पर दहेज के लिए हत्या करने का मुकदमा दर्ज कराया था।

पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी,इसी के चलते शुक्रवार को पुलिस ने मृतका के पति व सास ससुर को मोदीनगर बस स्टैंड से गिरफ्तार कर लिया। मृतका के पति जितेंद्र कुमार ने झगड़ा होने पर 19 अगस्त को चाकू मारकर स्वाति की हत्या करना स्वीकार कर लिया।

जितेंद्र के पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू व मृतका स्वाति का मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। तीनो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

## बार एसोसिएशन मोदीनगर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** शुक्रवार को मोदीनगर तहसील परिसर स्थित मीटिंग हॉल शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बार एसोसिएशन मोदीनगर की नवनिवार्चित सदस्यों को पद और गोपनियता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में बार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के चेयरमेन शिव किशोर गौड़, ग्रामीण न्यायालय के न्यायाधीश संतनाम सिंह यादव, तहसीलदार मोदीनगर रजत सिंह व न्यायिक तहसीलदार मोदीनगर अरूण अग्रवाल, सब रजिस्ट्रार मोदीनगर भरत कुमार व बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा व सचिव अमित नेहरा एडवोकेट व मोदीनगर पालिका परिषद के चेयरमेन विनोद वैशाली जी उपस्थित रहें।

इस मौके पर ग्रामीण न्यायालय मोदीनगर के न्यायाधीश संतनाम सिंह यादव ने बार एसोसिएशन मोदीनगर की नई कार्यकारीणी को पद व गोप. नीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण कार्यकारीणी में मुख्य रूप से अध्यक्ष जगवीर सिंह, सचिव नकुल त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश कुमार, मीडिया प्रभारी राजकुमार चौधरी, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अजित कुमार, कोषाध्यक्ष देवेश शर्मा, सहसं. चव अरूण कुमार सहित राज. कुमार गुप्ता, उत्तम कुमार त्यागी, विशाल शर्मा आदि अधिवक्तागण ने शपथ ग्रहण की तथा बार एसोसिएशन के सभी अधिवक्तागण उक्त कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## लोनी गैंगरेप पीड़ितास को परिवार को मिला कांग्रेस का साथ

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर शुक्रवार को लोनी विधानसभा क्षेत्र के विकास नगर, नियर ज्ञान पब्लिक स्कूल मुखिया गेट पर कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल गैंगरेप पीड़िता के परिजनों से मिलने पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस के पूर्व महासचिव अकबर चौधरी ने किया। गौरतलब है कि 18 अगस्त को लोनी क्षेत्र की एक दलित युवती ने गैंगरेप की घटना से आहत होकर आत्महत्या कर ली थी। मृतका के परिजनों ने गाजियाबाद प्रशासन पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

## सौंदा से कौशांबी की बस सेवा शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से मोदीनगर विधानसभा के ग्राम सौंदा से कौशांबी के लिए बस सेवा शुरू की गई है, जिसका उद्घाटन फीता काटकर व बस को हरी झंडी दिखाकर विधायक डॉ मंजू सिवाच व भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नीरज त्यागी ने संयुक्त रूप से कियाद्य उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के अधिकारी, ग्राम प्रधान, ग्रामवासी आदि की उपस्थिति रही। बता दें कि यह बस सेवा ग्राम सौंदा से शुरू होकर पेंगा, निवाड़ी, याकूतपुर मवी आदि दर्जनों गांवों व निवाड़ी रोड और कौशांबी के रूट पर पड़ने वाले स्कूल-कॉलेज आदि को जोड़ते हुए मोदीनगर से होते हुए कौशांबी डिपो तक जाएगीद्य इस बस सेवा के माध्यम से इस क्षेत्र के नौकरी करने वाले सैकड़ो युवाओं व कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को इसका भरपूर लाभ मिलेगा द्य नीरज त्यागी ने बताया कि भाजपा सरकार गावों को शहर से जोड़ने के लिए कृत संकल्प है और इस बस सेवा से मोदीनगर क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास में इसका योगदान रहेगा।

## पीड़ित परिवार से मिले पूर्व पालिका अध्यक्ष मनोज धामा

**लोनी।** लोनी क्षेत्र में दलित समाज की बेटी के साथ हुई हैवानियत ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। इस घटना ने सभी के मन में कई प्रश्न भी खड़े कर दिए हैं। इस दर्दनाक घटना से आहत पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनोज धामा पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने न सिर्फ पीड़ित परिवार को दिलासा दी बल्कि न्याय दिलाने की भी बात कही। पीड़ित परिवार से मुलाकात के दौरान उन्होंने गहरा शोक प्रकट किया और प्रशासन के आला अधिकारियों से फोन पर बात कर पीड़ित परिवार को कम से कम 50 लाख रुपये की आर्थिक मदद दिलाने तथा दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग की।

## तकनीकी खराबी से यात्रियों की धड़कनें रुकी

- **पायलट और क्रू ने संयम बनाए रखा और सभी यात्रियों को लगातार भरोसा दिलाते रहे कि सब नियंत्रण में है**

**गाजियाबाद।** हवाईअड्डे पर शनिवार की सुबह अचानक आई तकनीकी खराबी ने यात्रियों और हवाईअड्डा अधिकारियों की धड़कनें बढ़ा दीं। विमान को सुबह 10:50 बजे उतरना था, लेकिन निर्धारित समय पर वह सुरक्षित नहीं उतर सका। पायलट को तकनीकी दिक्कत का सामना करना पड़ा, जिसकी वजह से विमान लगभग 20 मिनट तक हवा में ही चक्कर लगाता रहा। इस दौरान यात्रियों में घबराहट का माहौल बना रहा और कई लोगों ने आपातकालीन कॉल तक कर दिए।

यात्रियों के अनुसार, विमान के लैंडिंग गियर और नेविगेशन सिस्टम में परेशानियां उत्पन्न होने लगी थी। हालांकि पायलट और क्रू ने संयम बनाए रखा और सभी यात्रियों को लगातार भरोसा दिलाते रहे कि सब नियंत्रण में है।

विमान के सुरक्षित उतरते ही यात्रियों ने जोरदार तालियों से पायलट और स्टाफ का हौसला बढ़ाया। हवाईअड्डे पर मौजूद आपातकालीन सेवाओं ने तुरंत मोर्चा संभाला और यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। सौभाग्य से किसी भी यात्री को कोई चोट नहीं आई।

नागरिक उड्डयन महानिद. ेशालय ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तत्काल जांच के आद. ेश दिए हैं। प्रारंभिक जानकारी में समस्या के सटीक कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी विश्लेषण के बाद ही यह साफ हो पाएगा कि विमान में दिक्कत किस वजह से आई।

यह घटना एक बार फिर हवाई सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े करती है। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसे मामलों से यात्रियों में भय बढ़ता है और एयरलाइंस को अपने तकनीकी जांच-प्रक्रिया को और मजबूत करना चाहिए। हालांकि राहत की बात यह रही कि पायलट की सूझबूझ और हवाईअड्डे की तत्परता ने एक बड़े हादसे को टाल दिया।

## रोटरी क्लब मोदीनगर ने किया विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** रोटरी क्लब मोदीनगर द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर, फरीदनगर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कन्या पूजन, पुरस्कार वितरण एवं कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया।

शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए क्लब ने 10 विद्यार्थियों की वार्षिक शुल्क सहयोग हेतु योगदान दिया। इस पुनीत कार्य में आभाष कंसल, अजय गोयल, प्रमोद तंवर अनिल सामंत अनिल सेन, सचिन गुप्ता, अक्षय सिंघल, धर्मेश शर्मा व मुकेश गोयल का सहयोग रहा।




कार्यक्रम की मुख्य विशेषता कंप्यूटर लैब का उद्घाटन एवं कन्या पूजन रहा। इस लैब हेतु 10 कंप्यूटर रोटरी क्लब मोदीनगर के अध्यक्ष रोट. अजय गोयल द्वारा भेंट किए गए, जिसमें सचिव रोट. मुकेश गोयल का विशेष सहयोग रहा। अध्यक्ष रोट. अजय गोयल ने कंप्यूटर लैब के दीर्घकालीन रखरखाव का आश्वासन देते हुए यह संकल्प लिया कि क्लब आगे भी "तकनीकी शिक्षा" को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा।

कार्यक्रम शिक्षकों एवं वरिष्ठजनों के आशीर्वाद से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डी.जी. रवी बाली, पी.डी.जी. दीपक गुप्ता, डी.डी. जेड. मनीष गर्ग, सीमा गुप्ता जी, एस.सी. मित्तल, विनीत अग्रवाल, अखिलेंद्र गटग, हरिकिशन अग्रवाल, परवीन गुप्ता, शलभ सिंघल, आलोक गुप्ता, ललित कुमार जी आदि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## भगवान परशुराम वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संजय नगर सेक्टर 23 में भगवान परशुराम मंदिर द्वितीय वार्षिक उत्सव श्री परशुराम ब्राह्मण एकता मंच के मुख्य संरक्षक डॉक्टर संजीव शर्मा के द्वारा समस्त ब्राह्मण समाज के नेतृत्व में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।



डॉक्टर संजीव शर्मा ने बताया कि भगवान परशुराम विष्णु जी का छठा अवतार है और और हमेशा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए न्याय और धर्म की रक्षा के लिए शक्ति का सदुपयोग करने के लिए अपने कर्तव्यों का निर्माण करने के लिए और शास्त्र और शास्त्र का अध्ययन करने के लिए पूरी दुनिया का भ्रमण किया परशुराम जी ने सभी को आशीर्वाद दिया इस कार्यक्रम के संयोजक श्री परशुराम ब्राह्मण एकता मंच के अध्यक्ष पंडित हरीश शर्मा और पीकू पंडित रहे इस मौके पर अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी अध्यक्ष जीके गॉड महानगर अध्यक्ष पंडित सुभाष शर्मा वार्ड 67 के पंडित अजय शर्मा वार्ड 71 के पार्षद उमेश पप्पू नगर वार्ड 53 से पार्षद पति राजू चौधरी पूर्व पार्षद मनोज चौधरी संयोजक आरके शर्मा मनोज पंडित पार्षद राजू शर्मा मोदीनगर से पूर्व रामाश्रय शर्मा राजू उर्फ दरोगा पंडित नानक चंद शर्मा अंबुज पंडित आदित्य पंडित कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध शर्मा विष्णु दुबे संजय नगर व्यापार मंडल के चेयरमैन प्रदीप अध्यक्ष विपिन गोयल समाजसेवी सुंदर चौधरी व्यापार मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजा त्यागी शास्त्री नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कुंवर पाल चौधरी धीरेंद्र पंडित गजेंद्र पंडित मोनू पंडित विष्णु पंडित एडवोकेट गौरव शर्मा पंडित रघुराज शर्मा वरिष्ठ समा. जसेवी वीके अग्रवाल सुरेंद्र त्यागी शिवकुमार शर्मा राम तिवारी सुरेंद्र शर्मा गौरीशंकर वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष हरपाल चौधरी संदीप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## गाजियाबाद पुलिस को मिली बड़ी सफलता, फरार चल रहा आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** पुलिस ने एक सनसनीखेज हत्या का पर्दाफाश करते हुए फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने अपने रिश्ते में चाचा की नशे में बेरहमी से हत्या कर शव को नाले में फेंक दिया था। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेलवे रोड से 34 वर्षीय उमेश उर्फ अर्जुन पुत्र विन्धादीन को गिरफ्तार किया है। आरोपी मूल रूप से अमेठी का रहने वाला है और रिछपालपुरी, गाजियाबाद में किराए के मकान पर रह रहा था। एसीपी कोतवाली नगर रितेश त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि 10 अगस्त 2025 को उसने अपने दूर के चाचा राकेश के साथ शराब पी थी। नशे की हालत में दोनों के बीच गाली-गलौज और झगड़ा हो गया था। झगड़े के दौरान आरोपी उमेश ने राकेश का सिर पकड़कर दीवार से जोर से टकराया और फिर पास में पड़ी ईंट से उसके सिर पर तीन-चार वार कर दिए।

इस हमले से राकेश की मौके पर ही मौत हो गई। हत्या गाजियाबाद पुलिस के बाद आरोपी ने शव को कम्बल में लपेटकर कमरे के दीवान में छिपाया और देर रात लगभग तीन बजे शव को चादर में लपेटकर छत से घर के पीछे के नीचे नाले में फेंक दिया। इसके बाद वह फरार हो गया और हरिद्वार, ऋषिकेश, मथुरा और फरीदाबाद में छिपता रहा।

इस दौरान आरोपी छोटे-मोटे कम कर अपना गुजारा कर रहा था और मोबाइल फोन का इस्तेमाल भी नहीं कर रहा था लेकिन पुलिस मैन्युअल इंटेलिजेंस, और सीसीटीवी फुटेज, सर्विलेंस के जरिए आरोपी तक पहुंच गई जिसे गिरफ्तार किया गया है।पुलिस ने इस मामले में आरोपी की निशानद. ेही पर हत्या में प्रयुक्त ईंट, खून से सना कम्बल और तौलिये का टुकड़ा बरामद किया है। आरोपी पर थाना कोतवाली नगर में मुकदमा संख्या 350/2025 धारा 103(1), 238 बीएनएस के तहत केस दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## दीपक वत्स बने राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रदेश महामंत्री



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** नगर के सीकरी रोड निवासी पूर्व सभासद दीपक वत्स को राष्ट्रीय परशुराम परिषद का उत्तर प्रदेश का प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया गया है। उनका मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुनील भराला की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष अशोक शर्मा ने किया है।

दीपक वत्स ने इस मनोनयन के लिए संस्था के पदाधिकारियों का आभार जताया व सदा संगठन के नियमो पर चलने का आश्वासन दिया। दीपक वत्स को मिले इस सम्मान की जानक. ारी मिलते ही क्षेत्र के लोगो ने उन्हें बधाई दी।

## पूरे परिवार पर दबंगों का हमला, पुलिस पर गंभीर आरोप

**गाजियाबाद।** लोनी क्षेत्र में दबंगई का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। स्थानीय निवासी मेहताब ने आरोप लगाया है कि उनके परिवार पर दबंगों ने जान से मारने की नीयत से हमला किया, जिसमें उनके पिता की हालत गंभीर बनी हुई है और वे जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। वहीं खुद मेहताब को भी गंभीर चोटें आई हैं, लेकिन पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठते हुए अब तक न तो उनका मेडिकल कराया गया है और न ही आरोपियों की गिरफ्तारी की गई है। मेहताब का कहना है कि बीते दिनों दबंग किस्म के लोगों ने किसी पुरानी रंजिश के चलते उनके परिवार को निशाना बनाया। हमला इस कदर खतरनाक था कि उनके पिता को बुरी तरह पीटा गया और उन्हें गंभीर चोटें आईं। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि हमला जान से मारने की नीयत से किया गया था। वहीं, मेहताब खुद भी हमले में बुरी तरह घायल हो गए। उन्होंने बताया कि उनके शरीर पर गहरी चोटें आई हैं और लगातार दर्द व परेशानी बनी हुई है।

पीड़ित परिवार का सबसे बड़ा आरोप पुलिस प्रशासन पर है। मेहताब का कहना है कि घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई, लेकिन इसके बावजूद पुलिस ने न तो उनका मेडिकल परीक्षण करवाया और न ही अब तक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इससे साफ जाहिर होता है कि दबंगों के हौसले कितने बुलंद हैं और पुलिस किस हद तक लापरवाह बनी हुई है। परिवार का कहना है कि घटना के बाद से पूरा घर सहमा हुआ है। दबंग खुलेआम इलाके में घूम रहे हैं और बार-बार धमकी दे रहे हैं कि अगर मामले को आगे बढ़ाया गया तो पूरा परिवार गंभीर परिणाम भुगतेगा। ऐसे में परिवार में डर और असुरक्षा का माहौल है। मेहताब ने प्रशासन से गुहार लगाते हुए कहा कि अगर समय रहते निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो परिवार को न्याय मिलना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने मांग की है कि सबसे पहले उनका और उनके पिता का उचित मेडिकल कराया जाए, ताकि घटना की सच्चाई दर्ज हो सके और उनके पिता को बेहतर इलाज मिले। साथ ही उन्होंने मांग की कि दोषियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## विधायक ने किया ग्राम रोरी में लाइब्रेरी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रोरी में नव निर्मित लाइब्रेरी का उद्घाटन करने का अवसर प्राप्त हुआ। यह लाइब्रेरी निश्चित ही ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों, युवाओं एवं अध्ययनशील नागरिकों के लिए ज्ञान, अध्ययन और प्रेरणा का केंद्र बनेगी तथा शिक्षा की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।




उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत आयोजित ग्राम जन चौपाल में सम्मिलित होकर ग्रामवासियों से संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुना। ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत बिंदुओं को संज्ञान में लेते हुए आश्वस्त किया गया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा ग्राम का समग्र विकास तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक सक्रिय सहयोग और सहभागिता प्रदान करे। सभी के सामूहिक प्रयासों से ही एक विकसित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर ग्राम और विधानसभा क्षेत्र का निर्माण संभव है।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, बीडीओ पीयूष राय, अमित चौधरी, ग्राम प्रधान सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

**संबंध विच्छेद**

मैं अमर सिंह पुत्र टीकाराम निवासी- म. नं.- 1449, नई विकास नगर लोनी देहात जिला-गाजियाबाद अपने पुत्र सचिन को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखलकर सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। भविष्य में अपने कृत्यों का ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

## हवाओं के साथ हल्की बारिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कुछ इलाकों में शुक्रवार को बारिश शुरू हुई। जिससे उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है। मौसम विभाग ने भी आज सामान्यतया बादल छाए रहने की बात कही थी। गरज वाले बादलों के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना जताई थी। बता दें इस साल दिल्ली में मानसून की वर्षा खूब हो रही है। अगस्त के मध्य में ही वर्षा का साल भर का कोटा भी पूरा हो चुका है। लेकिन चिपचिपी गर्मी से तब भी कोई राहत नहीं मिल रही। आलम यह है कि दिल्ली में इस साल अगस्त में वर्षा जहां ढाई दशक में सबसे ज्यादा रही है वहीं मानसून के दौरान उमस ने १७ वर्ष का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। मौसम विशेषज्ञों ने इसके पीछे कई कारण गिनाए हैं। मौसम विभाग के मुताबिक एक जून से १८ अगस्त तक दिल्ली में औसत आर्द्रता ७६.५ प्रतिशत रही, जो २००८ के ७८.१ प्रतिशत के बाद दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। यह दिल्ली के सामान्य मानसून की नमी (१९९१-२०२० का औसत ६७.२ प्रतिशत) से कहीं ज्यादा है।

# सीबीआई अधिकारी बनकर की थी बिल्डर के घर डकैती, महिला समेत दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के विवेक विहार इलाके में खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर बदमाशों ने बिल्डर के यहां करोड़ों की डकैती डाली। दो कारों में सवार होकर आए बदमाशों ने बिल्डर के दोस्त रवि शंकर और कर्मचारी दीपक महेश्वरी को बंधक बना लिया। आरोपियों ने इनकी पिटाई कर २.३० करोड़ की रकम लूट ली।

बाद में दोनों को अगवा कर अपने साथ ले गए। आरोपियों ने रवि शंकर को सीमापुरी इलाके में कार से उतार दिया। वहीं कर्मचारी दीपक को निगमबोध घाट, जमना बाजार उतारकर फरार हो गए। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामले में एक महिला समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर १.०८ करोड़ रुपये बरामद कर लिए हैं आरोपियों की पहचान असम निवासी महिला पापोरी बरुआ और तुगलकाबाद, दिल्ली नवासी दीपक के रूप में हुई है। पुलिस इनके बाकी साथियों की तलाश कर रही है। कई टीमों को आरोपियों की तलाश में भेजा गया है। पापोरी साकेत स्थित एक एनजीओ की सचिव बताई जा रही है। बाकी आरोपियों की भी पहचान कर ली गई है। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि इंदिरापुरम, गाजियाबाद निवासी मनप्रीत ने बुधवार को विवेक विहार थाने में डकैती की शिकायत दी थी। पीड़ित ने बताया कि इनका प्रॉपर्टी के अलावा फाइनेंस, बिल्डर व अन्य कारोबार है। अपने काम के लिए इन्होंने विवेक विहार इलाके में एक कोठी किराए पर ली हुई है।

पिछले ६-७ महीने में इन्होंने अपने कारोबार से करीब २.५० करोड़ रुपये कमाए थे। रकम इनके विवेक विहार स्थित घर पर रखी थी। यहां इनका कर्मचारी दीपक रहता है। मंगलवार शाम के समय इन्होंने अपने दोस्त रवि शंकर को घर से १.१० करोड़ रुपये इंदिरापुरम के घर लेने के लिए भेजा। रवि अपनी बाइक से वहां पहुंचा और रकम लेकर घर से निकला। तभी दो कार सवार सात-आठ लोगों ने रवि को घेर लिया। वह खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर रवि को पीटने लगे। वह जबरन रवि को विवेक विहार स्थित घर ले गए। वहां दीपक को भी बंधक बनाकर २.३० करोड़ की रकम लूट ली। इसके बाद आरोपी दोनों को अगवा कर ले गए। रास्ते में किसी को कुछ न बताने की बात कर उनको छोड़कर वह फरार हो गए।

सीबीआई की बात सुनकर मनप्रीत ने भी डर की वजह से कॉल नहीं की। अगले दिन वह हिम्मत जुटाकर थाने पहुंचे तो पुलिस ने जांच की। सीसीटीवी नंबर के आधार पर पुलिस ने दोनों कारों की पहचान की। इसके बाद टीम फरीदाबाद में उनके मालिकों और चालक तक पहुंची। पता चला कि दोनों कारों को साकेत की एक एनजीओ ने किराए पर मंगवाया था। टीम साकेत एनजीओ के दफ्तर पहुंची और वहां से पापोरी बरुआ और बाद में तुगलकाबाद से एक अन्य दीपक को दबोच लिया गया। इनके पास से एक करोड़ से ज्यादा की रकम बरामद की। बाकी रकम इनके साथी लेकर फरार हैं।

# दीवार फांदकर संसद भवन में घुसने वाले की हुई पहचान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में संसद भवन की सुरक्षा में चूक होने का एक बड़ा मामला सामने आया है। (शुक्रवार) को एक संदिग्ध शख्स दीवार फांदकर घुस गया। हालांकि, पुलिस ने आरोपी को गरुड़ द्वार के पास से दबोच लिया। उसकी पहचान उत्तर प्रदेश निवासी रामा (२० वर्ष) के रूप में हुई है।

वहीं, सूत्रों के हवाले से खबर है कि एक व्यक्ति पेड़ के सहारे दीवार फांदकर सुबह लगभग ६:३० बजे संसद भवन में घुस गया। रेलभवन की तरफ से दीवार कूदकर नई संसद भवन के गरुड़ द्वार तक पहुंच गया था। संसद भवन में मौजूद सिक्योरिटी ने आरोपी पकड़ लिया। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि पकड़े गए शख्स की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। बताया गया कि रेल भवन के पास हमेशा पीसीआर खड़ी रहती है। पीसीआर कर्मी ने देखा कि एक युवक दीवार फांद रहा है, दीवार की ऊंचाई वहां कम है। तब पीसीआर कर्मी उसे पकड़ने के लिए दौड़ा तो वह भागने लगा। शोर मचाने पर सीआईएसएफ ने उसे दबोच कर पुलिस को सौंप दिया। स्पेशल सेल, आईबी और अन्य एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं। बताया कि उसी दौरान गेट के पास घूम रहे एक अन्य को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। उससे भी पूछताछ की जा रही है।

# दिल्ली से किया बच्चे को अगवा, राजस्थान से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आनंद पर्वत इलाके में जितेंद्र कुमार (३२) नाम का युवक ने एक महिला के तीन माह के बच्चे को अगवा कर लिया। आरोपी ने महिला को बहाने से बच्चे का कपड़ा खरीदने के लिए दुकान में भेज दिया और मासूम को लेकर भाग गया।

पुलिस ने आरोपी युवक को राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है। मध्य जिला पुलिस उपायुक्त निधिन वाल्सन ने बताया कि १९ अगस्त को चेन्नई की रहने वाली एक महिला आनंद पर्वत थाने में अपने तीन माह के बच्चे के अगवा होने की शिकायत की। उसने बताया कि वह दिल्ली के आनंद पर्वत में रहने वाले एक रिश्तेदार से मिलने के लिए ट्रेन से आई थी। यात्रा के दौरान आरोपी जितेंद्र कुमार जो उसी कोच में सफर कर रहा था।

बातचीत के दौरान आरोपी ने महिला को रिश्तेदार के घर चलने के लिए कहा। रास्ते में वह एक कपड़े की दुकान पर रुका। उसने महिला को १५० रुपये दिए और बच्चे के लिए ड्रेस खरीदने के लिए कहा। उसने महिला से उसके बच्चे को अपने गोद में ले लिया और उसे दुकान में भेज दिया। जब महिला दुकान से बाहर आई तो आरोपी बच्चे समेत गायब था।

आनंद पर्वत थाना पुलिस ने आरोपी की पहचान के लिए एआई आधारित फेशियल रिकग्निशन सिस्टम का इस्तेमाल किया। इसकी मदद से पुलिस ने घटना के १८ घंटे बाद राजस्थान के खेतड़ी स्थित उसके पैतृक गांव से उसे पकड़ा।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके एक रिश्तेदार का कोई बच्चा नहीं है। उसने रिश्तेदार को बच्चा बेचने के लिए मासूम को अगवा किया था।



महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से "मॉसक्विटो टर्मिनेटर ट्रेन" को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

# सुप्रीम फैसले के बाद डॉग लवर्स को राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों को लेकर अपने आदेश में कहा कि दिल्ली और आसपास के इलाकों से जिन कुत्तों को उठाया गया है उन्हें नसबंदी और वैक्सीनेशन के बाद ही छोड़ा जाएगा। यह फैसला आवारा कुत्तों की आबादी नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास है। हालांकि अपने इस आदेश में अदालत ने उन लोगों की शंकाओं का भी समाधान किया है, जो आवारा कुत्तों की वजह से रेबीज की बीमारी फैलने को लेकर चिंतित हैं। अदालत ने अपने आदेश में सभी कुत्तों को छोड़ने का आदेश नहीं दिया है, बल्कि कोर्ट ने कहा है कि इस पूरी प्रक्रिया में दो तरह के कुत्ते नहीं आते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने २२ अगस्त के अपने फैसले में कहा है कि जिन कुत्तों को रेबीज है, उन्हें शेल्टर होम से नहीं छोड़ा जाएगा। अदालत ने उन कुत्तों को भी शेल्टर होम में रखने की बात कही है जो हिंसक प्रवृत्ति के हैं।

महीने की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि दिल्ली-एनसीआर में जितने भी आवारा कुत्ते हैं उन्हें शेल्टर होम में डाल दिया जाए।

## युवाओं को नशा देने वाली उद्घोषित अपराधी महिला पकडी

**नई दिल्ली।** युवाओं को नशा बेचने वाली एंक उद्घोषित अपराधी महिला काजल को अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से उसके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फरवरी २०२२ को,अपराध शाखा ने हसीना खातून उर्फ बाजी नाम की एक महिला को हेरोइन की अवैध बिक्री में शामिल होने पर गिरफ्तार किया था। उसके कब्जे से ३८७ ग्राम हेरोइन जब्त की थी। पूछताछ करने पर पालम गांव की रहने वाली काजल के बारे में पता चला था,जिससे उसने हेरोइन खरीदी थी। काजल को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पिछले साल ३१ जुलाई, २०२४ को, काजल को उसके बेटे की मृत्यु के कारण ४० दिनों की पैरोल दी गई। हालाँकि, उसने आत्मसमर्पण नहीं किया और १८ जुलाई, २०२५ को आधिकारिक तौर पर उसे उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया था। एसीपी उमेश बर्थवाल की देखरेख में इंस्पेक्टर योगेश और विनोद यादव के निर्देशन में पुलिस टीम ने हेड कांस्टेबल परमानंद की एक पुख्ता जानकारी के बाद डाबरी स्थित विजय एन्क्लेव के पास से गिरफ्तार कर लिया। वह दस वारदातों में शामिल रही है।

# बाहरी जिला पुलिस ने किया 'गुड टच और बैड टच' पर जागरूकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की बाहरी जिला पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग प्रकोष्ठ ने नाजुक पहल के अंतर्गत पीतमपुरा गाँव स्थित जीएसके आँगनवाड़ी में जागरूकता सत्र का आयोजन किया।

दिल्ली के बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में बच्चों को गुड टच और बैड टच के बीच के महत्वपूर्ण अंतर के बारे में सरल, संवादात्मक और बच्चों के अनुकूल तरीके से जागरूक किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिक्रिया दी, चर्चा में सक्रिय रूप से भाग लेने के साथ साथ अपने विचार साझा किए। इसके अलावा, महिलाओं के लिए 'घरेलू हिंसा रोकथाम' पर एक सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें उनके अधिकारों, उपलब्ध कानूनी उपायों और दुर्व्यवहार के विरुद्ध आवाज उठाने के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रतिभागियों ने मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम को सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक कदम बताया।

दिल्ली पुलिस की ऐसी पहल बच्चों की सुरक्षा और महिलाओं को जागरूकता, ज्ञान और साहस के साथ सशक्त बनाकर समाज के भविष्य की रक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है।



दिल्ली की बाहरी जिला पुलिस की सामुदायिक पुलिसिंग प्रकोष्ठ ने नाजुक पहल के अंतर्गत पीतमपुरा गाँव स्थित जीएसके आँगनवाड़ी में 'जागरूकता सत्र का आयोजन किया।

# महापौर ने किया मॉसक्विटो टर्मिनेटर ट्रेन को रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने उत्तर रेलवे के सहयोग से राजधानी में मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण पाने के लिए एक बड़ा अभियान शुरू किया। महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से "मॉसक्विटो टर्मिनेटर ट्रेन" को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन के जरिए रेलवे पटरियों के दोनों ओर ५०-६० मीटर के दायरे में एंटी-लार्वा दवाइयों का छिड़काव किया जाएगा। इसके लिए विशेष पावर स्प्रेयर युक्त ट्रक को रेलवे के वैगन पर रखा गया है, जिससे कठिन स्थानों तक एंटी लार्वा दवाई का आसानी से दवाई का छिड़काव किया जा सकेगा।। महापौर, सरदार राजा इकबाल ने कहा कि दिल्ली नगर निगम जनता के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति पूरी तरह समर्पित है। बारिश के कारण रेल पटरियों के आसपास अक्सर पानी जमा हो जाता है और वहीं से मच्छरों का प्रजनन शुरू होता है।

मॉसक्विटो टर्मिनेटर ट्रेन के जरिए व्यापक स्तर पर छिड़काव कर हम डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों को जड़ से खत्म करने का संकल्प लेकर चल रहे हैं। यह केवल एक ट्रेन नहीं बल्कि दिल्लीवासियों के स्वास्थ्य की रक्षा की हमारी ढाल है जिसके द्वारा उन जगहों पर भी छिड़काव किया जा सकेगा जहाँ पर मैन्युअली पहुंचना संभव नहीं है। दिल्ली नगर निगम के आयुक्त अश्विनी कुमार ने कहा कि एमसीडी और रेलवे का यह संयुक्त अभियान जनहित के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस संगठित प्रयास से लाखों लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम साफखसफाई और मच्छरों के उन्मूलन के कार्य को मिशन रूप में अंजाम दे रहा है। लेकिन यह अभियान तभी सफल होगा जब हर नागरिक इसमें भागीदार बने। उन्होंने दिल्ली की जनता से अपील करके कहा कि वे अपने घर और आसपास पानी जमा न होने दें, नियमित सफाई रखें और निगम की मुहिम में अपना सहयोग दें।

## दिल्ली में लगातार पांचवें दिन मिली बम की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बम की धमकी मिलने का सिलसिला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। लगातार पांचवें दिन बम की धमकी का ईमेल आया है। द्वारका सेक्टर-७ स्थित एक स्कूल को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली है। दिल्ली अग्निशमन सेवा को सुबह ७ बजे सूचना मिली और पुलिस व दमकल की टीमें मौके पर मौजूद हैं। इससे पहले दिल्ली के ५० से ज्यादा स्कूलों को गुरुवार को ई-मेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। इसके बाद पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने स्कूलों में तलाशी अभियान शुरू किया। हालांकि किसी भी स्कूल में किसी तरह की कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। काफी स्कूलों में बच्चों को घर भेज दिया गया था।बुधवार को दिल्ली के ५५ से ज्यादा स्कूलों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली थी।

# एनएमसी की गैर-डॉक्टर फैकल्टी नियुक्ति अधिसूचना पर नोटिस जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने यूनाइटेड डाक्टर्स फ्रंट की उस याचिका पर नोटिस जारी किया है, जिसमें नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा जारी अधिसूचना को चुनौती दी गई है। इस अधिसूचना के तहत एमबीबीएस पाठ्यक्रम के मूल विषयों एनाटामी, फिजियोलॉजी, बायोकेमिस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी और फार्माकोलॉजी में ३० प्रतिशत तक गैर-डाक्टर /पृएचडी) फैकल्टी की नियुक्ति की अनुमति दी गई है। मुख्य न्यायाधीश की पीठ ने कहा कि इस मामले पर शुक्रवार को सुनवाई होगी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता सत्याम सिंह राजपूत ने दलील दी कि यह अधिसूचना मेडिकल शिक्षा के मानकों को कमजोर करती है और एमबीबीएस, एमडी, एमएस डिग्रीधारी डॉक्टरों के करियर अवसरों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। याचिका में कहा गया है कि एमबीबीएस, एमडी, एमएस जैसे चिकित्सकीय रूप से प्रशिक्षित डॉक्टरों की तुलना गैर-चिकित्सकीय एमएससी व पीएचडी डिग्रीधारकों से करना शिक्षा मानकों को गिराता है। यह संविधान के अनुच्छेद १४ और २१ का उल्लंघन है। एनएमसी अधिनियम, २०१९ और कांपिटेंसी बेस्ड मेडिकल शिक्षा (सीबीएमई) पाठ्यक्रम की भावना के विपरीत है। इससे जनता के स्वास्थ्य के मौलिक अधिकार पर असर पड़ेगा।

याचिका में कोर्ट से मांग की गई है कि केवल चिकित्सकीय रूप से योग्य एमबीबीएस, एमडी, एमएस डाक्टरों को ही एमबी बीएस छात्रों को पढ़ाने के लिए नियुक्त किया जाए, ताकि मेडिकल शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे और नागरिकों के स्वास्थ्य के अधिकार की रक्षा हो सके।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**विशेष रेलगाड़ी की संचालन अवधि में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा दिल्ली जं.-हरिद्वार-दिल्ली जं. के बीच संचालित रेलगाड़ी सं. 04413/04414 की संचालन अवधि को 21.11.2025 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। यह रेलगाड़ी अब इसी नंबर सं. 04413/04414 के साथ दिल्ली जं.-शामली-दिल्ली जं. के बीच संशोधित समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी। इसका विवरण निम्नानुसार है :-

रेलगाड़ी सं. 04413/04414 दिल्ली जं.-शामली-दिल्ली जं. विशेष रेलगाड़ी की समय-सारणी

| रेलगाड़ी सं. 04413 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04414 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 16:25 | दिल्ली जं. | 10:00 | -- |
| 16:39 | 16:40 | दिल्ली शाहदरा | 09:30 | 09:31 |
| 16:46 | 16:47 | गोकुलपुर सबोली हाल्ट | 09:02 | 09:03 |
| 16:52 | 16:53 | नोली | 08:54 | 08:55 |
| 17:12 | 17:13 | खेकड़ा | 08:29 | 08:30 |
| 17:29 | 17:30 | बागपत रोड | 08:12 | 08:13 |
| 17:47 | 17:48 | बड़ौत | 07:49 | 07:50 |
| 17:57 | 17:58 | कासिमपुर खेड़ी | 07:31 | 07:32 |
| 18:13 | 18:14 | कांधला | 07:12 | 07:13 |
| 19:00 | -- | शामली | -- | 07:00 |

*नोट:- ट्रेन मौजूदा संरचना के साथ चलेगी।*

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे

आपकी सुविधा-हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

2570/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय:** श्री टावर्स, प्लॉट नंबर 14ए, साउथ फेज़ इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई 600 032
**शाखा कार्यालय:** प्लॉट नंबर 156, द्वितीय तल, एलन सोली शोरूम के ऊपर, राठौर नगर, वैशाली जयपुर 302021 वेबसाइट: www.shriramfinance.in

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

**यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार "श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड" को "श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड" के साथ समामेलित किया गया है। तत्पश्चात् "श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड" का नाम बदलकर "श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड" कर दिया गया, जो दिनांक 30.11.2022 को परिवर्तन के अनुसरण में निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से 30.11.2022 से प्रभावी हो गया।**

सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकस्ट्रक्शन ऑफ फाइनैंशियल एसेट्स एव इफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के अधीन और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया था जिसका विवरण नीचे तालिका में किया गया है जिसके तहत उक्त मांग सूचना पत्र में उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था। ऋणियों द्वारा धनराशि न चुकाए जाने पर, एतदद्वारा ऋणियों एवं सामान्य रूप से जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उन्हें दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए **21.08.2025** को नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति का कोई भी लेन-देन श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज के साथ है।

**उधारकर्ता का नाम और पता**

ऋण खाता RSSDLLP2209080008
1) मैसर्स ए एस एंटरप्राइजेज (उधारकर्ता) श्री विपिन कुमार जैन द्वारा प्रतिनिधि
पता -प्लॉट नंबर 39, सेक्टर-4, पॉकेट-एफ, बवाना औद्योगिक क्षेत्र, दिल्ली - 110039.
इसके अलावा: डी-32, प्रथम तल, सेक्टर-61, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201301.
2) श्री विपिन कुमार जैन (सह-उधारकर्ता/गारंटर)
डी-32, प्रथम तल, सेक्टर-61, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश - 201301
3) श्रीमति अतिशय जैन (सह-उधारकर्ता/गारंटर)
पता -डी-32, प्रथम तल, सेक्टर-61, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, प्रदेश - 201301
4) श्रीमति बरखा जैन (सह-उधारकर्ता/गारंटर)
पता- डी-32, प्रथम तल, सेक्टर-61, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, प्रदेश - 201301
सांकेतिक कब्जे की दिनांक - 21-08-2025 एनपीए- 05-5-2025

**डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि**

रु. 65,98,618/- (रु. पैंसठ लाख अट्ठानवे हज़ार छह सौ अठारह मात्र)दिनांक 07/05/2025 को ऋण संख्या के संदर्भ में RSSDLLP2209080008 लागत और शुल्क के साथ-साथ अतिरिक्त ब्याज भी।

**सम्पत्ति का विवरण**

दुकान नंबर- एफएफ-2, एफएफ-3, एफएफ-4 क्षेत्रफल एरिया 615 वर्ग फीट और दुकान नंबर एफएफ-5 और एफएफ-6 क्षेत्रफल 482 वर्ग फीट, इलेवन सी टावर, प्लॉट संख्या 11/11, कम्यूनिटी नंबर-सी, सेक्टर-11, वसुंधरा तहसील और जिला गाजियाबाद। उक्त सीमाएं:-
पूर्व: प्लॉट नंबर 11/जीएच-1 पश्चिम: प्लॉट नंबर 11 कम्यूनिटी/बी
उत्तर: 12 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण: प्लॉट संख्या 11/जीएच-3

सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

स्थान:- गाजियाबाद — एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक:- 22.08.2025 — श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड।

**श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय:** श्री टावर्स, प्लॉट नंबर 14ए, साउथ फेज़ इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई 600 032
**शाखा कार्यालय:** प्लॉट नंबर 156, द्वितीय तल, एलन सोली शोरूम के ऊपर, राठौर नगर, वैशाली जयपुर 302021 वेबसाइट: www.shriramfinance.in

**सांकेतिक कब्जा सूचना**

**यह सूचित किया जाता है कि एनसीएलटी, चेन्नई के आदेश के अनुसार "श्रीराम सिटी यूनियन फाइनेंस लिमिटेड" को "श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड" के साथ समामेलित किया गया है। तत्पश्चात् "श्रीराम ट्रांसपोर्ट फाइनेंस लिमिटेड" का नाम बदलकर "श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड" कर दिया गया, जो दिनांक 30.11. 2022 को परिवर्तन के अनुसरण में निगमन प्रमाणपत्र के माध्यम से 30.11.2022 से प्रभावी हो गया।**

सिक्योरिटाइजेशन एण्ड रिकस्ट्रक्शन ऑफ फाइनैंशियल एसेट्स एव इफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के अधीन और सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में, श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल) के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने ऋणियों को मांग सूचना पत्र जारी किया था जिसका विवरण नीचे तालिका में किया गया है जिसके तहत उक्त मांग सूचना पत्र में उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था। ऋणियों द्वारा धनराशि न चुकाए जाने पर, एतदद्वारा ऋणियों एवं सामान्य रूप से जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उन्हें दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए **21.08.2025** को नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति का कोई भी लेन-देन श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज के साथ है।

**उधारकर्ता का नाम और पता**

ऋण खाता RSSDLLP2301060022
1. मैसर्स काशीरा टेक्सटाइल्स कंपनी (उधारकर्ता)
अपने साझेदार श्री कयूम खान द्वारा प्रतिनिधित्व
पता- दुकान नंबर डब्ल्यूजेड-जे-220/17, भू-तल, विष्णु गार्डन, उत्तर पश्चिम दिल्ली-110018
इसके अलावा: डब्ल्यूजेड-जे-220/17, गाँव ख्याला, विष्णु गार्डन, नई दिल्ली-110018
2. श्री कयूम खान (सह-उधारकर्ता/गारंटर)
पता- एस-221/6, नंबर 23/20, विष्णु गार्डन, गली संख्या-7, दिल्ली, एक्सिस बैंक एटीएम के पास, दिल्ली-110018
3. श्रीमती रश्मि खान (सह-उधारकर्ता/गारंटर)
पता- एस-221/6, नंबर 23/20, विष्णु गार्डन, गली नंबर-7, दिल्ली, एक्सिस बैंक एटीएम के पास, दिल्ली-110018
सांकेतिक कब्जे की दिनांक - 21-08-2025
एनपीए- 4-5-2024

**डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि**

रू. 1,31,07,397/- (रू. एक करोड़ इकतीस लाख सात हज़ार तीन सौ सत्तानवे मात्र) दिनांक 16/04/2024 को ऋण संख्या के संदर्भ में RSSDLLP2301060022 लागत और शुल्क के साथ-साथ अतिरिक्त ब्याज भी।

**सम्पत्ति का विवरण**

प्लॉट नंबर 17 का हिस्सा, (एमपीएल नंबर डब्ल्यूजेड-जे/220/17, भूमि क्षेत्र 51.43 वर्ग मीटर, आरईसीटी नंबर-23 का हिस्सा, किला नंबर-21, ख्याला गांव, दिल्ली, राज्य दिल्ली आबादी की राजस्व संपदा में स्थित, जिसे विष्णु गार्डन, नई दिल्ली-110018 के रूप में जाना जाता है, उक्त प्लॉट के तहत फ्री होल्ड भूमि अधिकारों के साथ जो निम्नानुसार घिरा हुआ है: पूर्व-अन्य संपत्ति, पश्चिम-संपत्ति का भाग, उत्तर-अन्य की संपत्ति, दक्षिण-रोड 30 फीट।

सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।

स्थान:- नई दिल्ली — एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक:- 22.08.2025 — श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड।

# पुलिस ने चलाया पैदल गश्त व पेट्रोलिंग अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा आमजन में सुरक्षा का वातावरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में ज़िलें के सभी थाना प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्र में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।

इस दौरान पैदल गश्त के साथ ही सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस के इस अभियान में असामाजिक तत्वों में मचा हड़कंप मचा रहा। ज़िलें में अपराध नियंत्रण और जन सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ज़िलें के थाना हापुड़ नगर, थाना हापुड़ देहात, थाना बाबूगढ़, थाना सिंभावली, थाना गढ़मुक्तेश्वर, थाना बहादुरगढ़, थाना धौलाना, थाना कपूरपुर और थाना पिलखुवा पुलिस टीम द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में एसपी के निर्देशन में सघन चेकिंग और पैदल गश्त अभियान चलाया गया। अभियान की शुरुआत सुबह से ही क्षेत्र के चौराहों, बाजारों, स्कूलों और बस स्टैंड के आसपास की गई। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी, वाहनों के कागजातों की जांच और यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान की कार्रवाई की गई। ज़िलें में पुलिस ने स्पष्ट किया कि पुलिस के चेकिंग अभियान का उद्देश्य पुलिस की सक्रियता का एहसास कराना और आम जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। इस दौरान पुलिस टीम ने स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों से संवाद भी स्थापित किया, जिससे जनसहयोग की भावना भी देखने को मिली। व्यापारियों ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से क्षेत्र में अपराधियों



के हौसले पस्त होते हैं और जनता को सुरक्षा का भरोसा मिलता है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि क्षेत्र में यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शांति और कानून व्यवस्था में बाधा डालने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज हत्या में फरार हत्यारोपी पति व सास गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे हत्यारोपी पति व सास को चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र के बडौदा हिन्दुवान बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

थाना प्रभारी निरिक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे हत्यारोपी पति नवीन तोमर पुत्र स्व. तेजवीर सिंह निवासी ग्राम बडौदा हिन्दुवान थाना पिलखुवा जनपद हापुड और सास उर्मिला पत्नी स्व. तेजवीर सिंह निवासी ग्राम बडौदा हिन्दुवान थाना पिलखुवा जनपद हापुड को बडौदा हिन्दुवान बस स्टैण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# जीएस कॉलेज एंड हॉस्पिटल को 1130 बेड्स के लिए मिली मान्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में हापुड़ का नाम अब राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक प्रतिष्ठा प्राप्त कर गया है। जीएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को 1130 बेड्स के लिए नेशनल एक्रेडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स की मान्यता प्रदान की गई है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल करने वाला यह इस क्षेत्र का पहला अस्पताल है, जिससे जनपद और आसपास के जिलों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में और तेजी आएगी।

अस्पताल के सचिव डा. अंकित शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि यह उपलब्धि हमारे लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि एनएबीएच एक्रेडिटेशन अस्पताल की सेवाओं की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली का प्रमाण है। इसके मिलने से न केवल अस्पताल की पहचान मजबूत हुई है बल्कि हमें अपनी स्वास्थ्य सेवाओं को और आधुनिक व उत्कृष्ट बनाने की प्रेरणा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि जीएस मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल आज सुपर स्पेशियलिटी विभागों से सुसज्जित है। यहां कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, कैंसर उपचार और आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं जैसे उन्नत विभाग संचालित हैं। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि एनएबीएच एक्रेडिटेशन मिलने से न केवल सेवाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता और मजबूत होगी, बल्कि मरीजों को भी यह विश्वास मिलेगा कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप चिकित्सा सुविधा प्राप्त हो रही है। डॉ. शर्मा ने आगे कहा, हमारी प्राथमिकता केवल इलाज करना नहीं, बल्कि समाज को विश्वास दिलाना भी है कि उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं अब दिल्ली या बड़े महानगरों तक सीमित नहीं रहीं। स्थानीय निवासियों और मरीजों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि हापुड़ जैसे क्षेत्र में एनएबीएच मान्यता प्राप्त 1130 बेड वाला अस्पताल होना समाज के लिए बड़ी सौगात है। इससे न केवल मरीजों को नजदीक ही उच्चस्तरीय सुविधा मिलेगी बल्कि उन्हें महानगरों की ओर जाने की आवश्यकता भी कम होगी।

# सीडीओ की अध्यक्षता में आत्मा गवर्निंग बोर्ड की हुई बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के तहत वर्ष 2025-26 के लिए आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक हुई। योजनाओं की समीक्षा बैठक में कई महत्वपूर्ण कृषि योजनाओं की समीक्षा की गई, जिनमें उत्तर प्रदेश अन्न पुनरोद्धार कार्यक्रम, नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग, एनएफएसएनएम दलहन घटक और नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल शामिल हैं।

कृषि तकनीकी प्रबंध अभिकरण आत्मा गवर्निंग बोर्ड की इस बैठक में सभी संबंधित विभागों के लिए लक्ष्य तय किए गए और उनका अनुमोदन किया गया। मुख्य





विकास अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार काम करना सुनिश्चित करें। बैठक में कृषि से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, गन्ना और अनुसंधान के अधिकारी, एफपीओ किसान उत्पादक संगठन के प्रति. निधि और प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया। उप कृषि निदेशक योगेंद्र कुमार ने बैठक में एजेंडे के अनुसार सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# बहुजन समाज पार्टी को मिला सशक्त नेतृत्व, केपी सिंह बने हापुड़ के नए जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिले में बहुजन समाज पार्टी ने संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। पार्टी ने केपी सिंह को नया जिलाध्यक्ष नियुद्ध किया है। उनकी नियुक्ति के बाद कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है।

केपी सिंह लंबे समय से बहुजन समाज पार्टी से जुड़े हुए हैं और सामाजिक न्याय, भाईचारे व संगठनात्मक मजबूती के लिए लगातार संघर्ष करते रहे हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि उनकी सक्रियता और जमीनी पकड़ से हापुड़ जनपद में बसपा को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में मदद मिलेगी। पार्टी कार्यकर्ताओं ने केपी सिंह के जिलाध्यक्ष बनने पर बधाइयाँ देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी हापुड़ में और मज़बूत होगी। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि वे सभी समाज के लोगों को साथ लेकर चलेंगे और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाएंगे। जिलाध्यक्ष बनने के बाद केपी सिंह ने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए गर्व और सेवा का अवसर है। वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे तथा गरीब, मजदूर, किसान और शोषित



वर्ग की आवाज़ को बुलंद करेंगे। उनकी नियुक्ति से संगठन में नया उत्साह और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

# शनि अमावस्या आज, मघा नक्षत्र में किया जाएगा वर्षभर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** इस बार की कुशोत्पाटिनी अमावस्या विशेष शुभ है भाद्रपद कृष्ण पक्ष को पड़ने वाली अमावस्या को कुशोत्पाटिनी अमावस्या या कुशग्रहणी अमावस्या कहा जाता है जो 23 अगस्त को शनिवार तथा मघा नक्षत्र, परिघ योग में पड़ने से और भी शुभ बन गया है। कुशोत्पाटिनी अमावस्या के दिन समस्त शुभ मंगल कार्य के लिए कुश उखाड़ने व संग्रह करने का विधान धर्मग्रंथों में बताया गया है। इस दिन संग्रह किया गया कुशा पुरे वर्ष शुद्ध पवित्र रहती है और समस्त कार्य में इसका प्रयोग किया जा सकता है।

ज्योतिर्विद पंडित केसी पाण्डेय काशी वाले ने बताया कि अमावस्या तिथि 22 अगस्त को मध्यान्ह 11.56 से प्रारम्भ होकर 23 अगस्त को पूर्वान्ह 11.36 तक रहेगा तथा मघा नक्षत्र 22 अगस्त की मध्य रात्रि 12.16 से लगेगा तथा 23 की देर रात्रि 12.54 तक रहेगा स्कन्द पुराण में बताया गया है मघायां यामवास्यायां कुशा: संसिद्धिम्च्छति। यै: कृतासकलाकर्म यथा वक्तातपोधना: अर्थात् मघा नक्षत्र युक्त अमावस्या को उखाड़ी गई कुशा अत्यन्त सिद्धि देने वाली होती है इसमें सकला कर्म शब्द का अर्थ ये है कि मघा नक्षत्र युक्त अमावस्या की कुशा न केवल श्राद्ध, बल्कि समस्त शुभ मंगल कार्य जैसे विवाह, उपनयन, यज्ञ, प्रतिष्ठा कर्मो आदि में भी श्रेष्ठ उपयोगी है। अर्थात कुशो के संचय में संगवकाल दिन के पांच भागों में से दूसरा भाग व्यापिनी अमावस्या शुभ होती है जो 23 अगस्त को प्राप्त हो रहा है अत: इस दिन दर्भस्थल पर जाकर उत्तराभिमुख या पूर्वमुख बैठकर मंत्र हुं फट्ष कह कर दाहिने हाथ से एक में बार कुशा उखाड़ना चाहिए कुशा की पवित्रता का वर्णन मनुस्मृति में कहा गया है। कुशा पवित्रतमादृष्टा यज्ञेषु च तपस्विषु अर्थात् कुशा यज्ञ, तप, विवाह आदि शुभ कर्मो के लिए परम पवित्र है। 23 अगस्त को शिव वास तथा शिवयोग का संयोग होने से स्नान -दान एवं कुशोत्पाटिनी शनि अमावस्या और भी अधिक शुभ रहेगा।

## एक नजर

### गैंगस्टर के दो बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे नामजद दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे नामजद दो बदमाश राधेश्याम पुत्र सीताराम निवासी ग्राम बरबीघा छबीला ढीका थाना छबीला जनपद पटना बिहार व हाल निवासी म.नं.308 झुग्गी रोड नं.-7 गाजीपुर डेरी थाना गाजीपुर जनपद पूर्वी दिल्ली और विशाल सागर पुत्र स्वर्गीय चन्द्र पाल निवासी ग्राम गौनेरीदान थाना जहांनाबाद जनपद पीलीभीत व हाल निवासी ग्राम भोवापुर थाना कोशाम्बी जनपद गाजियाबाद को फ्रीगंज रोड से गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी शातिर किस्म के अपराधी है जिनके खिलाफ आधा दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज है। फिलहाल पुलिस ने बदमाशों को चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पंहुचा दिया है।

# जेई का भाकियू ने किया घेराव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। भाकियू एवं ग्रामीणों ने अवैध रूप से किसानों से पैसे मांगने वाले जेई के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका घेराव कर लिया।

तहसील क्षेत्र के गांव सांथलपुर के ग्रामीणों ने भाकियू बीआर अम्बेडकर के कार्यकर्ताओं के साथ बिजली घर पहुंच कर जेई के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए घेराव किया। उन्होंने कहा कि गांव निवासी किसान के चार किलो वाट के कनेक्शन पर बिजली विभाग के जेई नवीन अन्य कर्मचारियों के साथ पहुंच गये। मीटर को फर्जी बताते हुए 30000 की डिमांड करने लगे। किसान का कहना है कि वह कई सालों से इसी कनेक्शन का बिल जमा करता चला रहा है। जब के बिजली कर्मचारी उससे अवैध रूप से पैसे की डिमांड कर रहे हैं। उसके बाद ग्रामीण भाकियू बीआर अंबेडकर के कार्यकर्ताओं के साथ बिजली घर पहुंच गये तथा पर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि बिजली विभाग के कर्मचारी किसानों से अवैध उगाही करने में लगे हुए है। उन्होंने जल्द जेई के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है। इस अवसर पर नसीम, आकाश, वीर सिंह, विकास गौतम, विजय सैनी, कुलदीप भारती, धर्मेंद्र जाटव, सोनू गुर्जर आदि मौजूद थे

# हिन्दू समाज का उत्थान विहिप का लक्ष्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर के हीरा नगर और महादेव बस्ती खंड में गुरुवार को विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दोनों खंडों का संयुक्त कार्यक्रम एक ही स्थान पर आयोजित किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री विपिन शर्मा ने संगठन के इतिहास और स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के उत्थान और संगठन ही परिषद का मूल लक्ष्य है। उन्होंने सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए समाज को संगठित होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला सह संयोजक अभिषेक, जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख अंकित सैनी, नगर अध्यक्ष पराग अग्रवाल, नगर मंत्री



दीपक यादव, नगर सह मंत्री हर्षित, नगर संयोजक पीयूष शर्मा, नगर गौ रक्षा प्रमुख राहुल कुमार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। हर्षित शर्मा, मनु शर्मा, अंकित कुमार, वैभव अमन, कविंद्र, आशु राजपूत, विशाल वर्मा, विशाल सैनी, शिवम भाटी, नैतिक शर्मा, अरुण कुमार, मनोज कुमार, हर्षित वर्मा, भूपेंद्र सैनी, गोलू रस्तौगी, राजा राजपूत और वंश त्यागी सहित अनेक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति से कार्यक्रम में जोश और उत्साह देखने को मिला।

# सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सराहनीय

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सोशल एक्टिविस्ट एवं पीपल फॉर एनिमल्स ऑर्गेनाइजेशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र शुक्ल (एड.) ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा स्ट्रीट डॉग्स के संबंध में

**■ इंसानों की सुरक्षा व जानवरों के अधिकार का रखा गया ख्याल**

दिए गए निर्णय की प्रशंसा की। कहा कि एससी ने अपने निर्णय में कहा है कि स्ट्रीट डॉग्स नसबंदी, वैक्सीनेशन और डिवॉर्मिंग के बाद गली के कुत्तों को उनके मूल स्थान पर ही रहने दिया जाएगा। केवल बीमार या बहुत आक्रामक कुत्तों को शेल्टर में रखा जाएगा। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि अब सार्वजनिक स्थानों पर अव्यवस्थित ढंग से खाना खिलाने के बजाय विशेष फीडिंग जोन बनाए जाएं। यह फैसला इंसानों की सुरक्षा और जानवरों के



डॉ.रविन्द्र शुक्ल ( एड. )

अधिकार दोनों का ख्याल रखता है। यह करुणा और संवेदनशीलता का संदेश भी देता है। पीपल फॉर एनिमल्स ऑर्गेनाइजेशन, जनपद अमरोहा सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत करता है। डॉ. रविन्द्र शुक्ल ने जनता से अपील करते हुए कि वे सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का पालन करें और गली के मासूम कुत्तों के साथ सौहार्द और करुणा का रिश्ता बनाए रखें। उन्हें उचित स्थान पर भोजन दें।



■ अमरोहा। हजरत इमाम हसन की शहादत पर शबीते ताबूत निकालते अजादार।

# शहादत का वाक्या सुन आंखे हुई नम

## इमाम हसन की शहादत पर बरामद हुए शबीहे ताबूत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.अ.) की वफात और नवासा-ए रसूल हजरत इमाम हसन अलेहिस्सलाम की शहादत के सिलसिले में अमरोहा में जगह-जगह शबीहे ताबूत बरामद किए गए। मजलिसों में शहादत का वाक्या सुनकर अजादारों की आंखे नम हो गईं।

शहर के मोहल्ला काजी गली में जहांगीर अली जैदी की ओर से आयोजित मजलिज मे सोज ओ सलाम मुदस्सिर अली खाँ ने पेश किया। मजलिस को मौलाना शादाब हैदर ने खिताब किया। इसके बाद शबीहे ताबूत बरामद हुआ। अंजुमनो ने हाय रसूले खुदा-हाय इमामे हसन नौहा पेश करते हुए मातम किया। मजलिस के बाद अंजुमन बनी हाशिम, अंजुमन सादात-ए-अमरोहा और गुलजारे हैदरी ने मातम किया। मौलाना ने कहा की हजरत मोहम्मद साहब की जिंदगी हमें सच्चाई और इंसानियत का रास्ता दिखाती है। अल्लाह के रसूल ने अपनी पूरी जिंदगी को दीन को फरोग देने के लिए कुर्बान कर दिया। दुनिया के इंसानियत का रास्ता दिखाया। आपके नवासों ने अपने दुश्मनों से भी हुस्ने सुलूक से पेश आकर इस्लाम की जो तस्वीर पेश की वो खुद में एक मिसाल है। अजाखाना दोस्त अली हाउस मोहल्ला कटकुइ में आयोजित मजलिस में मौलाना उरूज जौनपुरी ने हजरत इमाम हसन की शहादत का बयान पेश किया। जिसे सुनकर लोगों की आंखों से आंसू निकल आए। आज भी शहर की फिजा में मातम की गमगीन सदाए के बीच मजलिस का सिलसिला जारी रहेगा।

# वकीलों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**अमरोहा**। सदर तहसील बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मंडी धनौरा विधायक राजीव तरारा से उनके कैंप क ार्यालय पर मुलाकात की तथा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उन्हें सौंपा। जिसमें नवीन तहसील परिसर में उपनिबंधक क ार्यालय, एसडीएम कार्यालय और नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र कार्यालय स्थापित कराने की मांग की गई। अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह एडवोकेट ने कहा कि वर्तमान अमरोहा तहसील परिसर में उपनिबंधक कार्यालय, नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र कार्यालय, एसडीएम व तहसीलदार कार्यालय एक ही स्थान पर है। गुलड़िया में निर्माणाधीन तहसील भवन में यह कार्यालय प्रस्तावित नहीं हैं। इन कार्यालयों का निर्माण अलग-अलग स्थानों पर प्रस्तावित है। जिनकी आपस में दूरी लगभग 8 से 10 किलोमीटर की परिधि क्षेत्र में है।

# चार लाख की अफीम के साथ दो पकड़े

**रहरा**। पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो नशा तस्कर को गिरफ्तार उनके कब्जे से 400 ग्राम अफीम बरामद की है। थाना पुलिस पौरारा रोड पर चैकिंग कर रही थी। उन्होने सचिन उर्फ गोलू पुत्र सतीश, सोमपाल पुत्र खानचंद निवासी गांव पौरारा के कब्जे से चार सौ ग्राम अफीम बरामद की। जिसकी कीमत चार लाख है।

# नौकर ने तोड़ा मालिक का भरोसा

## 84 लाख का सोना और छह लाख कैश चोरी कर ले गया, पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा की हाइराइज सोसाइटी के फ्लैट में करीब 90 लाख की चोरी हुई थी। ये घटना 16 अगस्त की है। पुलिस ने इस मामले में घर के नौकर को गिरफ्तार किया है। उसका नाम कृष्ण कुमार पांडेय (22) है। वह बिहार के भोजपुर का रहने वलाा है। इसके पास से चोरी किए गए 8 आयताकार सोने के 100-100 ग्राम के सिक्के बरामद हुए हैं। इसकी कीमत करीब 84 लाख रुपए है। इसके अलावा 5 लाख 71 हजार रुपए कैश बरामद किया गया है। इसके पास से एक अवैध चाकू भी मिला है।



डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि सतीश सिन्हा सेक्टर-137 पैरामाउंट सोसाइटी में रहते हैं। सतीश पेशे से कारोबारी हैं। दो साल पहले घर में काम करने के लिए सतीश ने अपने ही गांव के जानने वाले कृष्ण कुमार को यहां बुला लिया। वो उनके भरोसे का था। दो साल से घर पर रहकर काम करता था। कई बार उसी के भरोसे घर छोड़कर गए। वापस जब आए हमेशा व्यवस्थित घर मिला।

**अलमारी का ताला टूटा था:** 16 अगस्त को सतीश अपनी पत्नी के साथ किसी काम से बाहर गए थे। वहां से शाम को फ्लैट पर लौटे तो कमरे में अलमारी का ताला टूटा था। घर का सामान बिखरा था। अलमारी में रखा गोल्ड और कैश गायब था। बाहर गेट पर ताला लगा था। चाबी बताए गए स्थान पर मिली। लेकिन जब अंदर गए तो चोरी का पता चला। कृष्ण कुमार को कई बार फोन किया। पहले घंटी गई। बाद में फोन बंद हो गया। इसके बाद पुलिस से शिकायत की।

**कैसे पकड़ में आया चोर:** शिकायत मिलते ही पुलिस ने सर्विलांस सेल को एक्टिव किया और टीम बनाकर कृष्ण कुमार की तलाश शुरू कर दी। चोरी करने के बाद माल ठिकाने लगाने की नीयत से वो वापस आया था। इस दौरान पुलिस ने ळडप्ज पार्क के पास ग्रीन बेल्ट के गेट से उसको गिरफ्तार किया। इसके कब्जे से 100-100 ग्राम की 4 सोने के सिक्के और 5 लाख 71 हजार कैश बरामद किया गया।

**हमेशा कराएं वेरिफिकेशन:** पुलिस ने बताया कि- जानकार होने की वजह से उन्होंने गांव से नौकर को बुलाया था। लेकिन उसने भरोसा तोड़ दिया। ऐसे में पुलिस वेरीफिकेशन करवाना अनिवार्य है। ताकि इस तरह की घटना से बचा जा सके। डीसीपी ने बताया कि इसके और साथी भी हो सकते हैं। पूछताछ के बाद उनकी गिरफ्तारी की जाएगी।

## दहेज के लिए पत्नी की हत्या

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के कासना कोतवाली क्षेत्र के सिरसा गांव में एक महिला की दहेज के लिए हत्या का मामला सामने आया है। मृतका के चाचा राज सिंह ने पति, सास और ससुर पर हत्या का आरोप लगाया है। राज सिंह ने बताया कि 8 साल पहले उन्होंने अपनी भतीजी निक्की की शादी सिरसा गांव के विपिन से की थी। शादी में उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार खर्च किया था। लेकिन ससुराल पक्ष संतुष्ट नहीं था। वे निक्की को दहेज के लिए लगातार परेशान करते थे। ससुराल वालों ने 35 लाख रुपये की मांग की थी। शुक्रवार दोपहर को आरोपियों ने निक्की पर ज्वलनशील पदार्थ छिड़ककर आग लगा दी। इस हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के परिजनों ने कासना कोतवाली में पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पति, सास और ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# एक्सप्रेस-वे पर हादसा, तीन की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर गुरुवार देर रात भीषण सड़क हादसा हो गया। एक वैगनआर कार आगे चल रहे ट्रक के पीछे से जा घुसी। हादसे में कार में सवार तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई। जबकि, 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार में सवार सभी 6 लोग हरिद्वार से हरियाणा के फरीदाबाद जा रहे थे। राहगीरों से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सभी को अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं तीन घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना दादरी क्षेत्र के अकबरपुर टोल प्लाजा के पास की है।



वैगनआर कैब (HR38AT4379) से 6 लोग हरिद्वार से हरियाणा के फरीदाबाद लौट रहे थे। गाड़ी ग्रेटर नोएडा में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर दादरी के अकबरपुर टोल प्लाजा के पास पहुंची थी। तभी तेलंगाना के ट्रक (TS08 UB 7694) में पीछे से जा टकराई। गाड़ी का आगे का हिस्सा करीब-करीब पूरा ही ट्रक के अंदर चला गया। कार सवार बुरी तरह गाड़ी के अंदर दब गए। राहगीरों की सूचना पर दादरी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार के हिस्सों को कटवाकर घायलों को बाहर निकाला। पुलिस सभी को हॉस्पिटल लेकर पहुंची। डॉक्टरों ने फरीदाबाद के कार चालक लोकेश और 31 वर्षीय गौतम समेत मथुरा निवासी गौरव को मृत घोषित कर दिया। घायलों में पलवल के ललित की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसका इलाज चल रहा है। वहीं फरीदाबाद के हरविंदर और कुलदीप की हालत स्थिर बताई जा रही है।

**घायलों को बचाने के लिए पुलिस कर्मियों ने दिया ब्लड:** हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने बताया कि घायलों का खून काफी बह चुका है। ऐसे में उन्हें बचाने के लिए ब्लड की जरूरत है। दादरी थाने के पुलिस कर्मियों ने घायलों को बचाने के लिए अपना ब्लड भी दिया। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया- मृतकों के शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया गया है। हादसे की जांच के लिए ट्रक और कार को कब्जे में लिया गया है।

## ई बस एसपीवी के लिए प्राधिकरणों को भेजा रिमाइंडर

**सब्सक्राइबर के लिए एसीईओ के नाम करने है तय, 500 बस के लिए तय होंगे रूट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना क्षेत्र में जीबीएन ग्रीन ट्रांसपोर्ट लिमिटेड कंपनी के नाम से 500 ई-बसों का संचालन किया जाएगा। लिमिटेड कंपनी के संचालन के लिए एसपीवी का गठन प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है। जिसमें चार डायरेक्टर और सात सब्सक्राइबर होंगे। ये डायरेक्टर तीनों प्राधिकरण के सीईओ और एनटीसी को शामिल किया गया है। सब्सक्राइबर तीनों प्राधिकरण के एसीईओ होंगे।

एसपीवी में तीनों प्राधिकरण के किन एसीईओ शामिल किया जाए इसके लिए नोडल होने के नाते प्राधिकरण ने अन्य दोनों प्राधिकरण (ग्रेटरनोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण) से पत्राचार किया है। इससे पहले भी एक बार पत्र भेजकर प्राधिकरण ने एसपीवी के लिए एसीईओ के नाम मांगे थे। अब दोबारा से रिमाइंडर जारी किया जा रहा है।

**लास्ट माइल कनेक्टिवटी पर होंगे रूट:** सड़क पर बस स्टैंड बनाने का सर्वे भी जल्द शुरू होगा। इसके लिए सात एजेंसियों को पत्र भेजा गया था। इसमें से एक कंपनी सेक्टर-82 और 90 का टर्मिनल का सर्वे करेगी। वहीं, कंपनी बस स्टैंड और रूटों को फाइनल करेगी। प्राधिकरण एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि उन रूटों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां से पब्लिक ट्रांसपोर्ट न के बराबर है। लास्ट माइल कनेक्टिवटी को ध्यान में रखकर ही रुट को फाइनल किया जाएगा।

**300 बस नोएडा में चलेंगी:** 300 बस नोएडा, 100 बस ग्रेटर नोएडा और 100 बस यीडा में चलेंगी। बसों का संच. लन जीसीसी मॉडल किया जाएगा। इसके लिए दो कंपनियों का चयन किया गया है। पहली ट्रैवल टाइम मोबिलिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ये 9 मीटर लंबी बस 54.90 रुपए प्रति किमी की दर से चलाएगी। दूसरी डेल बस मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड ये 12 मीटर लंबी बस 67.99 रुपए प्रति किमी की दर से बस चलाएगी। बसों के संचालन के लिए नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यीडा के बीच एसपीवी का गठन 48 %, 26% और 26% के इक्विटी योगदान होगा।

**सालाना प्रति बस चलेगी 72 हजार किमी:** ये प्रोजेक्ट 675 करोड़ का है। इसमें कंपनी को ई बस, फास्ट चार्जर (240 किलोवॉट), प्लांट, इक्यूपमेंट टूल्स और डिपो मेनटेनेंस के लिए है। कंपनी को 12 साल तक बसों का संचालन करना होगा। कंपनी को सालाना प्रति बस 72000 किमी की रनिंग करनी होगी। बताया गया कि इस टेंडर के जरिए ग्रॉस कास्ट कांट्रेक्ट (जीसीसी) मॉडल बस आपरेटर का सिलेक्शन किया गया है।

# पुलिस की मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** राहगीरों से लूटपाट करने और विरोध करने पर चाकू और रॉड से हमला करने वाले दो बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हो गई। दोनों बदमाशों ने पुलिस पर फायर किया। वॉर्निंग देने के बाद भी बदमाश नहीं माने और फायर करने के लिए गन लोड करने लगे। पुलिस ने जवाबी एक्शन लिया और बदमाशों पर फायर किया। दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी। जिससे दोनों जमीन पर गिर गए। घायल अवस्था में दोनों को गिरफ्तार कर अस्पताल ले जाया गया है।

पुलिस ने बताया कि थाना फेज-1 पुलिस सेक्टर-15ए के नाले से गोलचक्कर की ओर जाने वाले कट पर चेकिंग कर रही थी। सामने से स्कूटी पर 02 व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस टीम को चेकिंग करता देख अपनी स्कूटी मोड़कर सेक्टर-14 के पीछे गंदे नालें की पटरी पर भगाने का प्रयास करने लगे। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा स्कूटी सवार व्यक्तियों का करीब 500 मीटर तक किया। हड़बड़ाहट में स्कूटी गिर गई। स्कूटी सवार बदमाशों ने फायर किया गया।

**दोनों पर दर्ज हैं 13 मुकदमे:** गिरफ्तार किए गए बदमाशों के नाम अनस और अमन पुत्र अजय हुई। इन दोनों पर करीब 13 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। पुलिस इनको काफी दिनों से तलाश कर रही थी। इनके पास से दो तमंचा और चोरी की स्कूटी बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि दोनों एक साथ मिलकर ही घटना को अंजाम देते है। महंगे शौक पूरा करने के लिए ये लूटपाट की घटना करते है।

**केस-1:** 12 जुलाई 2025 को एक महिला से चौन स्नैचिंग करने का प्रयास किया। उसके विरोध करने पर हमने उसके चेहरे पर चाकू मारकर घायल कर दिया। बरामद चाकू का प्रयोग महिला को मारने के लिए किया गया था। इससे संबंधित एक मुकदमा थाना फेस-1 में दर्ज है।

**केस-2:** 9 जुलाई को सेक्टर-16 कार बाजार में एक व्यक्ति से मोबाइल छीनने के दौरान उसने विरोध किया। दोनों ने मिलकर उसको पीटा और लोहे की राड उसको घायल कर दिया। इस संबंध में थाना फेज-1 में मुकदमा दर्ज है।

### पुलिस की गोली से घायल हुआ बदमाश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** थाना सेक्टर 58 पुलिस की मोबाइल व चेन स्नेचर बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। एक बदमाश के पैर में गोली लगी। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। इस पर 15 मुकदमे दर्ज है। दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया।

थाना सेक्टर-58 पुलिस चौराहा से एनआईओएस जाने वाले रास्ते पर सेक्टर-62 पर चौकिंग कर रही थी। सामने से एक मोटर साइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिए। बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया। लेकिन वह नहीं रुके, बल्कि बाइक मोड़कर भागने लगे। इस प्रयास में बाइक डिवाइडर से टकराकर गिर गई। अपने को पुलिस से घिरा देख आरोपी ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया।

**जवाब एक्शन में लगी गोली:** पुलिस बल ने जवाबी एक्शन लिया और एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। इसकी पहचान धीरेन्द्र उर्फ लम्बू उर्फ धीरज परिहार निवासी छिजारसी थाना सेक्टर-63 हुई। इसकी उम्र करीब 26 साल के आसपास है। इसके कब्जे से चोरी की एक बाइक, तमंचा बरामद किया गया। दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। जिसका नाम अमन बताया। घायल बदमाश को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल भेजा गया। दूसरे बदमाश की गिरफ्तारी के लिए कांबिंग की जा रही है।

**दिल्ली में दर्ज है कई मुकदमे:** डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि बदमाश धीरेन्द्र फरार साथी अमन के साथ मिलकर चोरी की बाइक से राहगीरों को तमंचा दिखाकर मारपीट कर मोबाइल फोन व पैसे छीनते है। बरामद की बाइक तुगलकाबाद दिल्ली से अप्रैल 2023 में चोरी की गई थी। जिसके संबंध में थाना ई-पुलिस स्टेशन एमवी थेफ्ट क्राइम ब्रांच दिल्ली पर एफआईआर है। साथी अमन के साथ मिलकर एक महीने पहले निरूपम वाटिका सी ब्लाक सेक्टर-62 के पास से आईफोन छीना था।

**एक नजर**

### अंश से अधिक भूमि बेचकर प्राधिकरण से पा लिया अतिरिक्त मुआवजा, केस दर्ज

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने गांव जारचा की भूमि विक्रय प्रकरण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए किसान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मामला गाटा संख्या 498 क्षेत्रफल 1.3910 हेक्टेयर का है जिसमें से वर्ष 2013 में रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से 0.2320 हेक्टेयर भूमि प्राधिकरण के पक्ष में बेची गई थी। आरोप है कि विक्रेता सतेंद्र सिंह निवासी गांव खुरसैदपुर दादरी ने अपने वास्तविक वैधानिक अंश से अधिक भूमि बेचकर अतिरिक्त मुआवजा प्राप्त कर लिया।

प्राधिकरण के अनुसार, गाटा संख्या 498 में सतेंद्र सिंह का वैधानिक अंश केवल 0.1745 हेक्टेयर था जबकि उन्होंने 0.2320 हेक्टेयर भूमि का विक्रय प्राधिकरण को कर दिया। इस प्रकार उन्होंने 0.058 हेक्टेयर भूमि अधिक बेचकर अतिरिक्त मुआवजा ले लिया। इस संबंध में प्राधिकरण द्वारा लगातार नोटिस जारी किए गए। 20 फरवरी, 24 अप्रैल व 22 मई 2025 को पत्र भेजकर आरोपी को धनराशि जमा कराने के निर्देश दिए गए थे लेकिन आरोपी द्वारा अब तक राशि जमा नहीं कराई गई।

क्षेत्रीय लेखपाल विक्रांत मिश्र की ओर से दर्ज तहरीर में कहा गया है कि आरोपी ने अधिक भूमि बेचकर न केवल अवैध मुआवजा प्राप्त किया गया बल्कि नोटिस जारी होने के बाद भी धनराशि प्राधिकरण को वापस नहीं की। सूरजपुर कोतवाली पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### रुपयों के लेनदेन में फलैदा गांव में हिंसा, दो पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के फलैदा गांव में रुपयों के लेनदेन को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट हुई। इस घटना में 5 लोग घायल हुए हैं। पहले पक्ष के राजू का आरोप है कि रविन्द्र, योगेश, सोनू और राजू उनके घर में घुस आए। आरोपियों ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडों से राजू और उनके भाई पर हमला कर दिया। इस हमले में राजू, उनके भाई राकेश समेत 3 लोग घायल हुए।

दूसरे पक्ष की महिला सुमन ने बताया कि उनके घर के रास्ते में अजीत और संजय का घर है। वे रोज महिला और उनके परिवार के साथ गाली-गलौज करते हैं। विरोध करने पर आरोपियों ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर सुमन, उनके पति विजेंद्र और बच्चों को सड़क पर गिराकर मारपीट की। इस घटना में दो लोग घायल हुए। सभी घायलों को एरिया के अलग-अलग निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने 8 आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दहेज के लिए गर्भवती पत्नी की पिटाई

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में दहेज के लिए प्रताड़ित एक गर्भवती महिला की अस्पताल में मौत हो गई। मृतका प्रियंका की शादी 2 मई 2023 को म्याना गांव में हुई थी।

पीड़िता के पिता नरसिंहपाल ने बताया कि शादी में उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार दहेज दिया था। लेकिन ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। वे पांच लाख रुपए नगद और कार की मांग कर रहे थे।

आरोप है कि ससुराल वाले प्रियंका को भूखा रखते थे और उसके साथ मारपीट करते थे। जब पिता बेटी से मिलने गए तो उनके साथ भी मारपीट की गई। प्रियंका के गर्भवती होने के बाद भी ससुराल वालों का व्यवहार नहीं बदला। कुछ दिन पहले पति और ससुराल वालों की पिटाई से प्रियंका को गंभीर चोटें आईं। इससे गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई। डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर मृत बच्चे को निकाला। गुरुवार रात को इलाज के दौरान प्रियंका की भी मौत हो गई।

पीड़ित पिता का आरोप है कि दहेज के लिए की गई पिटाई से उनकी बेटी और नाती दोनों की मौत हुई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ट्रेन में चेन पुलिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर ट्रेन में चेन पुलिंग के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ रेलवे अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरपीएफ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर कैफियत एक्सप्रेस दिल्ली की तरफ जा रही थी। ट्रेन जब दादरी रेलवे स्टेशन यार्ड के पास पहुंची तो दादरी के करतार एंक्लेव निवासी राजीव कुमार ने चेन पुलिंग कर दी और ट्रेन से उतरकर चल दिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, जम्मू मेल एक्सप्रेस दिल्ली से अलीगढ़ की तरफ जा रही थी। रेलवे स्टेशन दादरी यार्ड के पास साहिबाबाद के हर्ष विहार निवासी परमिंदर सिंह ने चेन पुलिंग कर दी। उसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस केवल अपराधियों को पकड़ने तक सीमित नहीं: एसीपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुलिस केवल अपराधियों को पकड़ने तक सीमित नहीं है बल्कि समाज में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और लोगों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के लिए सदैव तत्पर रहती है। ये बातें एसीपी ग्रेटर नोएडा अजीत कुमार सिंह ने शुक्रवार को अमर उजाला फाउंडेशन की ओर से सिग्मा-1 स्थित होली पब्लिक स्कूल में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने छात्रों को पुलिस कार्यशैली, सुरक्षा उपायों और कानून की जानकारी दी।

एसीपी ने हेल्पलाइन नंबर 1090, डायल-112, 1930 की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़, उत्पीड़न या संदेहास्पद गतिविधि पर चुप न रहें, तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने गुड टच और बैड टच की जानकारी दी। कहा कि बच्चों को यह पहचानना बेहद जरूरी है कि कौन-सा स्पर्श सुरक्षित है और कौन-सा असुरक्षित। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी बच्चे को असहज महसूस हो तो तुरंत अपने माता-पिता, अध्यापक या विश्वसनीय व्यक्ति को बताएं।पुलिस हमेशा जनता की मदद के लिए तैयार रहती है।

उन्होंने कहा कि घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाना जीवन बचाने में सबसे ज्यादा कारगर होता है। इसके अलावा बच्चों को पॉक्सो कानून के बारे में जानकारी दी गई। बताया कि यह कानून बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा देने के लिए बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गेम, सोशल मीडिया और डिजिटल पेमेंट प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतनी चाहिए। अजनबियों के फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें। पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें और संदिग्ध लिंक या ऑफर पर क्लिक न करें। उन्होंने कहा कि पुलिस की पाठशाला जैसे कार्यक्रमों के जरिए छात्रों और युवाओं को सही दिशा देकर समाज को सुरक्षित बनाया जा सकता है।

**छात्रों ने पूछे सवाल:** कार्यक्रम के दौरान किसी छात्र ने मोबाइल पर आने वाले फर्जी लिंक्स के बारे में जानकारी ली तो किसी ने धोखाधड़ी से जुड़ा सवाल किया। एसीपी ने सभी सवालों के जवाब दिए और उदाहरणों के साथ समझाया।

## गैर इरादतन हत्या के प्रयास के दोषी को पांच साल की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर के अपर सत्र न्यायाधीश ने साइकिल की खरीद-फरोख्त को लेकर हुए विवाद में गैर इरादतन हत्या के प्रयास के मामले में गांव फीना थाना सिवालाकला बिजनौर के सचिन को दोषी करार देते हुए पांच साल की सजा सुनाई है। दोषी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना जमा नहीं करने पर दोषी को 60 दिन का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। घटना सात जुलाई 2011 की शाम को नोएडा के सेक्टर 71 चौराहे के पास घटित हुई थी। पीड़ित दिनेश कुमार और आरोपी सचिन दोनों जीके एंटरप्राइजेज सेक्टर-65 नोएडा में एक साथ काम करते थे। दिनेश ने अपने बयान में कहा था कि घटना की शाम करीब आठ बजे दोनों ड्यूटी खत्म करके साइकिल पर घर वापस जा रहे थे। उसके साथ साइकिल पर सचिन भी था। दिनेश साइकिल चला रहा था। दिनेश ने जब सचिन से साइकिल चलाने को कहा तो उसने मना कर दिया। सचिन पीड़ित से साइकिल की मरम्मत के पैसे मांगने लगा। पीड़ित ने कहा कि उसने एक हजार रुपये में साइकिल ली है। साइकिल के एक हजार रुपये पहले ही दे चुका है। अब रिपेयरिंग के पैसे अलग से नहीं देगा। आरोप है कि उसने दिनेश के साथ मारपीट शुरू कर दी और पीठ, छाती व गर्दन पर पेचकस से वार किए। घटना के दिन दिनेश ने सचिन को पैसे वापस कर दिए थे। हालांकि, साइकिल की मरम्मत के पैसों पर दोनों के बीच विवाद हो गया। दिनेश के शोर मचाने पर आसपास के लोग इकट्ठे हो गए जिससे डरकर सचिन भाग गया।

# 25 से 29 सितम्बर तक आयोजित होगा यूपीआईटीएस-2025

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो के आयोजन को लेकर कैबिनेट मंत्री प्रदेश सरकार राकेश सचान की अध्यक्षता में तैयारियों को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। ट्रेड शो का आयोजन 25 से 29 सितंबर 2025 में किया जाएगा।

इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में हुई इस बैठक में अपर मुख्य सचिव, एमएसएमई व निर्यात प्रोत्साहन, प्रदेश सरकार आलोक कुमार, तीनों प्राधिकरण के सीईओ, डीएम गौतम बुद्ध नगर, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था मौजूद रहे। मंत्री राकेश सचान ने कहा कि यूपीआईटीएस-2025 को विश्व पटल पर उत्तर प्रदेश की औद्योगिक और सांस्कृतिक उपलब्धियों का भव्य प्रदर्शन बनाने के लिए एक सफल योजना बनाना बेहद आवश्यक है।

प्रदेश को वैश्विक स्तर पर मिले पहचान उन्होंने कहा कि सरकार का संकल्प है कि प्रदेश को वैश्विक व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित किया जाए। जिसके लिए एमएसएमई, ओडीओपी उत्पाद, खादी, हथकरघा एवं वस्त्र, रेशम उद्योग, खाद्य प्रसंस्करण, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, नवीकरणीय ऊर्जा और पारंपरिक शिल्प जैसे क्षेत्रों को मजबूत मंच प्रदान किया जा रहा है।

तैयारियों की समीक्षा करते हुए जिला प्रशासन एवं प्राधिकरण के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ट्रेड शो प्रदेश की औद्योगिक और निर्यात क्षमता को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर है। ऐसे में



आयोजन से संबंधित सभी कार्य समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाए। उन्होंने अधिकारियों को प्रदर्शनी स्थल की व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधन, ट्रैफिक नियंत्रण, स्वच्छता, आगंतुकों की सुविधा और प्रतिभागियों के लिए आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ट्रेड शो बनेगा निर्यात का द्वार अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार ने कहा कि यूपीआईटीएस-2025 अपने पिछले संस्करणों से भी अधिक सफल होगा। उन्होंने कहा, "यह हमारे उद्यमियों, कारीगरों और उद्योगों के लिए निर्यात का द्वार है। सरकार सभी हितधारकों के बीच निर्बाध समन्वय सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि यह आयोजन प्रभावशाली साबित हो और हमें ट्रिलियन-डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य की ओर अग्रसर करे।"

2400 से ज्यादा प्रदर्शक, 4.25 लाख आने की उम्मीद इसमें 2400 से अधिक प्रदर्शक एमएसएमई, बड़े उद्योग, आईटी/आईटीईएस, पर्यटन और आतिथ्य, शिक्षा और वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य, वस्त्र, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, स्टार्टअप, जीआई टैग उत्पाद, खिलौना उद्योग एवं क्लस्टर्स, हथकरघा और वस्त्र, ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया, नवीकरणीय ऊर्जा एवं ईवी, डिजिटल इंडिया मिशन, स्मार्ट सिटी मिशन, यूपी का इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, माइक्रो एवं स्मॉल एंटरप्राइज क्लस्टर डेवलपमेंट, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया, ओडीओपी और अन्य क्षेत्रों के व्यवसायों को एक ही छत के नीचे रहेंगे। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बी2बी एवं बी2सी ग्राहकों के लिए प्रस्तुत करेंगे। यूपीआईटीएस-2025 में 1. 25 लाख से अधिक राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खरीदारों और लगभग 4. 25 लाख आगंतुकों के आने की संभावना है, जिससे उत्तर प्रदेश भारत के सबसे तेजी से उभरते व्यापार एवं निवेश गंतव्यों में अपनी स्थिति को और मजबूत करेगा।

## शादी का झांसा देकर शोषण के आरोपी को जमानत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सत्र न्यायाधीश की अदालत ने शादी का लालच देकर शोषण, मारपीट और छेड़छाड़ जैसे गंभीर आरोपों से घिरे आरोपी अभिषेक चौहान को जमानत दी है। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने, केस डायरी और दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद जमानत याचिका को स्वीकार किया। पीड़िता ने 25 जून 2025 को थाना फेस-3 नोएडा में एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप है कि वर्ष 2022 में आरोपी से मुलाकात के बाद वह उसके प्रेमजाल में फंस गई। आरोपी ने शादी का झांसा देकर पीड़िता के साथ सहमति संबंध में रहकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी से इन्कार करते हुए पीड़िता से गाली-गलौज और मारपीट की।

पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने अपने मित्र के साथ मिलकर उसके साथ छेड़छाड़ भी की और दबाव बनाने पर जान से मारने की धमकी दी। वहीं बचाव पक्ष ने तर्क दिया कि पीड़िता वित्तीय लाभ के लिए आरा. पी से पैसे लेती रही और लौटाना बंद कर दिया। पैसे की मांग करने पर उसने झूठे मुकदमे की धमकी दी। अदालत ने पाया कि पीड़िता ने पहले आईजीआरएस पोर्टल और न्यायालय में दी गई शिकायतों का उल्लेख नहीं किया। साथ ही एफआईआर में विलंब भी संदेह पैदा करता है। अदालत ने आदेश में कहा कि गुण-दोष पर टिप्पणी किए बिना परिस्थितियों को देखते हुए जमानत का पर्याप्त आधार बनता है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा,
जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email :
parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# नशा तस्करों को गिरफ्तार कर कब्जे से की स्मैक बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस ने आपरेशन सवेरा अभियान के अंतर्गत नशा तस्करों को गिरफ्तार कर आरोपियों के पास से 32 ग्राम स्मैक बरामद की है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

कोतवाली पुलिस ने आपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के अंतर्गत मुखबिर की सूचना के आधार पर अंबेहटा तिराहे के रेलवे पुल के पास मो. अकबर उर्फ शहनशाह निवासी जनपद अमरोहा मोहल्ला कुरैशी छतरी वाला बाग और देवबंद के मोहल्ला लाम पठानपुरा निवासी अनस को गिरफ्तार किया। आरोपी क्षेत्र में रहकर मादक पद्धार्थो का अवैध व्यापार कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां



से उन्हें अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। वहीं, पुलिस ने वांछित आरोपी करंजाली निवासी कुलदीप पुत्र इंद्रराज को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने वाले को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के मामले में वांछित आरेपी को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद कर लिया गया।



कोतवाली क्षेत्र की रिपोर्टिंग चौकी खेड़ा मुगल क्षेत्र से किशोरी को बहला-फुसलकार ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने क्षेत्र के गांव से ही किशोरी को बरामद करा दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के एक व्यक्ति ने खेड़ा मुगल निवासी अंशुल के खिलाफ उसकी नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया था। बताया कि बीएनएस की धारा 137 (2) मामला दर्ज करने के बाद आरोपी अंशुल को खेड़ा मुगल से गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उसकी निशानदेही पर किशोरी को भी बरामद कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री रामकृष्ण योगाश्रम इण्टर कॉलेज में भारतीय संविधान, अधिकार एवं कर्तव्य विषयों पर आधारित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने उत्साह से भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतायोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

श्री रामकृष्ण योगाश्रम इण्टर कॉलेज प्रागण में आयोजित मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में देशप्रेम, भारतीय संविधान में अधिकार एवं कर्तव्य, राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के चुनाव, कार्य और शक्तियां तथा पर्यावरण आदि विषयों पर आधारित प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपने विचार रखें। प्रतियोगिता में कक्षा 12 के काकुल राठी ने प्रथम, वैष्णवी द्वितीय और



मानसी धीमान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अतिथियों ने प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अरुण कुमार गोयल ने बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर राधेश्याम राणा, भुवनेश किशोर, नरेंद्र देव शास्त्री, राजकुमार शर्मा आदि अध्यापक-अध्यापिकाएं शामिल रहे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे लेने वाले व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज

**देवबन्द।** युवक को नौकरी लगवाने के नाम पर पैसे देना भारी पड़ गया। युवक ने आरोपित व्यक्ति के खिलाफ न्यायालय का दरवाजा खटखटाया अदालत ने रुपये ऐंठने वाले व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए पुलिस को निर्देशित करने के साथ ही रिश्वत के तौर पर पैसे देने वाले युवक के खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

नूरपुर देहात निवासी युवक ने एसीजेएम कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि सहारनपुर की फ्रेंड्स कालोनी निवासी एक व्यक्ति उसकी पहचान में थे और उन्होंने पांच लाख रुपये में नौकरी लगवाने का विश्वास दिलाया था। उसने 22 जून 2022 को उक्त को पांच लाख रुपये नौकरी लगवाने के नाम पर दिए। जब काफी समय तक भी नौकरी नहीं लगी तो उसने अपने पैसे वापस देने का तकाजा किया। अधिक दबाव डालने पर आरोपित ने उसे 31 दिसंबर 2024 को पांच लाख रुपये का एक चेक एक्सिस बैंक के नाम दिया, जो खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण बाउंस हो गया। जब उसने इस बात पर अपना विरोध दर्ज कराया तो आरोपित ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थना पत्र और जरूरी दस्तावेज देखने के बाद एसीजेएम परविंदर सिंह की अदालत ने कोतवाली पुलिस को आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए और साथ ही इस मामले में पांच लाख रुपये देने वाले युवक के खिलाफ भी विधिक कार्रवाई कर आयकर विभाग और न्यायालय को अवगत कराने को कहा।

# महिला फांसी के फंदे पर लटकी

**मुनीश राणा**

**नहटौर।** महिला का शव मकान की छत पर बनी रसोई में फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतका के परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है। सीओ ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। मृतका के भाई की तहरीर पर पति सहित पांच के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

क्षेत्र के गांव शेखुपुरा लाल निवासी धर्म सिंह ने अपनी पुत्री शालू की शादी करीब सात वर्ष पूर्व नहटौर थाना क्षेत्र के गांव चक गोवर्धन निवासी विजयपाल के पुत्र विकास से की थी।

मायके वालों का आरोप है कि छोटी-छोटी बातों को लेकर ससुरा. लिया शालू को प्रताड़ित कर रहे थे। शुक्रवार की सुबह करीब 11 शालू



का शव घर की छत पर बनी रसोई में फांसी के फंदे पर लटका मिला। आनन-फानन में उसे चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद शव को वापस घर लाया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की।

# हादसे में कम्पनी के प्रबंधक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** आवारा गोवंश की वजह से हादसे में कम्पनी के प्रबंधक की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक अन्य युवक गंभीर रुप से घायल हो गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद अमरोहा के थाना नौगांवा सादात के ग्राम कायमपुर उर्फ करारनगर निवासी रामनाथ शर्मा (48 वर्ष) पुत्र ऋषिराम शर्मा ग्राम खतापुर के पास गंज मार्ग पर एक दूध कंपनी में प्रबंधक के पद कार्यरत थे। वर्तमान में उन्होंने बालकिशपुर चौराहे पर अपना आवास बना रखा था। रामनाथ शर्मा कार में सवार होकर खतापुर निवासी पुष्पेंद्र (32 वर्ष) के साथ ग्राम हरदासपुर गढ़ी से वापस लौट रहे थे। परिजनों के अनुसार हरदासपुर गढ़ी के निकट आवारा गोवंश को बचाने के प्रयास में कार पुलिया से टकराकर गहरे गड्ढ़े में जा गिरी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए भर्ती कराया। मेरठ ले जाते हुए रामनाथ शर्मा की रास्ते में ही मौत हो गई। घायल पुष्पेंद्र का चिकित्सक ने उपचार के बाद घर भेज दिया। मृतक रामनाथ के पुत्र मुकुल शर्मा ने थाने पहुंचकर पुलिस को पोस्टमार्टम कराएं जाने के संबंध में तहरीर दी है।

गौरतलब है कि सड़कों पर मौजूद आवारा गोवंश की वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं। सड़कों पर बड़ी संख्या में आवारा गोवंश घूमते रहते हैं।

# मौत की पटरियों से घिरा मोहड़ा, दो की मौत से सन्नाटा

## दो किशोरों की मौत से पसरा मातम, रेलवे लाइन पर अंडरपास बनवाने की मांग





**अभिषेक गुप्ता**

**धामपुर।** क्षेत्र के ग्राम मोहड़ा में बीती देर शाम एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। रेलवे ट्रैक पार करते समय ग्राम के दो किशोर तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आ गए। दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे ने दो परिवारों के इकलौते वारिस छीन लिए और पूरे ग्राम को गहरे मातम में डुबो दिया।

समीपवर्ती ग्राम मोहड़ा निवासी प्रिंस (18 वर्ष) और शिवम (17 वर्ष) रोजाना की तरह रेलवे लाइन पार कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज रफ्तार ट्रेन आ गई और दोनों उसकी चपेट में आ गए। उन्हें संभलने का मौका ही नहीं मिला। मौके पर चीख पुकार मच गई। वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। ग्रामीणों ने तत्काल दोनों को साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर ग्राम में पहुंची, तो हर तरफ चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। दोनों परिवारों के चिराग बुझ जाने से ग्राम की गलियों में मातम और सन्नाटा छा गया।

ग्रामीणों के अनुसार प्रिंस जम्मू में नौकरी करता था और इस बार रक्षाबंधन पर घर आया था। कुछ ही दिनों में वापस लौटने की तैयारी कर रहा था। लेकिन उससे पहले ही मौत ने उसे अपने आगोश में ले लिया। वहीं शिवम भी घर का इकलौता चिराग था। उसकी तीन साल पहले एक बहन की भी मौत हो चुकी थी। घर में अब केवल दो बहनें और विकलांग मां रह गई हैं। बेटे की मौत के बाद मां बार-बार बेहोश हो रही थीं। शुक्रवार सुबह दोनों किशोरों की शव यात्रा निकाली गई। अंतिम यात्रा में पूरा ग्राम उमड़ पड़ा। शेरकोट बैराज पर दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। चिताओं की लपटों के बीच हर किसी की आंखें नम हो गईं। ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे लाइन गांव के बीचोंबीच से गुजरती है। दिन-रात तेज रफ्तार ट्रेनें दौड़ती रहती हैं, लेकिन सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। आए दिन हादसे होते रहते हैं। कभी जानवर ट्रेन की चपेट में आ जाते हैं, तो कभी लोग अपनी जान गंवा बैठते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह रेलवे लाइन अब ग्राम के लिए मौत का रास्ता बन चुकी है।

ग्राम के बुजुर्गों ने कहा कि प्रशासन और रेलवे की लापरवाही ने दो मासूम जिंदगियां छीन ली। यदि समय रहते अंडरपास या फाटक का निर्माण कर दिया जाता, तो शायद यह हादसा टल सकता था। ग्रामीणों ने मांग की है कि भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटनाओं को रोकने के लिए तुरंत ठोस कदम उठाए जाएं। उधर घटना के बाद ग्राम में दहशत का माहौल है। ग्रामीण कह रहे हैं कि जब तक रेलवे लाइन पर अंडरपास या ओवरब्रिज का निर्माण नहीं होता, तब तक यह खतरा टला नहीं है। फिर कोई शिकार बन सकता हे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि अविलंब ठोस कदम उठाए जाएं, वरना आने वाले दिनों में और भी निर्दोष जानें इस मौत की पटरी पर बलि चढ़ सकती हैं।

### पांच हजार की आबादी, सुविधाओं का टोटा

**धामपुर।** करीब पांच हजार की आबादी वाला यह ग्राम वर्षों से रेलवे प्रशासन से गुहार लगा रहा है, लेकिन अब तक किसी की सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीण बताते हैं कि रेल हादसों में कई लोग पहले भी अपनी जान गंवा चुके हैं। अब हालात यह हैं कि लोग अपने बच्चों को ट्रैक के उस पार भेजते समय डर के साए में रहते हैं।

### अर्थी भी चैन से न जा सकी

**धामपुर।** क्षेत्र का ग्राम मोहड़ा इन दिनों गहरे सदमे और डर के साए में है। महज एक दिन पहले ट्रेन हादसे में ग्राम के दो किशोरों की जान चली गई थी। परिवारों के आंसू अभी थमे भी नहीं थे कि शुक्रवार को एक और खौफनाक मंजर ने ग्रामीणों को भीतर तक हिला दिया। हादसे में मारे गए युवक की अर्थी जब पिंडदान स्थल से लौट रही थी, तभी अचानक रेलवे ट्रैक पर ट्रेन आ धमकी। एक ओर कंधों पर उठी अर्थी, दूसरी ओर मौत की रफ्तार। कुछ पल के लिए हर किसी की सांसें थम गईं। ग्रामीणों ने जान जोखिम में डालकर तुरंत ट्रैक बदलकर अर्थी को हटाया। चंद सेकंड की देर होती तो शायद एक और बड़ा हादसा सामने आ जाता। ग्राम के बीच से होकर गुजरने वाली यह रेलवे लाइन ग्रामीणों के लिए मौत का रास्ता बन चुकी है। रोजाना यहां से सैकड़ों ट्रेनें गुजरती हैं। जिसमें मालगाड़ी से लेकर वंदे भारत तक शामिल हैं। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी को दिन में कई बार इस ट्रैक को पार करना पड़ता है। आए दिन जानवर और लोग हादसे का शिकार होते रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब हालात इतने भयावह हो चुके हैं कि मृतकों की शवयात्रा भी सुरक्षित पार नहीं हो पाती।

### कर्मचारी किए गए सम्मानित

**बिजनौर।** सीएमओ कार्यालय के सभागार में सम्मान कार्यक्रम हुआ। जिसमें स्योहारा के सक्रिय टीबी खोज अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिले में चले सक्रिय टीबी खोज अभियान में बेहतर कार्य के वजह से जनपद द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। सीएमओ डॉ. कौशलेंद्र सिंह राणा ने कहा कि सकारात्मक सोच और ईमानदारी से किया गया कार्य का परिणाम सुखद होता है। इस सफलता की निरंतरता आगे भी बनाए रखना है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि सभी टीमों का कार्य अच्छा रहा है। उन्होंने कहा कि जनपद के सभी टीयू पर कार्यरत चिकित्सक, टीबी के पर्यवेक्षक बेहतर कार्य कर टीबी के सभी इंडिकेटर स्क्रीनिंग समेत को बढ़ाने का प्रयास करें। इस दौरान सीएचसी स्योहारा के कर्मचारी मौहम्मद फारूख व मुकेश कुमार शर्मा को प्रमाण पत्र व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सीएचसी स्योहारा के अधीक्षक डॉ. बीके स्नेही समेत समस्त कर्मचारियों ने दोनों को बधाई दी ओर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### छठी का उत्सव मनाया

**बिजनौर।** प्राचीन पंचायती मंदिर नगर पालिका चौक पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की छठी का उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। भगवान की आरती की गई तथा भगवान को कढ़ी-चावल व हलवे का भोग लगाया गया। भक्तों ने श्रद्धा से भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर राजीव गौतम, राममूर्ति गौतम, राजेंद्र गौतम, अंकुर गौतम, उमा, विदुषी, उषा, प्रतिमा, मानसी, रानी आदि मौजूद थी।

### पत्रकार शमीम की वाल्दा का इंतकाल

**नूरपुर।** पत्रकार शमीम राही की वालिदा वकीला बेगम (95 वर्ष) का इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर सुनकर गम का माहौल पैदा हो गया। वकीला बेगम एक नेक दिल और मिलनसार महिला थी। उनके जनाजे की नमाज एम.जैड. स्कूल में अदा कराई गई।उनके जनाजे में सपा विधायक राम अवतार सैनी, पूर्व पालिका चेयरमैन इरशाद अली अंसारी, मौजूदा पालिका चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह, भाजपा नेता पुष्पेंद्र शेखावत, इमरान अंसारी, रिजवान अहमद अंसारी, डॉ. मौहम्मद अली, डॉ. युनूस अंसारी, कफील सैफी, सलीम अंसारी, अकबर नबी इदरीसी, सलीम इदरीसी, बसपा नेता काके रवि, मौलाना असरारुल हक, सभासद राजेन्द्र सिंह चौधरी, शकील अहमद अंसारी, चौधरी अजयवीर एड., डॉ. लोकेंद्र त्यागी, डॉ. अबरार अहमद, डॉ. रहीस अहमद, पूर्व बसपा प्रत्याशी हाजी जियाउद्दीन अंसारी, डॉ, शमशाद अहमद, संजीव जोशी, मुकुल गुप्ता, डॉ. नफीस गुलरेज अंसारी, तकदीश अंसारी, काजी इदरीस, डॉ. एहतेशाम अंसारी, शाहनवाज मलिक, खुर्शीद अंसारी, मास्टर जाहिद अलवी आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे। शाह टाइम्स परिवार भी उनकी मगरिफरत की दुआ करता है।

### नगीना की घटना के बाद नौकरानियों पर विश्वास कमजोर

**बिजनौर।** नगीना में नौकरानी समंतरा के द्वारा जिस तरह से मित्तल परिवार के घर में काम करते हुए किचन में रखे बर्तनों पर पेशाब का छिड़काव किया गया है, उससे नौकरानियों पर विश्वास काफी कमजोर हुआ है। गंभीर बात यह है कि नौकरानी की उम्र ठीकठाक है और वह मानसिक रूप से भी स्वस्थ है। गौरतलब है कि नगीना के मौहल्ला शाह जहीर में सत्यम मित्तल पुत्र मनोज मित्तल रहते हैं। उनके घर पर मौहल्ले की ही समंतरा पत्नी जगद. ीश बर्तन साफ करने आदि का काम करती है। उसकी हरकतों पर मित्तल परिवार को कुछ शक हुआ तो उन्होंने वहां पर सीसीटीवी कैमरा लगवा दिया था। उनका शक सही साबित हुआ। समंतरा ने एक बर्तन में पेशाब किया और उसे किचन में रखे सभी बर्तनों पर छिड़क दिया। उसकी यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। पुलिस ने आरोपी समंतरा का धारा 170 बीएनएस में चालान कर दिया है। समंतरा की करतूत से अन्य नौकरानियां भी संदेह के घेरे में आ गई हैं। नौकरानियों के भरोसे काम छोड़ने वाली महिलाओं को इस घटना से सबक लेना चाहिए। पूर्व में तो घरों के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाते थे। लेकिन अब किचन के अंदर भी कैमरे लगाने की जरूरत महसूस हो रही है।

### हादसे में साइकिल सवार की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कोतवाली देहात क्षेत्र में हादसे में साइकिल सवार की मौत हो गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह ग्राम रोशनपुर प्रताप के पास गागन नदी के पुल पर स्कार्पियो की टक्कर से गलत दिशा से आ रहे साइकिल सवार रतिराम पुत्र भगवाना सिंह निवासी ग्राम भवनपुर कला उर्फ भीमपुरा से हो गई। जबकि स्कार्पियो में सवार विकास पुत्र सुरेन्द्र निवासी अटेली, महेन्द्रगढ़ (हरियाणा) व सोनू पुत्र वेदप्रकाश निवासी राजस्थान घायल हो गए। जिन्हें उपचार हेतु सीएचसी नगीना भेजा गया। चालक सुरेश पुत्र बृह्मप्रकाश निवासी गुरुग्राम को स्कार्पियो सहित पुलिस हिरासत में लिया गया है। मृतक की पत्नी की तहरीर पर थाना कोतवाली देहात पर धारा 281/106/324(2) बीएनएस में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# चेयरमैन मन्नान दबे-कुचले समाज के असली हीरो : ललित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** निकटवर्ती ग्राम शहबाजपुर निवासी रसायन प्रोफेसर ललित राजपूत ने कहा कि किरतपुर नगर पालिका के चेयरमैन अब्दुल मन्नान सभी वर्ग के लोगों का पूरा सम्मान करते हैं।

एक प्रेस नोट में उन्होंने कहा कि समाज के दबे-कुचले वर्ग, गरीबों, शोषितों व वंचितों की आवाज बुलंद करने वाले चेयरमैन अब्दुल मन्नान है। उनके कार्यकाल में किरतपुर नगर पालिका स्वच्छता सर्वेक्षण में भी अग्रणी रही हैं। इसके साथ उनकी एक खासियत यह भी है कि अगर वह किरतपुर में मौजूद रहते हैं, तो उनके घर के दरवाजे प्रत्येक व्यक्ति की समस्या का निदान कराने के लिए हर समय खुले रहते हैं। वह आपसी





विवादों का सहमति के आधार पर समाधान करा देते हैं, जिससे बेवजह की मुकदमेबाजी और रंजिश से लोग बच जाते हैं।

वह बिना किसी भेदभाव के अनवरत रूप से विकास कार्य करा रहे है। उनकी सबसे बड़ी खासियत यह है कि वह बहुत ही साधारण रूप से जिंदगी गुजार रहे है। वह कम शब्दों में गहराई की बात कह देते है। साथ ही शिक्षकों का बहुत आदर करते है। पिछले वर्ष सितंबर माह में उनके द्वारा किरतपुर के ही मौहल्ला चौहानान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की विशाल मूर्ति का अनावरण किया गया था।

# नदी में डूबने से ग्रामीण की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** खो नदी में डूबने से ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त समाचार के अनुसार क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद खोबड़ा निवासी बलवंत सिंह उर्फ बंटी (50 वर्ष) पुत्र कुंदन सिंह ग्राम के ही रोहित कुमार के साथ बीती देर शाम नजीबाबाद से वापस लौट रहा था। पहाड़ी इलाकों में हो रही भारी बरसात के चलते खो नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। जिसके चलते उन्होंने अपनी बाइक पास के स्टोन क्रेशर पर खड़ी कर दी और पैदल नदी को पार करने लगे। नदी की बीच धार में पहुंचने पर बलवंत सिंह का पैर फिसल गया और वह गहरे कुंड में डूब गया। जबकि रोहि. हत नदी से बाहर निकल गया। उसने बलवंत के खो नदी में डूबने की ग्रामीणों को जानकारी दी। सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। ग्रामीणों द्वारा नदी में घंटों तलाश के बाद बलवंत का शव बरामद हुआ। घटना से स्वजन में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बलवंत एक निजी स्कूल की बस चलाता था। उसके एक लड़का और एक लड़की है।



# धामपुर में आज हाजियों के लिए मेडिकल कैम्प

**बिजनौर।** धामपुर में कालागढ़ रोड स्थित मदरसे में कल (आज) सुबह नौ बजे से हाजियों के टीकाकरण व जांच के लिए विशेष मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। हज यात्रा पर जाने वाले लोगों को इस मेडिकल कैम्प का लाभ उठाने के लिए कहा गया है।

# कैंसर से पीड़ित बुजुर्ग को गोली मारी, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर/रोहटा।** रोहटा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसकी डेडबॉडी घर के अंदर कमरे में चारपाई पर पड़ी मिली है। बुजुर्ग के गले में गोली मारी गई है। मृतक कैंसर मरीज था उसका लंबे समय से इलाज चल रहा था। वहीं सूचना पर पहुंची थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।





## घर में ही की गई हत्या

रोहटा थाना क्षेत्र के रोहटा गांव के कुटी मार्ग पर बृजवीर का मकान है। यहां बृजवीर उम्र 61 साल अपने परिवार के साथ रहते थे। शुक्रवार को बृजवीर की डेडबॉडी उनके घर में कमरे में रखी चारपाई पर पड़ी मिली है। उनके गले में गोली मारी गई है। बृजवीर के घरवालों ने बताया कि कुछ अज्ञात लोग शायद गोली मारकर गए हैं। वहीं बृजवीर की उसके घर में ही हत्या की गई है।

## पुलिस सीसीटीवी कैमरे की कर रही है जांच

मृतक बृजवीर कैंसर पेशेंट थे। उनका लंबे समय से इलाज चल रहा था। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी चेक करने शुरू कर दिए हैं। जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

## पड़ोसियों से भी पूछताछ कर रही पुलिस

मौके पर पहुंचे सीओ सरधना आशुतोष ने बताया कि एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव कमरे में चारपाई पर मिले होने की सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच की है। मृतक कैंसर पेशेंट था। उसके परिवार से पूछताछ की जा रही है। वहीं परिजनों की तहरीर पर मुकदमा भी लिखा जा रहा है। पड़ोस के लोगों में भी मृतक की मौत से आश्चर्य बना है

# सरधना थाने में आयोजित हुआ विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शुक्रवार को सरधना थाने में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ट्रांसफर हुए पुलिस कर्मियों को भव्य विदाई दी गई। इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि थाने में तैनात रहे कांस्टेबल अंकित, मोहित, अर्जुन, अभिनव, रीता, सतबीर को लोहियानगर, लिसाड़ी गेट, महिला थाने में ट्रांसफर हुए हैं। शुक्रवार को उनको फूल माला पहनाकर विदाई दी। साथ ही मेहनत व ईमानदारी से काम करने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि उनके थाने में तैनात सभी पुलिसकर्मी पूरी ईमानदारी से कार्य करते है। पीड़ित का शिकायत पर तुरंत एक्शन लिया जाता है।

# सरधना में ट्रैक्टर ट्रॉली पलटने से लगा जाम, लोग रहे परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** सरधना-दौराला मार्ग पर पुलिस चौकी के पास बन रही निर्माणधीन पुलिया के पास शुक्रवार सुबह एक पुआल से भरी हुई ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई, जिससे मार्ग अविरूद्ध होने से जाम की स्थिति बनी रही। शाम तक ट्रैक्टर ट्रॉली व पुआल रोड़ पर ही पड़ी रही।

गौरतलब है कि सरधना दौराला मार्ग पुलिस चौकी बस स्टैंड के पास पुलिया का कई महीनों से निर्माण चल रहा है। एक तरफ से पुलिया निर्माण हो चुका है, लेकिन बारिश की वजह से एक तरफ का निर्माण रूका है, जिससे रोड़ पूरी तरह से प्रभावित है। शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे दौराला की तरफ जा रही पुआल से भरी हुई ट्रैक्टर ट्रॉली पुलिया के सामने गड्ढे की वजह से पलट गई, जिससे मार्ग पूरी तरह से अविरूद्ध होने के चलते जाम की स्थिति बन गई। गनीमत यह रही है इस हादसे में चालक व अन्य किसी को कोई चोट नही आई। ज्ञात है कि जिस पुलिया का निर्माण चल रहा है इसकी वजह से ही पानी निकासी नही हो पाती, जिसके चलते नगर में जलभराव की समस्या बनी रहती है। चेयरमैन शकीला अंसारी का कहना है कि जल्द ही पुलिया का निर्माण पूरा करा दिया जायेगा।




# मोहर्रम पर हुए गोलीकांड का दूसरा आरोपी भी पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मोहर्रम के दिन सरधना में हुए गोलीकांड के दूसरे आरोपी को भी सरधना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने मोहल्ला ऊंचापुर में ताजिए के जिम्मेदार को मामूली कहासुनी के बाद गोली मार दी थी। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया।

गौरतलब है कि, मोहर्रम के दिन मोहल्ला ऊंचापुर में मामूली कहा. सुनी के बाद ताजिए के जिम्मेदार कादिर बेग को गोली मार दी थी। इस घटना में कादिर के चचेरे भाई गुलजार ने थाने में एक नामजद व अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के अगले ही दिन पुलिस ने मुख्य आरोपी शुएब उर्फ टिडडी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि बाकी आरोपियों की तलाश में जुट गई थी। इसी बीच पुलिस की जांच में मेरठ के किदवई नगर थाना लिसाड़ी गेट निवासी वसीम पुत्र सलीम का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने गुरुवार को मेरठ में उसके घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। थाने लाकर पुलिस ने उससे पूछताछ की। जिसके बाद शुक्रवार को उसको जेल भेज दिया।



# आखिर चाय वाले का क्या दोष!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गत दिवस शासन ने एक मीटिंग बुलाई थी जिसमें मेरठ के तमाम आलाअधिकारी एडीजी कमिश्नर डीआईजी, डीएम और कप्तान मौजूद थे। एनआईसी के मीटिंग हॉल में वीसी कार्यक्रम था। इसी दौरान प्रशासन की तरफ से उच्चाधिकारियों के लिए एक कर्मचारी को भेजकर चाय मंगवाई गई लेकिन चाय वाले को यह नहीं बताया गया कि यह चाय उच्चाधिकारी पीने वाले हैं इस कारण उसने साधारण चाय बनाकर भेज दी। बताया जाता है कि चाय के स्वाद से असंतुष्ट होकर अधिकारियों को ग्रीन टी बनाकर पिला दी गई लेकिन बाद में नाजिर चाय वाले को हड़का आए जिसके भय से शुक्रवार को चाय वाले ने चाय की दुकान नहीं खोली सारे दिन यह घटना कलक्ट्रेट परिसर में चर्चा का विषय बनी रही।

# जनता की सुनवाई के लिए सरधना नगर पालिका में छाया अंधेरा

## कार्यालय पर दो दिन से गायब है लाइट, टाइम से नही पहुंचते पालिकाकर्मी

**शाहीन मिर्जा/शाह टाइम्स**

**सरधना।** विकास कार्यो से कोसों दूर नगर पालिका अब जनता की सुनवाई के लिए भी ध्यान नही दे रही है। आलम यह है कि टैक्स कार्यालय पर दो दिन से लाइट गायब है, लेकिन पालिका उसे भी ठीक नही करा पा रही है। पालिका कर्मचारी टाइम से आने के बजाय 11 बजे तक कार्यलय पर पहुंचते है। शाह टाइम्स की टीम ने खुद इस खबर का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों तक बात पहुंचाई।

ऐतिहासिक नगर सरधना में एक तरफ जहां विकास कार्यो से पालिका बिल्कुल कोसों दूर है, वहीं अब अपनी समस्याओं के लिए जनता का सीधा संवाद अधिकारियों तक नही पहुंच पा रहा है, इसका कारण है कि पालिका कर्मचारी खुद 11 बजे से पहले ऑफिस नही पहुंचते, इस बारे में शुक्रवार को शाह टाइम्स संवाददाता करीब 10:30 बजे नगर पालिका पहुंचे, लेकिन वहां सभी कार्यालयों पर सारी कुर्सी खाली मिली, मौके पर सिर्फ संविदा कर्मचारी ही मिले, जो अपने 'सर' की तरफ से जवाब देही देने में लगे रहें। वाटर व हाउस टैक्स कार्यालय पर दो दिनों से लाइट गायब है जिससे जनता की सुनवाई में 'अंधेरा' छाया हुआ है। नगर में विकास कार्य शून्य है, टूटी सड़के, मुख्य मार्गो पर जलभराव व गंदगी समेत पालिका के मुद्दे आम लोगों के लिए गायब है।



### जनता टैक्स के लिए ईओं लखनऊ में मौजूद

पालिका समस्या के लिए अधिशासी अधिकारी दीपिका शुक्ला से जब इस मामले में वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि वह जनता के उपर लगाएं गए स्वकर प्रणाली टैक्स के मामलें में तीन दिनों से लखनऊ में डेरा डाले हुए है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं के लिए वह खुद कैंप कार्यलय पर मौजूद रहती है, मेरी अनुपस्थिति में अगर कोई कर्मचारी देर से आता है तो उसके उपर कार्यवाही की जायेगी।

### किसके दुलारे है बड़े बाबू

नगर पालिका परिषद में पिछले करीब 15 वर्षो से बड़े बाबू के पद पर मौजूद विपिन कुमार शर्मा के खिलाफ कई बार शिकायत की जा चुकी है, बीच में उन्हें यहां से हटा भी दिया गया था, लेकिन राजनीति 'दुलारे' के चलते उनका निलंबन वापस हो गया था। विपिन कुमार के ऊपर इन दिनों कई शिकायतें चल रही है, जिसकी जांच शासन स्तर से चल रही है। सुबह 11 बजे तक विपिन कुमार कार्यालय पर मौजूद नही हुए थे।

# फलावदा में कृष्णा छठी का पर्व मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे में विभिन्न स्थानों पर श्री कृष्णा छठी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कस्बे के गडीना मार्ग पर स्थित चामुंडा महामाई मंदिर, मोहल्ला अंम्बेडकर, मोहल्ला सैनियान, एवं क्षेत्र के महलका शिव मंदिर में कन्हैया लाल की छठी धूमधाम से मनाई भजन कीर्तन पूजा अर्चना कर और भंडारे का आयोजन हुआ। शुक्रवार के दिन शिव मंदिर में लाडू गोपाल जी को पंचामृत स्नान कराया, जन्माष्टमी के छठे दिन बाल गोपाल का स्नान कराया जाता है और फिर उन्हें मोरपंख, बांसुरी, आभूषण आदि से सजाकर पीले वस्त्र पहनाए नंदलाल को झूले में बिठाया, मंदिर समिति के लोगों कढ़ी चावल का भोग लगाया एवं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इस मोके पर मंदिर समिति के लोग मौजूद रहे।

# भाजपा नेता संजय चौधरी ने अस्पताल पहुंचकर जवान का जाना हाल

## भूनी टोल प्लाजा कर्मियों ने की थी जवान के साथ मारपीट

### हालत है स्थिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा नेता संजय चौधरी और अनिल चौधरी दबथुवा ने टोल प्रकरण में घायल सेना के जवान कपिल फौजी से मिलिट्री हॉस्पिटल पहुंच कर सैनिक का हाल चाल जाना और उनके स्वास्थ के बारे में डाक्टर से जानकारी ली। इस दौरान सैनिक कपिल से बात की और उनके दर्द को जाना भाजपा नेताओं ने कपिल और उसके परिवार के साथ हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का वादा किया और हमेशा सहयोग का आश्वासन सेना के जवान को दिया।



# शोभित में पहले बैच के छात्रों का दीक्षारम्भ

# DiscoverU ओरिएंटेशन कार्यक्रम का शुभारम्भ





**शाह टाइम्स संवाददाता**

मेरठ। शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ में नये शैक्षणिक सत्र के प्रथम बैच के विद्यार्थियों के लिए भव्य ओरिएंटेशन कार्यक्रम दीक्षारम्भ क्पेबवअमत-का शुभारम्भ गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। इस कार्यक्रम में 12 राज्यों से लगभग एक हजार से अधिक छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मेरठ की मुख्य विकास अधिकारी सुश्री नूपुर गोयल कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार त्यागी, प्रति कुलपति प्रो. जयानंद, विश्वविद्यालय के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की वंदना से हुआ।

इसके उपरांत बी.कॉम की छात्रा निशिता विहान ने अपनी मनमोहक गणेश वंदना नृत्य प्रस्तुति दी। स्वागत नृत्य वरिष्ठ छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया, वहीं डॉ. नेहा त्यागी द्वारा संयोजित योगा मैशअप में योग और नृत्य का अद्भुत संगम प्रस्तुत हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एवं मुख्य विकास अधिकारी, सुश्री नूपुर गोयल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारण और सतत् एकाग्रता अत्यंत आवश्यक है। युवाओं को अपने करियर माइलस्टोन तय कर धैर्य और अनुशासन के साथ उस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि उन्होंने कई बार शोभित विवि का दौरा किया है और हर बार यहां आकर अत्यंत सकारात्मक अनुभव प्राप्त किया है। यहां की प्रयोगशालाएं, शिक्षण प्रणाली और छात्रों की सहभागिता देखकर यह महसूस होता है कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के अपने संकल्प पर हमेशा खरा उतर रहा है। विशेषकर स्मार्ट इंडिया हैकथॉन जैसे नवाच. ार-उन्मुख आयोजनों में छात्रों की ऊर्जा और प्रतिभा देखकर गर्व होता है। शोभित विवि के विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति और प्रभावी शैक्षणिक दृष्टिकोण का प्रमाण है। कुलपति प्रो. डॉ. विनोद कुमार त्यागी ने अपने संबोधन में कहा। दीक्षारम्भ केवल एक ओरिएंटेशन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक नई शैक्षणिक और सांस्कृतिक यात्रा की शुरुआत है। परंपरा, अनुशासन और आधुनिकता का यह संगम उन्हें जीवन की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस अवसर पर प्रो-वाइस चां. सलर प्रो. जयानंद ने विश्वविद्यालय की 101 वर्षों की गौरवशाली शैक्षणिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को प्रेरित किया कि वे इस परंपरा का हिस्सा बनकर इसे और आगे बढ़ाएं। प्रो. डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, डीन अकादमिक ने विवि की महत्वपूर्ण उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शोभित विश्व. विद्यालय ने शोध, नवाचार और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्टता अर्जित की है और यह परंपरा आने वाले वर्षों में और भी सशक्त होगी। सत्र के दौरान आईबीएम कॉर्पोरेट अधिकारियों द्वारा आईबीएम स्किल बिल्ड वर्कशाप का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप नवीनतम तकनीकों एवं भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया गया। डॉ. अभिषेक कुमार डबास, डिप्टी चीफ प्रॉक्टर ने विद्यार्थियों को प्रॉक्टोरियल बोर्ड की जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए कहा कि विश्व. विद्यालय में अनुशासन ही वह आधार है, जो छात्रों के व्यक्तित्व एवं सफलता को दिशा प्रदान करता है। साथ ही, विश्वविद्यालय के ईआरपी कोऑर्डिनेटर जितेंद्र जादौन ने विद्यार्थियों को ईआरपी सिस्टम की विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिससे उन्हें प्रशासनिक और शैक्षणिक प्रक्रियाओं को सहज बनाने में मदद मिलेगी। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर विभिन्न विभागाध्यक्षों ने भी अपने अपने विभागों की उपलब्धियों और विशेषताओं को प्रस्तुत कर विद्यार्थियों को भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया। दिन का समापन 'कलर्स ऑफ इंडिया' सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ। वरिष्ठ छात्रों ने भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाते हुए आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। तत्पश्चात ओपन माइक सेशन का आयोजन हुआ, जिसमें नए विद्यार्थियों ने अपनी कहानियां साझा कीं तथा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

# मस्जिद मदरसों की सुरक्षा की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मुस्लिम रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष यूनुस सैफी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को सौंपा है। जिसमें उनका कहना था कि स्वतंत्र भारत देश के राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट, उत्तराखंड जैसे राज्यों में हिंदूवादी संगठनों के लोग सरकार को बदनाम करने के लिए एक धर्म विशेष के मुस्लिम वर्ग के लोगों का उत्पीड़न करते आ रहे हैं यह मैसेज सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे देश में जा रहा है। उन्होंने इन संगठनों पर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना था कि अल्पसंख्यक समुदाय में जो सुरक्षा की भावना पनप रही है उसे सही निर्णय लेकर दूर किया जाए हिंदूवादी संगठन बढ़ चड़कर कानून के विरुद्ध कर रहे कार्यों पर अंकुश लगाया जाए। मुसलमानों की मस्जिद मदरसों की सुरक्षा कराई जाए। देश में जातिवादी फैलाने वाली नफरत को रोकने के ठोस कदम उठाए जाएं। इस दौरान अकरम, आमिर, अनस, सोनू आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट पर नारेबा. जी करते हुए कहा कि हमारा देश लो. कतंत्र का देश है सब को अपनी बात कहने का अधिकार है। देश की आजादी में हिंदू और मुस्लिम वर्ग के लोगों ने अपना बलिदान देकर देश को आजाद कराया है। लेकिन कुछ लोग गंदी राजनीति कर रहे है और एक पक्ष को तंग किया जा रहा है।

# 3 करोड़ के 11 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** शुक्रवार की दोपहर आदर्श नगर पंचायत में बोर्ड की बैठक आयोजित हुई। जिसमें 3 करोड़ के 11 प्रस्ताव सर्वसम्मती से पास किये गये। बोर्ड बैठक की जानकारी देते हुए चेयरमैन सचिन सुकड़ी एवं ईओ हरि नारायण सिंह ने बताया कि शुक्रवार को आदर्श नगर पंचायत की बोर्ड बैठक आयोजित हुई।

जिसमें गत बैठक की पुष्टि की गई। जिसमें सभी सभासदों ने इसका समर्थन किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास क्षण से मार्ग पर पथप्रकाश व्यवस्था, मैन रोड पर साइड पर पटरी का इंटरलॉकिंग कार्य, जल निकासी हेतु नाला निर्माण कार्य कराए जाने, 15 वित्त आयोग के अंतर्गत वर्ष 2023-24 प्राप्त धनराशि में कार्यों पर विचार विमर्श, जिसमें लाइट, सड़क, स्कूलों में टायल, एवं सौंदर्यकरण कराए जाने, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, पजाहे वाले तालाब एवं रामकटोरी पर तालाब का सौंदर्यकरण कराये जाने, महमूदपुर रोड पर खसरा संख्या 380 व 411 तालाब पर सौंदर्यकरण कराये जाने तथा बेंच आदि की व्यवस्था कराये जाने का प्रस्ताव, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत दो वाटर टैंक, भगत सिंह चौक पर सौंदर्यकरण कराये जाने, 1000 नीले, हरे 10 लीटर वाले डस्टबिन खरीदने हेतु, राजा में सिंह पार्क का सौंदर्यकरण, जल कंपाउंड में दो कमरे का निर्माण कार्य, बीरखेड़ा रोड से एमआरएफ सैंटर तक खड़ेजा लगाये जाने का प्रस्ताव, इसके अलावा कूड़ा कलेक्शन हेतु चार ई रिक्शा, वार्ड नंबर 7 में बने तालाब पर अन्नु शर्मा से सुबोध शर्मा के खेत तक सीसी दीवार का निर्माण कार्य कराये जाने का प्रस्ताव, डंपिंग ग्राउंड के पास देवताओं की तरफ टीन सेट का निर्माण कार्य, स्वकर निर्धारित प्रणाली पर विचार, खाली पड़ी भूमि पर बाउंड्री एवं तार. बंदी का कार्य, 7 लाख 96 हजार 950 रूपए से निम्नलिखित कार्यों की सहमति, खसरा संख्या 92 की बाउंड्री में चार दीवारी का कार्य कराए जाने का प्रस्ताव, जलकल कंपाउंड अमृत 2.0 के अंतर्गत जल निगम द्वारा स्कोडा बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मती से पास किया गया। बोर्ड बैठक में 8 करोड़ 76 लाख 50 हजार का अनुमानित बजट पास किया गया, तथा रोका गया गृहकर पुनरू लगाये जाने पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें सभी सभासदगणों ने सर्वसम्मती से पास किया गया। बोर्ड बैठक का संचालन वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद कामिल खा ने किया। बोर्ड बैठक में मुख्य रूप से सभासद राजू राठी, चीनू जाटव, वीरेंद्र नागर, दीपक गुर्जर, विष्णु कुमार, मनीष अहलावत, फूलजहां, मोनिका, अरुण जाटव, सचिन कश्यप आदि मौजूद रहे।

# अवैध उगाही करने वाले संविदा कर्मी की शिकायत करने पर मिली जान से मारने की धमकी!

## पीड़ित ने एसएसपी से सुरक्षा की लगाई गुहार, विवादित रहा है कर्मी

### पीड़ित ने संविदाकर्मी की संपत्ति की जांच कराने की रखी थी मांग, कई बार हो चुका है निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के मजीद नगर निवासी अल्ताफ अंसारी पुत्र जफर अंसारी ने बताया कि विद्युत विभाग के डिवीजन थर्ड के हापुड़ रोड स्थित बिजली घर पर तैनात संविदा कर्मी गुलफाम अवैध रूप से मीटर चेकिंग के नाम पर लोगों से उगाही करने का कार्य कर रहा था आरोप है कि कई सालो से गुलफाम ने अवैध उगाही कर मोटी संपत्ति इकट्ठा कर ली है। अल्ताफ ने बताया कि गुलफाम की शिकायत जब उच्च अधिकारियों से की तो गुलफाम अल्ताफ को जान से मारने की धमकी देने लगा। इतना ही नहीं गुलफाम ने अपने गुर्गो को अल्ताफ के घर धमकाने के लिए भेजा। अल्ताफ द्वारा बताया गया कि गुलफाम ने कई बिजली घरों पर इसी तरह का अवैध कार्य किया जिसको लेकर कई बार कंपनी द्वारा गुलफाम को निलंबित भी किया गया था, लेकिन अधिकारियों से सांठगाठ कर दोबारा दूसरे बिजली घर पर तैनात हो जाता है। अल्ताफ ने बताया कि गुलफाम कहता है कि मेरी अधिकारियों में अच्छी सेटिंग है मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। अपनी अवैध कमाई में से गुलफाम कुछ अधिकारियों को भी हिस्सा देता है। इसीलिए अधिकारी भी उसका सहयोग करते हैं। अल्ताफ ने गुलफाम से जान का खतरा बताते हुए एसएसपी से सुरक्षा की गुहार लगाई है।



# 30 दिन जेल में रहे तो हो जाएगा पद समाप्त कानून का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद अधिकार सेवा के मंडल अध्यक्ष ने एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम डीएम को सौंपा जिसमें उनका कहना था कि भाजपा द्वारा लाये गए काले कानून के विरोध में यह ज्ञापन दिया जा रहा है जिसमें भारत सरकार द्वारा 30 दिनों से अधिक जेल में रहने वाले राजनीतिक संवैधानिक पदाधिकारी गण को पद से हटाए जाना का निर्णय लिया गया है इसका उन्होंने विरोध किया है उनका कहना है कि यदि किसी अन्य व्यक्ति ने किसी राजनीतिक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी और वह जेल चला गया और 30 दिन तक जांच नहीं हुई और वह जेल में ही रहा तो उसका पद चला जाएगा वह इसका विरोध करते हैं उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार जानबूझकर ऐसे काले कानून ला रही है।

# एलावेनिल ने जीता स्वर्ण पदक



**नई दिल्ली, वार्ता।** अनुभवी और दो बार की ओलंपियन एलावेनिल वलारिवन ने कजाकिस्तान के शिमकेंट शूटिंग प्लाजा में चल रही 16वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप रायफल/पिस्टल/शॉटगन के पांचवें दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने चीन की 16 वर्षीय पेंग शिनलू को 24 शॉट्स के फ़ाइनल में पछाड़ा।

एला ने 253-6 अंक हासिल किए, जो कि एक एशियाई फाइनल रिकॉर्ड है, जबकि पेंग उनसे 0-6 अंक पीछे रहीं। कोरिया की क्वोन युंजी को कांस्य पदक मिला। यह एला का एशियाई चैंपियनशिप में दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण है। उन्होंने इससे पहले 2019 में ताओयुआन, चीन में यह खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ी मेहुली घोष 208-9 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहीं और पदक से चूक गईं। एला पहले पांच सिंगल शॉट्स के बाद चौथे स्थान पर थीं और दूसरी सीरीज के बाद संयुक्त चौथे स्थान पर पहुंचीं। इसके बाद के 14 शॉट्स में उन्होंने 10-5 से कम स्कोर नहीं किया, जिसमें 13वां शॉट परफेक्ट 10-9 था। क्वोन और पेंग ने कड़ी चुनौती दी, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी 22वें शॉट पर 9-9 अंक के साथ दौड़ से बाहर हो गईं। चीन की युवा खिलाड़ी पेंग ने 10-8 स्कोर के साथ दमदार अंत किया, लेकिन एला ने भी 10-6 और 10-7 के साथ अपनी बढ़त बरकरार रखी और खिताब अपने नाम किया।

इससे पहले, एला और मेहुली ने 630-7 और 630-3 अंकों के साथ सातवें और आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। उन्होंने अनन्या नायडू (630-0) के साथ मिलकर टीम कांस्य भी जीता। टीम का संयुक्त स्कोर 1891 रहा। चीन ने स्वर्ण, जबकि कोरिया ने रजत पदक जीता। शांभवी क्षीरसागर, हृदया श्री कोंडूर और ईशा अनिल टक्सले की भारतीय तिकड़ी ने जूनियर महिला एयर राइफल स्पर्धा में टीम स्वर्ण जीता। उनका संयुक्त स्कोर 1896-2 रहा, जो कि विश्व और एशियाई रिकॉर्ड है। यह स्कोर दूसरे स्थान पर रही चीन की टीम से 11-3 अंक अधिक था। हालांकि, व्यक्तिगत फाइनल में, शांभवी पांचवें स्थान (186-3), ईशा छठे (165-2) और हृदया सातवें (143-2) स्थान पर रहीं। अभय सिंह सेखों (65) और गनेमत सेखों (73) की भारतीय जोड़ी ने क्वालिफिकेशन में 138 अंक हासिल कर कांस्य पदक मुकाबले में प्रवेश किया। उनका मुकाबला कुवैत के 62 वर्षीय दिग्गज और दो बार के ओलंपिक कांस्य विजेता अब्दुल्ला अलराशिदी और उनकी साथी अफरा अलमोहम्मद से हुआ। भारतीय जोड़ी ने 48 शॉट्स की टीम स्पर्धा में 39-37 से जीत हासिल की।

# भारत की अंडर-18 महिला रिकर्व टीम ने जीता कांस्य पदक

● **आनंद राव, जियाना कुमार और शार्वरी की भारतीय टीम ने कांस्य पदक मुकाबले में अमेरिका की टीम 6-0 से रौंदा**

**कनाडा, वार्ता।** विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में भारत ने अंडर-18 महिला रिकर्व टीम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर पदकों का खाता खोला।

विन्निपेग में आयोजित विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 में गुरुवार को गाथा आनंदराव खडके, जियाना कुमार और शार्वरी सोमनाथ शेंडे की भारतीय टीम ने कांस्य पदक के मुकाबले में अमेरिका की टीम को 6-0 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त भारतीय टीम को पहले दौर में बाई मिली और दूसरे दौर में उसने मेक्सिको को 6-0 से हराया। इसके बाद उन्होंने क्वार्टर फाइनल में जापान को 5-3 से हराया, लेकिन सेमीफाइनल में कोरिया गणराज्य से 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं पुरुषों की अंडर-18 रिकर्व स्पर्धा में, अगस्त्य सिंह, सोहम शरद कनासे और आदित्य शिवप्रसाद पवार कांस्य पदक के मुकाबले में तुर्किये से 5-3 से हारकर पोडियम से चूक गए। भारत कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धाओं में और पदक जीतने की दौड़ में बना हुआ है।

शनिवार को, कुशल दलाल, अपार मिहिर नितिन और गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु की अंडर-21 पुरुष टीम स्वर्ण पदक के लिए जर्मनी से भिड़ेगी, जबकि मोहित डागर, योगेश जोशी और देवांश सिंह की अंडर-18 तिकड़ी खिताबी मुकाबले में अमेरिका से टक्कर होगी। विश्व तीरंदाजी युवा चैंपियनशिप 2025 के 19वें संस्करण में दुनिया भर के 63 देशों के कुल 570 शीर्ष युवा तीरंदाज प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

## गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से लिया संन्यास



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की बाएं हाथ की स्पिनर गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। सुल्ताना ने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर संन्यास की घोषणा करते कहा कि भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए गर्व की बात रही है। हर विकेट, फ़ील्ड पर लगाई गई हर एक डाइव, टीम की साथियों के साथ हर एक हडल का मुझे इस स्तर का क्रिकेटर और इंसान बनाने में योगदान है। उन्होंने भारत के 50 एकदिवसीय और 37 अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैच खेले। उन्होंने एकदिवसीय क्रिकेट में 19-39 की औसत से कुल 66 विकेट लिए। 2008 में पर्दापण करने वालीं सुल्ताना ने भारत के लिए अंतिम बार अप्रैल 2014 में खेला था। इसके 10 वर्ष बाद 2024 में वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के जरिए शीर्ष स्तर के क्रिकेट में वापसी की और उन्होंने 2025 के संस्करण में भी खेला। यह इस प्रारूप में 50 विकेट लेने वाले किसी भारतीय भी गेंदबाज़ द्वारा तीसरा सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ी औसत है। सुल्ताना ने 2009 और 2013 में कुल दो वनडे विश्वकप खेले।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## चंडीगढ़, सिक्किम और मेघालय ने चमक बिखेरी

**नई दिल्ली, वार्ता।** सुब्रतो कप जूनियर गर्ल्स (अंडर-17) श्रेणी के चौथे दिन कई मुकाबलों में शानदार जीत और कड़े ड्रॉ देखने को मिले। केरल की लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल स्कूल, त्रिशूर ने उत्तराखंड के हरीश पवार हायर सेकेंडरी स्कूल, नैनीताल को 2-0 से हराया, जबकि छत्तीसगढ़ की माता रुखमणी कन्या आश्रम ने लक्षद्वीप के पीएम श्री सरकारी महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अंद्रोत्त पर 3-0 की जीत दर्ज की। असम के बेटकुची हाई स्कूल और श्रीलंका स्कूल फुटबॉल एसोसिएशन के बीच का मैच, साथ ही एपीएस नोएडा और बिहार के अपग्रेडेड हाई स्कूल, बिलासपुर का मुकाबला गोलरहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

## न्यूलैंड्स एसए-20 सीजन 4 के फाइनल की मेजबानी करेगा

**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** केप टाउन स्थित न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड को एसए-20 सीजन 4 के फाइनल के लिए स्थल घोषित किया गया है। किंग्समीड, सेंचुरियन और वांडरर्स 26 दिसंबर 2025 से शुरू होने वाले इस प्रतियोगिता के प्रमुख प्लेऑफ मैचों की मेजबानी करेंगे। फाइनल और प्लेऑफ के टिकट आम जनता के लिए 10 अक्टूबर से बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे। डरबन एसए-20 के इतिहास में पहली बार एक प्लेऑफ मैच का आयोजन करेगा, जिससे पूर्वी तट के प्रशंसकों को अविश्वसनीय क्रिकेट और मनोरंजन का एक और मौका मिलेगा, जब प्रतियोगिता की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें बुधवार, 21 जनवरी को क्वालीफायर 1 के दौरान आमने-सामने होंगी।

# बेंगलुरु से छिनी महिला विश्व कप मैचों की मेजबानी, मुंबई को मिली

● **30 सितम्बर से शुरू होने वाले महिला विश्व कप के लिए नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम चौथा भारतीय स्थल होगा**

**मुंबई, वार्ता।** आईसीसी ने महिला वनडे विश्व कप का नया कार्यक्रम जारी किया है जिसके मुताबिक बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से मेजबानी छीन ली गई है।

30 सितम्बर से शुरू होने वाले महिला विश्व कप के लिए बेंगलुरु की जगह नवी मुंबई का डीवाई पाटिल स्टेडियम चौथा भारतीय स्थल होगा। मैचों की मेजबानी के लिए पुलिस की मंजूरी प्राप्त करने हेतु बीसीसीआई द्वारा कर्नाटक क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को बार-बार दी गई समय-सीमा को पूरा न कर पाने के कारण बेंगलुरु में होने वाले महिला विश्व कप मैचों को मुंबई में स्थानांतरित कर दिया गया है। बीसीसीआई ने शुक्रवार को सभी प्रतिभागी देशों को अपडेट भी भेज दिया है। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट की तारीखें वही रहेंगी (30 सितम्बर से 2 नवंबर)। बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर नए कार्यक्रम की घोषणा भी कर दी है। इंदौर, वाइजैग और गुवाहाटी के अलावा नवी मुंबई को चौथा भारतीय स्थल बनाया गया है।

# एशिया कप: टीम इंडिया के रिकॉर्ड का चर्चा

● **टी-20 के सात अन्य देशों के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड, सिर्फ दो टीमों के खिलाफ मिली है हार**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 की तैयारियों के बीच, भारतीय टीम का रिकॉर्ड और आगामी मुकाबलों का कार्यक्रम अब क्रिकेट फैंस के लिए चर्चा का विषय बन चुका है। टीम इंडिया ने इस टूर्नामेंट के इस संस्करण के सात अन्य देशों के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया है और सिर्फ पाकिस्तान और श्रीलंका जैसी दो टीमों के खिलाफ ही हार झेली है।

एशिया कप टी-20 का यह तीसरा संस्करण है। इससे पहले यह टूर्नामेंट 2016 और 2022 में खेला गया था। 2016 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में टीम इंडिया चैंपियन बनी थी, जबकि 2022 में श्रीलंका ने खिताब पर कब्जा जमाया था।



भारत ने एशिया कप टी-20 में 2016 और 2022 संस्करण को मिलाकर कुल 10 मैच खेले हैं और इसमें से आठ में जीत हासिल की है। पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ 2022 में टीम इंडिया को दो मैचों में हार मिली थी। मौजूदा संस्करण की सात टीमों में से छह टीमों के खिलाफ भारत 2016 और 2022 में खेल चुका है। इनमें बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, हांगकांग, श्रीलंका और यूएई शामिल हैं। ओमान के खिलाफ भारत इस साल पहली बार इस टूर्नामेंट में खेलेगा।

बाकी की छह टीमों के खिलाफ भारत ने कुल 10 मैच खेले हैं। इसमें से भारत ने सात आठ मैच जीते हैं और दो में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। भारत जिन दो टीमों के खिलाफ हारा है, उनमें पाकिस्तान और श्रीलंका शामिल हैं। इन दोनों टीमों के खिलाफ भारत को 2022 में एक-एक बार हार का सामना करना पड़ा था। पाकिस्तान ने भारत को सुपर-फोर मैच में पांच विकेट से और श्रीलंका ने सुपर-फोर राउंड में ही छह विकेट से शिकस्त दी थी। भारत ने एशिया कप टी-20 में बांग्लादेश के खिलाफ दो में से दोनों मैच जीते हैं। वहीं, पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम ने तीन में से दो मैच जीते हैं और एक में हार का सामना करना पड़ा।

# जीत प्रतिशत के मामले में रोहित हैं सबसे आगे

● **सभी प्रारूपों में सबसे अधिक जीत हासिल करने वाले कप्तानों में रोहित का जीत प्रतिशत सबसे अच्छा है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने भले ही दो प्रारूपों से संन्यास ले लिया है, लेकिन तीनों प्रारूप में कप्तान के तौर पर उनके आंकड़े प्रभावित करने वाले हैं। सभी प्रारूपों में 100 से अधिक जीत हासिल करने वाले कप्तानों में रोहित शर्मा का जीत प्रतिशत सबसे अच्छा है। उनके बाद रिकी पोंटिंग, स्टीव वा, हैंसी क्रोनिए और विराट कोहली का स्थान है।

रोहित टी-20 अंतर्राष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब सिर्फ वनडे में ही भारत के लिए खेलते हैं। इसके अलावा वह आईपीएल में भी खेलते हैं। रोहित के वनडे भविष्य को लेकर कई तरह की अटकलें चल रही हैं, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि रोहित की नजरें 2027 में होने वाले वनडे विश्व कप में खेलने पर टिकी हुई हैं। हालांकि, उनकी फिटनेस को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं और यह देखना दिलचस्प होगा कि रोहित विश्व कप तक टीम में जगह बरकरार रख पाते हैं या नहीं। रोहित ने मार्च में भारत के लिए अपना आखिरी मैच खेला था।

रोहित की कप्तानी में भारत चैंपियंस ट्राफी के फाइनल में पहुंचा था जहां उसने न्यूजीलैंड को हराकर खिताब अपने नाम किया था। इसके बाद रोहित आईपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते नजर आए थे। आईपीएल 2025 का सीजन समाप्त होने के बाद भारत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर गया। टीम को अगस्त में बांग्लादेश के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज खेलनी थी और माना जा रहा था कि रोहित इसका हिस्सा होंगे, लेकिन इस सीरीज को स्थगित कर दिया गया था। अब रोहित अक्तूबर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेलते नजर आ सकते हैं। रोहित शर्मा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 100+ जीत हासिल करने वाले कप्तानों में सबसे आगे हैं और उनका जीत का प्रतिशत 73.23प्रतिशत है। दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज कप्तान रिकी पोंटिंग हैं जिन्होंने 2000 के दशक में टीम को कई खिताब दिलाए। उनका जीत का प्रतिशत 67.90प्रतिशत है। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाले कप्तान स्टीव वा का नंबर आता है जिनका जीत का प्रतिशत 66.25प्रतिशत है। दक्षिण अफ्रीका के करिश्माई लीडर हैंसी क्रोनिए इस मामले में चौथे स्थान पर हैं जिनका जीत प्रतिशत 65.96प्रतिशत रहा। वहीं, भारत के सबसे सफल टेस्ट कप्तानों में से एक विराट कोहली भी इस सूची में शामिल हैं जिनका प्रतिशत 64.32प्रतिशत रहा। रोहित का कप्तान रहते रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने टीम को अपनी कप्तानी में दो आईसीसी खिताब दिलाए हैं।

# द. अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

● **मैथ्यू ने 84 और ट्रिस्टन ने 74 रनों की शानदार पारी खेली, लुंगी ने पांच विकेट हासिल किए**

**मकाय, वार्ता।** मैथ्यू ब्रीत्जके (84) और ट्रिस्टन स्टब्स (74) की शानदार अर्धशतकीय पारियों के बाद लुंगी एन्गिडी (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को 84 रनों से हरा दिया।



इसी के साथ दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 सीरीज की हार का बदला लेते हुए तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है। 278 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने सात रन के स्कोर पर अपने दो विकेट गंवा दिये। ट्रैविस हेड (छह), मार्नस लाबुशेन (एक) रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की तीसरा विकेट कप्तान मिचेल मार्श (18) के रूप में गिरा। इसके बाद जॉश इंग्लिस और कैमरून ग्रीन ने पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों के बीच चौथे विकेट के लिए 67 रनों की साझेदारी हुई। 23वें ओवर में सेनुरन मुथुसामी ने कैमरून ग्रीन (35) को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को चौथी सफलता दिलाई। एलेक्स कैरी (13) रन बनाकर आउट हुए। 34वें ओवर में लुंगी एन्गिडी ने ऐरन हार्डी (10) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को मैच में बनाये रखा। इसके बाद लुंगी एन्गिडी ने जॉश इंग्लिस को विकेटकीपर रिकलटन के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। जॉश इंग्लिस ने 74 गेंदों में 10 चौके और दो छक्के लगाते हुए 87 रनों की पारी खेली। इसके बाद जेवियर बार्टलेट (आठ), नेथन एलिस तीन रन बनाकर आउट हुए। 38वें ओवर की चौथी गेंद पर एन्गिडी ने एडम जम्पा (तीन) को आउट कर 193 के स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया की पारी का अंत कर अपनी टीम को 84 रनों से जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया ने मात्र 18 रन जोड़कर अपने आखिरी चार विकेट गंवाए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से लुंगी एन्गिडी ने 8-4 ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट लिए। नांद्रे बर्गर को दो-दो विकेट मिले। वियान मुल्डर और सेनुरन मुथुसामी ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

# अजित अगरकर को मिलेगा दो नए सदस्यों का साथ



● **बीसीसीआई ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि नए चयनकर्ता किन दो जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे**

**मुंबई, वार्ता।** अजित अगरकर की अगुवाई वाली भारतीय सीनियर पुरुष चयन समिति में दो नए सदस्य शामिल होने वाले हैं, बीसीसीआई ने शुक्रवार को इन पदों के लिए नए आवेदनों को आमंत्रित किया है। आवेदकों को 10 सितम्बर शाम 5 बजे (भारतीय समयानुसार) तक आवेदन करना होगा। हालांकि बीसीसीआई की विज्ञप्ति में यह स्पष्ट नहीं है कि नए चयनकर्ता किन दो जोन का प्रतिनिधित्व करेंगे, लेकिन ईएसपीएन क्रिकइंफो को मिली जानकारी के मुताबिक ये नियुक्तियां साउथ और ईस्ट जोन से होने की संभावना है।

हालांकि, मौजूदा पैनल के किसी भी सदस्य ने संचयी पांच साल की अवधि के नियम को पार नहीं किया है। इस समय तमिलनाडु के पूर्व बल्लेबाज़ एस शरथ साउथ जोन से चयनकर्ता के रूप में कार्यरत हैं, जबकि भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज एसएस दास ईस्ट जोन का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। 2021 में जूनियर पैनल के अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद, शरथ को 2023 में सीनियर चयन समिति में पदोन्नत किया गया था।

इस दौरान, दास ने चेतन शर्मा के निष्कासन के बाद कुछ समय के लिए सीनियर पैनल के अंतरिम अध्यक्ष के रूप में भी कार्यभार संभाला था। बाद में दास की जगह अगरकर को यह पद दिया गया, जो संभवत: अध्यक्ष बने रहेंगे। उनका अनुबंध अगले साल फरवरी-मार्च में होने वाले टी20 विश्व कप के अंत तक बढ़ा दिया गया है। नए आवेदकों को कम से कम सात टेस्ट या 30 प्रथम श्रेणी मैच, या 10 वनडे और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेले हुए पांच साल से ज्यादा का समय होना अनिवार्य है, और उन्हें बीसीसीआई की किसी भी क्रिकेट समिति का सदस्य नहीं होना चाहिए।

# राघवी और वीजे ने संभाला साइना और राधा ने दिए झटके

**ब्रिसबेन, वार्ता।** राघवी बिष्ट (93) और वीजे जोशिता (51) की जुझारू अर्धशतकीय पारियों के बाद साइमा ठाकोर और राधा (दो-दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन के दम पर इंडिया ए ने टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ए के 158 के स्कोर पर पांच विकेट झटक कर मैच पर अपनी पकड़ बना ली है। इंडिया ए ने कल 93 पर पांच विकेट से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कप्तान राधा यादव (33) के रूप में इंडिया ए का छठा विकेट गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आयी मिन्नू मनी ने राघवी बिष्ट के साथ सातवें विकेट लिए 75 रन जोड़े। मेटलन ब्राउन ने शतक की ओर बढ़ रही राघवी बिष्ट को बोल्ड आउटकर ऑस्ट्रेलिया ए को बड़ी सफलता दिलाई। राघवी बिष्ट ने 153 गेंदों में 16 चौके लगाते हुए (93) रन बनाये। मिन्नू मनी (28), तितास साधु (23) रन बनाकर आउट हुई। 90वें ओवर की पहली गेंद पर लिली मिल्स ने वीजे जोशिता को बोल्ड कर इंडिया ए की पारी का 299 के स्कोर पर अंत कर दिया। जोशिता ने 72 गेंदों में सात चौकों की मदद से (51) रन बनाये। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मेटलन ब्राउन और जॉर्जिया प्रेस्टविज ने (तीन-तीन विकेट) लिए। सियाना लजजर, लिली मिल्स, एमी और एला हेवर्ड ने 1-1 बल्लेबाज को आउट किया।

# मैचों को रोमांचक बनाने के लिए पीएकेएल सीजन-12 प्रारूप में हुआ बदलाव

● **यह प्रत्येक फ्रेंचाईजी को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के पर्याप्त अवसर भी प्रदान करेगा**

**मुंबई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) ने प्रशंसकों के बीच रोमांचक कबड्डी मुकाबले पेश करने के लिए शुक्रवार को सीजन 12 के लिए प्रारूप में बदलाव की करते हुए एक उन्नत लीग चरण और नए प्लेऑफ ढांचे की शुरुआत की घोषणा की। उन्नत लीग चरण संरचना के फलस्वरूप आगामी सीजन में 108 मैचों वाला एक रोमांचक लीग चरण होगा, जहां प्रत्येक टीम 18 मैच खेलेगी।

यह प्रारूप प्रतिस्पर्धा को बढ़ाता है क्योंकि यह सुनिश्चित करता है कि टीमों को पूरे लीग चरण में कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़े। साथ ही प्रशंसकों के लिए उच्च-तीव्रता वाली कबड्डी प्रतियोगिता भी बनी रहे। यह प्रत्येक फ्रेंचाइजी को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के पर्याप्त अवसर भी प्रदान करेगा। व्यापक टाई-ब्रेकिंग प्रणाली पीकेएल सीजन 12 में सभी लीग-चरण मैचों के लिए गोल्डन रेड फॉर्मेट सहित एक व्यापक टाई-ब्रेकर नियम प्रणाली शुरू की गई है। पहले केवल प्लेऑफ मैचों तक सीमित, यह प्रणाली अब पूरे टूर्नामेंट में निर्णायक परिणाम सुनिश्चित करती है। बराबरी की स्थिति में, टीमें निम्नलिखित विशेष नियमों के साथ एक संरचित 5-रेड शूटआउट में भाग लेंगी। दोनों टीमें 7 खिलाड़ी उतारेंगी और बॉल्क लाइन को बॉल्क लाइन-कम-बोनस लाइन माना जाएगा। प्रत्येक टीम 5 अलग-अलग रेडर नामित करेगी जो बारी-बारी से रेड करेंगे। आउट और रिवाइवल नियम लागू नहीं होंगे - केवल अंक ही गिने जाएंगे। यदि 5 रेड के बाद भी स्कोर बराबर रहता है, तो गोल्डन रेड नियम लागू होगा। गोल्डन रेड प्रारूप महत्वपूर्ण क्षणों में नाटकीयता जोड़ता है, जहां एक नया टॉस यह निर्धारित करता है कि किस टीम को निर्णायक रेड़िग का अवसर मिलेगा। यदि गोल्डन रेड के बाद भी दोनों टीमें बराबरी पर रहती हैं, तो विजेता का फैसला टॉस द्वारा किया जाता है। यह नया नियम पीकेएल की प्रतिस्पर्धी भावना को बनाए रखता है और बराबरी के परिणामों को समाप्त करता है, जिससे हर मैच में निर्णायक परिणाम और नाटकीयता बढ़ जाती है।

# फैसले का स्वागत

हमारे देश में कुत्ता एक वफादार जानवर की श्रेणी में आता है। बहुत सारे ऐसे मामले सामने आए हैं कि कुत्ते ने अपने मालिक की जान बचाने के लिए अपनी जान तक दे दी। लेकिन अब कुत्तों के शरीर में वो ताकत नहीं रहेगी। जिस प्रकार बैल को बधिया किया जाता है, उसी प्रकार अब सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों की नसबंदी-टीकाकरण के आदेश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट का आदेश उन लोगों के लिए सकूनभरा होगा, जो कुत्ते के काटने के शिकार हुए हैं। लेकिन लोगों ने कभी यह नहीं सोचा कि कुत्ते आखिरकार खूंखार क्यों हो जाते हैं। यदि इस बात का लोगों को पता चलता, तो यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक जाता ही नहीं। लेकिन अब कुत्तों की शामत आ गई है। यह मेडिकल साइंस भी मानती है कि रेबीज रोग ज्यादातार कुत्तों के काटने से ही होता है। इसके अलावा आजकल ऐसे मामले भी सामने आ रहे हैं कि कुत्तों के झुंड ने चलते-फिरते आदमी या बालक पर हमला कर दिया। इस हमले में कई लोगों और बच्चों की जान जा चुकी है, इसीलिए यह मामला सुप्रीम कोर्ट गया। कांग्रेस और भाजपा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। कुत्ते को इंसान का सबसे अच्छा दोस्त माना जाता है। वह वफादार, प्यारा और समझदार होता है, लेकिन कभी-कभी यही कुत्ता खूंखार या आक्रामक हो जाता है। अगर आप एनिमल लवर हैं, तो यह जानना जरूरी है कि ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे बचा जा सकता है। कुत्ते भी इंसानों की तरह डर महसूस करते हैं। अगर उन्हें लगे कि कोई उन्हें या उनके मालिक को नुकसान पहुंचा सकता है, तो वे डिफेंसिव हो जाते हैं। डर के कारण वे काट भी सकते हैं। कुत्ते अपने इलाके और मालिक की सुरक्षा के लिए सतर्क रहते हैं। अगर कोई अजनबी उनके क्षेत्र में घुसता है, तो वे आक्रामक हो सकते हैं। इसे 'टेरिटोरियल बिहेवियर' कहा जाता है। अगर कुत्ते को चोट लगी हो या वह बीमार हो, तो वह चिड़चिड़ा और आक्रामक हो सकता है। इस समय उसे छेड़ने या परेशान करने से वह काट सकता है। अगर कुत्ते को बचपन से सही तरीके से ट्रेनिंग नहीं दी गई या उसके साथ मारपीट हुई, तो उसका स्वभाव खराब हो सकता है। ऐसे कुत्ते लोगों से डरते हैं और जल्दी गुस्सा होते हैं। अगर कुत्ते को लंबे समय तक अकेला रखा जाए, तो वह तनाव और बोरियत के कारण चिड़चिड़ा हो सकता है। खाने-पीने की कमी के चलते भी कुत्तों में चिड़चिड़ापन हो जाता है और वे काटने लगते हैं। अगर आपके घर में पालतू कुत्ता है तो सावधान हो जाइए। हो सकता है कि आपका पालतू कुत्ता पार्वो वायरस की चपेट में आ गया हो। अगर उसे दस्त हो रहे हैं और उसने खाना-पीना बंद कर दिया है, तो तुरंत डाक्टर से संपर्क करें। सरकारी पशु चिकित्सालय में हर दिन 10 से ज्यादा संक्रमित कुत्ते लाए जा रहे हैं। वहीं निजी पशु चिकित्सालय में भी हर दिन एक दर्जन से ज्यादा संक्रमित कुत्ते पहुंच रहे हैं। अगर इन पालतू कुत्तों का समय पर इलाज नहीं किया गया, तो उनकी मौत भी हो सकती है।

## पाकिस्तानी सेना का भ्रम तोड़ना होगा



एक देश ने कड़ी मेहनत करके फरारी जैसी अर्थव्यवस्था बनाई और दूसरा अब भी डंपर जैसी स्थिति में है, तो यह उनकी नाक. ामी है, मैं पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर के बयान को एक कन्फेशन की तरह देखता हूं, पाक की अर्थव्यवस्था मलबे से भरे डंप ट्रक जैसी है, अगर हम इस गंभीर चेतावनी के पीछे छिपे ऐतिहासिक संकेत पर ध्यान नहीं देंगे, तो यह हमारे लिए चिंता का विषय बन सकता है, अगर हम इस पर ध्यान दें और इसके लिए तैयारी करें, तो भारत ऐसी चेतावनियों का करारा जवाब देने में सक्षम है, पाक सेना प्रमुख ने जाने-अनजाने में उस लुटेरी मानसिकता की ओर इशारा किया है, जिसका पाकिस्तान जन्म से ही शिकार रहा है, हमें पाकिस्तानी सेना का यह भ्रम तोड़ना होगा।

-राजनाथ सिंह
रक्षा मंत्री

# खगोल भौतिकी में चहलकदमी



प्रज्ज्वल शास्त्री

मेरा जन्म स्पुतनिक उपग्रह प्रक्षेपण के एक साल बाद हुआ था। बचपन मैंगलोर के पास के एक छोटे कस्बे में बीता। बचपन की सबसे मीठी यादों में से एक है, बगीचे में चटाई पर लेटकर रात के आसमान को निहारना। उन दिनों आकाशगंगा (मिल्की-वे) साफ दिखाई देती थी, उल्कापात (टूटते तारे) और तारों के बीच कृत्रिम उपग्रह धीरे-धीरे आगे बढ़ते नजर आते थे। एक बार मैंने एक धूमकेतु भी देखा था, जिसे मैंने घंटों तक निहारा और आम के पेड़ के साथ उसकी तस्वीर भी बनाई। ब्रह्मांड की यह झलकियां मुझे रोमांचित करती थीं। सात साल की उम्र में इस बात का दुख हुआ कि इंसान अब तक चंद्रमा पर नहीं पहुंचा था। बहरहाल, यूरी गागरिन मेरे बचपन के हीरो बन गए, और वेलेंटीना तेरेश्कोवा का नाम तो हर किसी की जुबान पर था। मैं अक्सर कल्पना करती कि एक दिन मैं भी अंतरिक्ष यान में काम करने वाली वैज्ञानिक बनूंगी।

मेरे तर्कवादी अभिभावकों ने मुझे विज्ञान की कई रोचक किताबें लाकर दीं। उनमें से एक किताब थी एटम्स, जिसमें रदरफोर्ड के मशहूर प्रयोग का सुंदर चित्रण था। इसमें सोने के पतले पतरे पर अल्फा-कणों की बौछार की गई थी और उनमें से कुछ ही कण टकराकर वापस लौटे थे। इसका मतलब था कि वास्तविक परमाणु बहुत छोटा होता है और परमाणु का अधिकांश भाग खाली होता है। इस प्रयोग की खूबसूरती ने मुझ पर गहरा प्रभाव डाला।

जब मैं ग्यारह साल की थी, तब मेरे पिता ने मुझे इवान एफ्रेमोव लिखित एक विज्ञान-कथा उपन्यास एंड्रोमेडा पढ़ने के लिए दिया। यह अंतरिक्ष अन्वेषण, ग्रहों के बीच संपर्क और विभिन्न जीवन रूपों की एक रोमांचक कहानी है, जिसमें एक नई 'सामाजिकता' का भी चित्रण किया गया हैरू जेंडर से परे लोगों के बीच घनिष्ठ और स्वच्छंद रिश्ते, निश्छल विज्ञान और प्रौद्योगिकी की शक्ति पर विश्वास, साथ ही सभी लोगों के लिए समानता। एंड्रोमेडा ने मेरे लिए एक आदर्श संसार का निर्माण किया था।

किशोरावस्था में प्रवेश करने पर मेरी मां ने मुझे ईव क्यूरी द्वारा लिखित मारिया स्क्लोदोव्स्का क्यूरी (मैरी क्यूरी) की जीवनी पढ़ने को दी, जिसमें पियरे क्यूरी के साथ उनकी बौद्धिक और भावनात्मक साझेदारी का वर्णन था। मुझे नहीं मालूम कि इस किताब ने मेरे करियर के चुनाव पर कोई प्रभाव डाला या नहीं, लेकिन मैरी क्यूरी का अपनी विज्ञान कक्षा में एक महिला के रूप में अलग दिखना मेरे लिए चौंकाने वाला था। शायद यह मेरे लिए वैज्ञानिक दुनिया में लिंग भेदभाव का पहला एहसास था। मेरे स्कूल में कई शिक्षक थे जिन्होंने अपनी सूझबूझ और निष्ठा के साथ मुझे शिक्षा का आनंद दिया, चाहे वह इतिहास की कहानी हो, कन्नड़ व्याकरण की जटिल पहेलियां हो, या फिर गणितीय तर्क। कॉलेज ने मुझे चुनने की जरूरत का एहसास कराया। विज्ञान और गणित बनाम इतिहास और राजनीति विज्ञान। मैं दोनों संकाय पढ़ना चाहती थी। अंतत: मैंने विज्ञान और गणित को चुना, क्योंकि इसमें मुझे बाद में विषय बदलने का मौका था, जबकि दूसरा विकल्प चुनने पर मैं ऐसा नहीं कर पाती।

मेरे कॉलेज के हर शिक्षक अपने विषय के प्रति जोश से भरे हुए थे, जिन्होंने हमेशा परिणाम की बजाय प्रक्रिया को अधिक महत्व दिया, चाहे वह गणित की कोई समस्या को हल करना हो, पौधों का वर्गीकरण करना हो, सोडियम की दोहरी वर्णक्रम रेखाओं (सोडियम डबलेट) की माप लेना हो या तिलचट्टे का विच्छेदन करना हो। मैंने अपने छोटे शहर के कॉलेज में जिस तरह से सैद्धांतिक कार्य के बराबर महत्व अनुभवजन्य प्रायोगिक काम को देना सीखा, वैसा माहौल बाद में मुझे बड़े संस्थानों में नहीं मिला।

तब तक मुझे यह स्पष्ट हो गया था कि मुझे भौतिकी में आगे बढ़ना है। गणित की भाषा में व्यक्त होता बुनियादी विज्ञान, भौतिकी, मेरा पसंदीदा था और जिसे प्रयोगशाला नामक बहुत मजेदार जगह में परखा भी जा सकता था। बचपन का अंतरिक्ष यान पर सवार वैज्ञानिक बनने का जो मासूम सपना था, वह अब धुंधला हो गया था। क्योंकि अव्वल तो, हम (भारत) बमुश्किल ही अंतरिक्ष में कोई अंतरिक्ष यान भेज रहे थे और दूसरा, अंतरिक्ष यात्री बनने के लिए वायुसेना की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता, जो मुझे थोड़ा कठिन लगता था।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई में मास्टर डिग्री के लिए भौतिकी कार्यक्रम में प्रवेश करना काफी रोमांचक था। एकमात्र महिला हॉस्टल में रहते हुए मुझे बहुत सी ऐसी महिलाएं मिलीं, जो भौतिकी या विज्ञान के प्रति मेरी तरह का उत्साह रखती थीं। आईआईटी के भौतिकी समूह में शामिल होकर, पीएचडी करना एक स्वाभाविक अगला कदम था।

मैं टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च में प्रवेश करके परमाणु भौतिकी में प्रयोग करना चाहती थी। इसकी प्रेरणा मुझे आईआईटी के पसंदीदा शिक्षक पीपी काने से मिली। उन्होंने मुझे शोध की दुनिया से परिचित कराया और उनका यह विचार मुझे बहुत आकर्षक लगा कि प्रयोगशाला में समीकरणों को लागू करना न केवल मजेदार है, बल्कि इससे कुछ ऐसा भी खोजा जा सकता था जो अब तक अज्ञात है। हालांकि, टीआईएफआर के अनुभव ने मुझे यह महसूस कराया कि खगोल भौतिकी ही मेरे लिए सबसे उपयुक्त विकल्प है। मैंने यह कभी नहीं सोचा था कि एक शौक कभी एक पेशा बन जाएगा। एक ओर, इसमें अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके ब्रह्मांड की खोजबीन की जाती है, जो उस आसमान की छवि में कई आयाम जोड़ती है, जिसे मैं बगीचे में चटाई पर लेटकर देखा करती थी। दूसरी ओर, आकाश देखने में तो बहुत जटिल लगता था, फिर भी उसे भौतिकी के नियमों के अनुसार समझा जा सकता था। मैं पूरी तरह से इन सब से हैरान थी।

विजय कपाही को मेंटर के रूप में पाना सबसे बेहतरीन अनुभवों में से एक था। उन्होंने सक्रिय निहारकाओं की कार्यप्रणाली में मेरी रुचि जगाई। यह ब्रह्मांड की सबसे शक्तिशाली शय होती हैं, और अत्यंत विशाल ब्लैक होल्स की गुरुत्वाकर्षण शक्ति से संचालित होती हैं। विजय ने निहारिकाओं के रहस्यों को जज्बे और मस्ती के साथ हल किया, जो एक प्रेरणादायक नजरिया था। वे शोधार्थियों और सहकर्मियों के साथ पूरी तरह से लिंग-निरपेक्ष थे, ऐसा नजरिया तब भी बिरला था और आज भी दुर्लभ है।

इंजीनियर से पर्यावरण वैज्ञानिक बने मेरे जीवनसाथी ने हमें एक साथ बढ़ने और नए दृष्टिकोणों की खोज करने का मौका दिया। इस अनुभव से मुझे विज्ञान को लेकर बचपन की समझ से आगे बढ़कर कहीं अधिक समालोचनात्मक समझ मिली। हाल ही में एक पुराने कॉलेज मित्र ने मुझे 1974 में भारत के पहले परमाणु अंतरूस्फोट को लेकर मेरा उत्साह याद दिलाया और यह एहसास दिलाया कि तब मैंने परमाणु के शांतिपूर्ण उपयोग पर कितनी मासूमियत से विश्वास कर लिया था। मैं यह मानती थी कि विज्ञान और वैज्ञानिक मानवता को समृद्धि और समानता की ओर ले जाएंगे, लेकिन अंतत: विज्ञान एक मानवीय उद्यम है, जो सामाजिक प्रक्रियाओं से आकार लेता है, और इसके कामकाज में सभी मानवीय दोष शामिल होते हैं।

वस्तुनिष्ठता पर गर्व करने वाले इस उद्यम में महिला वैज्ञानिकों की अत्यधिक कम संख्या, इस तथ्य का एक क्लासिक उदाहरण है। मेरे लिए, यह मानना कितना स्वाभाविक और सामान्य है कि अन्य महिलाएं भौतिकी के प्रति उत्साही हैं! लेकिन कैसे मेरे सहकर्मियों के लिए भी यह मानना उतना ही स्वाभाविक होता है कि भौतिकी करने वाली महिला जीवनसाथी मिलने तक यह सब टाइमपास के लिए करती हैं। मैं उस दिन के इंतजार में हूं जब मेरा या किसी का भी जेंडर केवल उतना ही महत्वपूर्ण रहेगा जितना कि उसकी पसंदीदा किताबें। कोई आश्चर्य नहीं कि मैं एंड्रोमेडा पुस्तक के आदर्शलोक के बारे में सोचती हूं, जहां लोगों के बीच लिंग की परवाह किए बिना स्वस्थ और उन्मुक्त रिश्ते हों।

# उत्तर प्रदेश की नदियों पर मंडराता संकट

**उत्तर प्रदेश की नदियों को बचाना है तो चीनी मिलों के जलचक्र को दुरुस्त करना ही होगा। यही समय है जब सरकार और समाज मिलकर ठान लें कि जल का हर कतरा बहकर प्रदूषण न बने, बल्कि जीवन को सींचे। यही चेतावनी और यही समाधान है, वरना मीठा कहलाने वाला यही गन्ना हमारी नदियों और हमारे जीवन में यूं ही लगातार जहर घोलता रहेगा।**

वीरेश तरार

उत्तर प्रदेश की कृषि भूमि देश की रीढ़ कही जाती है। राज्य में लगभग एक सौ ब्यासी लाख हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है, जिसमें से करीब सतासी प्रतिशत हिस्सा सिंचित है। शेष खेती वर्षा जल पर निर्भर रहती है। यह आंकड़ा बताता है कि प्रदेश का जीवन जल पर कितना आश्रित है। इसी जीवनदायिनी प्रणाली में सबसे ज्यादा जहरीली कडवाहट आज वही फसल और उससे जुडे उद्योग घोल रहे हैं,जिनकी मिठास के लिए इस प्रदेश का नाम दुनिया भर के देशों में लिया जाता है और इस प्रदेश ही नहीं पूरे देश और इसकी बहुत बडी आबादी की समृद्धि का पर्याय माना जाता रहा है यानि गन्ना और कृचीनी मिलें।

गन्ना उत्पादन उत्तर प्रदेश में औसतन 20 से 22 लाख हेक्टेयर में उगाया जाता है। आंकड़े बताते हैं कि प्रति हेक्टेयर लगभग 32 से छत्तीस लाख लीटर पानी केवल गन्ने की सिंचाई में लगता है। यदि कुल क्षेत्रफल पर गणना करें तो गन्ना खेती अकेले सात खरब लीटर से भी अधिक पानी हर वर्ष पी जाती है। इसके बाद चीनी मिलों में प्रसंस्करण के लिए गन्ने की प्रति टन पेराई में लगभग डेढ़ से दो हजार लीटर पानी अलग से लगता है। प्रदेश की चीनी मिलें हर साल सैकड़ों अरब लीटर पानी खींच लेती हैं, जिनमें से करीब एक हजार लीटर (प्रति टन गन्ना) वेस्ट वाटर (गंदा पानी) के रूप में बाहर निकल जाता है। यही गंदा पानी बिना शोधन नालों और नदियों में बहा दिया जाता है। केवल पचपन से साठ बड़ी चीनी मिलें ही प्रदेश के कुल औद्योगिक अपशिष्ट का एक तिहाई से अधिक हिस्सा छोड़ती हैं। हिंडन, यमुना और गंगा की धारा इसी प्रदूषण से आज त्राहि-त्राहि कर रही है।

सरकार दावा करती है कि सभी मिलों को ईटीपी और एसटीपी लगाने का निर्देश दिया गया है, पर जमीनी हकीकत यह है कि शोधन के नाम पर खानापूर्ति होती है। यदि कभी कोई प्लांट चल भी रहा हो तो उसका रिसाकिल्ड पानी पुन: प्रयोग में नहीं लाया जाता, बल्कि खुले नालों में बहा दिया जाता है। पुणे, महाराष्ट्र जैसी कुछ जगहों को छोड़ दें तो उत्तर प्रदेश कीं तो किसी भी चीनी मिल में रीसाइकिल्ड वाटर का प्रयोग सिंचाई के लिए नहीं किया जा रहा। यही वजह है कि प्रदेश का भूगर्भ जल स्तर लगातार गिर रहा है, नदियां मर रही हैं और ऊपर से संक्रमित भूजल के प्रयोग से समाज बीमार हो रहा है।


कैंसर, हृदय रोग और डायबिटीज जैसी जानलेवा बीमारियों का प्रसार केवल जीवनशैली का परिणाम नहीं है। प्रदूषित जल इसका बड़ा कारक बन चुका है। जब गन्ना मिलों का अपशिष्ट बिना शोधन नदियों में बहता है तो वह पानी पीने योग्य नहीं रहता, खेतों में जाता है तो पूरी खाद्य श्रंखला को जहर बना देता है। इस विष चक्र को तोड़े बिना न गंगा निर्मल होगी, न समाज निरोग होगा।

समाधान बहुत कठिन नहीं है। मिल परिसरों में बड़े जलाशय और भूमिगत टैंक बनाए जा सकते हैं। बरसात के दिनों में इनमें संचित किए गए जल को वर्ष भर की मिल आवश्यकताओं में प्रयुक्त किया जाए। उत्पादन के दौरान जो वेस्ट वाटर निकले उसे शोधन कर खेतों तक पहुंचाया जाए। इससे दोहरा लाभ होगा। नदियों का प्रदूषण रुकेगा और किसानों को अतिरिक्त सिंचाई जल मिलेगा।यही नहीं लगातार गिरते भूजल स्तर पर भी स्वाभाविक रोक लगेगी।

आज देश भर में एथेनॉल संयंत्र और शराब फैक्टरियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। आंकड़ों पर जाएं तो एथेनॉल उत्पादन में प्रति यूनिट पानी खपत चीनी के मुकाबले कहीं ज्यादा है। एथनॉल उत्पादन में अगृणी ब्राजील जैसे देशों में इसी कारण इसके उत्पादन पर रोक लगाने की मांग जोर पकड रही है। भारत में भी पर्यावरण वैज्ञानिक इन्हीं तर्कों के आधार पर एथेनॉल उत्पादन से परहेज की सलाह सरकार को देते रहे हैं। ऐसे में यह और भी जरूरी हो जाता है कि प्रत्येक जल-प्रधान उद्योग में जल पुनर्चक्रण को कानूनन अनिवार्य किया जाए। पिछले एक दशक में नदी सफाई अभियान के नाम पर जाने कितनी धनराशी अब तक नदियों के गंदे जहरीले पानी के साथ बहकर समुद्र में चली गई है। आगे भी सिलसिला बादस्तूर जारी है। यदि निर्मल नदी योजना के ए हजारों करोड़ रूपए इन उद्योगों में जल चक्र स्थापित करने पर लगा दिए जाएं तो परिणाम कहीं अधिक ठोस ,उपादेय और स्थाई होंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# काला पानी पर भारत और नेपाल में जुबानी जंग तेज



यशोदा श्रीवास्तव

लिंपिया धुरा, लिपुलेख और काला पानी को लेकर नेपाल और भारत के बीच एक बार जबानी जंग छिड़ गया है। भारत और नेपाल के बीच ताजा विवाद यह है कि इस क्षेत्र से भारत और चीन के बीच सीमा व्यापार पर सहमति बनी है। नेपाल को इस पर एतराज है। भारत और चीन के बीच की इस व्यापार सहमति के विरोध में प्रचंड समर्थित छात्र संगठन अखिल क्रांतिकारी नेपाल ने काठमांडू में विरोध प्रदर्शन किया है। इसके बाद नेपाल विदेश मंत्रालय का बयान आया है कि लिपुलेख लिंपियाधुरा और काला पानी नेपाल का हिस्सा है। इसके लिए उसने भारत और चीन को स्पष्ट रूप से चेता दिया है। नेपाल के नए नक्शे में भी उक्त भू-क्षेत्र का हिस्सा दर्शाया गया है।

## ओली की भारत यात्रा पर इस मुद्दे पर चर्चा संभव

लिपुलेख लिंपियाधुरा और काला पानी का मुद्दा ऐसे समय उभरा है जब नेपाल के प्रधानमंत्री ओली की भारत यात्रा प्रस्तावित है। भारत और नेपाल के दावे वाले इस विवादित भू-क्षेत्र को लेकर भारत और नेपाल के बीच कभी गंभीर विचार विमर्श नहीं हुआ। इस बार ओली की भारत यात्रा पर इस मुद्दे पर खास चर्चा होने की संभावना थी। लेकिन दिल्ली में दोनों देशों के बीच उच्च राजनयिक चर्चा के पहले ही इस मुद्दे को लेकर दोनों देशों के बीच जुबानी जंग शुरू हो गया। इस बीच नेपाल के मामलों में खासा रुचि रखने वाले दिल्ली के वरिष्ठ पत्रकार आनंद स्वरूप वर्मा ने उक्त भू-क्षेत्र को नेपाल का हिस्सा बता कर नेपाल के दावे को मजबूती ही प्रदान की है। आनंद स्वरूप वर्मा नेपाल के कट्टर माओवादी नेता प्रचंड के काफी करीबी बताए जाते हैं।



## इस भू-क्षेत्र को लेकर ओली पहले भी काट चुके हैं बवाल

लिंपियाधुरा,लिपुलेख और काला पानी नेपाल से लगी उत्तराखंड की सीमा पर भारतीय भू भाग का हिस्सा है। पिछले वर्ष भारत ने इस हिस्से का इस्तेमाल मानसरोवर मार्ग को सुगम बनाने के लिए किया है। भारतीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह इस मार्ग का उद्घाटन भी कर चुके हैं।

इसे लेकर तब भी प्रधानमंत्री रहे ओली ने काफी बवाल काटा था। उन्होंने इस भू क्षेत्र पर अपना दावा ठोंकने के लिए नेपाल का नया मानचित्र तक जारी कर दिया जिसमें इस भू-क्षेत्र को शामिल किया गया है। इसी मुद्दे पर ओली भारत पर तोहमत मढ़कर खुद को राष्ट्र भक्ति का लबादा ओढ़ने की कोशिश करते रहते हैं।

## भारत और नेपाल दोनों देशों के लिए महत्वपूर्ण है यह क्षेत्र

पूर्व में नेपाल की प्रतिनिधि सभा में नेपाल के परिवर्तित मानचित्र के मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए ओली ने कहा कि 1962 ई। तक जो क्षेत्र नेपाल के अधीन था, उसका वर्तमान मानचित्र ही असली है। 2017 से पहले देश का नक्शा वैसा ही था जैसा अब है।

उन्होंने कहा नेपाल अपने हिस्से के भू-क्षेत्र पर दावा कभी नहीं छोड़ेगा। नेपाल का दावा है कि काला पानी,लिपुलेख और लिंपियाधुरा सुदूर पश्चिम नेपाल के धारचुला जिले का हिस्सा है। नेपाल, ब्रिटिश और भारत के बीच 1815 में हुई सुगौली संधि के अनुसार काला पानी क्षेत्र से होकर बहने वाली महाकाली नदी को दोनों देशों के बीच की सीमा माना गया था। यह क्षेत्र चीन (तिब्बत) सीमा से लगी भौगोलिक रूप से भारत और नेपाल दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। यहां भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल तैनात हैं।

## भारत और चीन की नजदीकी की चर्चा से असहज है चीन

आम तौर पर भारत नेपाल के बीच सौहार्द पूर्ण संबंध रहे हैं, लेकिन इधर जबसे चीन का नेपाल में प्रभाव बढ़ा है तबसे दोनों देशों के बीच तनाव भी बढ़ा है। जब जब किन्हीं कारणों से भारत नेपाल के बीच तनाव हुआ है तब तब चीन इसका फायदा उठाने की कोशिश से बाज नहीं आया।

चीन की मंशा सदैव से रही है कि नेपाल में कम्युनिस्ट सरकार रहे। वेशक ओली उसके ज्यादा करीब हैं लेकिन प्रचंड भी उससे बहुत दूर नहीं हैं। चीन चाहता है कि भारत और नेपाल के बीच तनाव पूर्ण माहौल बना रहे वहीं नेपाल भी अंदरुनी तौर पर चाहता है कि भारत और चीन के बीच दूरी बनी रहे ताकि उसे अपने अपने पाले में बनाए रखने के लिए दोनों देशों से फायदा मिलता रहे। इधर भारत और चीन के नजदीक आने की खबर से नेपाल खुद को असहज महसूस कर रहा है। लिपियां धुरा लिपुलेख और काला पानी के मुद्दे पर भारत और चीन को एक साथ चेतावनी नेपाल की बौखलाहट का ही नतीजा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाकिस्तान-चीन के बीच दोस्ती अद्वितीय: शहबाज

## पाक पीएम ने चीनी विदेश मंत्री से मुलाकात की, कहा: दोस्ती का विस्तार कई क्षेत्रों में

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि पाकिस्तान और चीन के बीच दोस्ती अद्वितीय है और उनकी सदाबहार दोस्ती का विस्तार कई क्षेत्रों में है। उन्होंने चीनी विदेश मंत्री वांग ई के यहां आगमन पर यह बात कही। शरीफ ने कहा कि वह चीन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के तियानजिन शिखर सम्मेलन और जापानी आक्रमण के विरुद्ध चीनी जन प्रतिरोध युद्ध और विश्व फासीवाद-विरोधी युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले स्मारक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए उत्सुक हैं।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी पक्ष चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के उन्नत संस्करण 2-0 निर्माण को बढ़ावा देने, कृषि, खनन, ऊर्जा और संसाधन, विमानन और अंतरिक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचा निर्माण और अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए चीन के साथ मिलकर काम करने की आशा करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान अपने देश में चीनी कर्मियों की सुरक्षा को अत्यधिक महत्व देता है और चीनी नागरिकों और परियोजनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव



### वांग ई से मिले पाकिस्तानी आर्मी चीफ मुनीर, सुरक्षा और आतंकवाद पर खुलकर चर्चा

प्रयास करेगा। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने कहा कि चीन, शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की भावना को आगे बढ़ाने के लिए पाकिस्तान और एससीओ के सभी पक्षों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक है। चीन-पाकिस्तान संबंधों को अद्वितीय बताते हुए, वांग ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य चाहे कैसा भी विकसित हो, चीन और पाकिस्तान के बीच पारंपरिक मित्रता अडिंग और अटूट बनी हुई है। उन्होंने आगे कहा कि चीन हमेशा से पाकिस्तान का सबसे विश्वसनीय साझेदार और सबसे मजबूत समर्थक रहा है। दोनों पक्षों को कृषि, उद्योग और खनन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसके अलावा ग्वादर बंद. रगाह, औद्योगिक पार्कों, संपर्क और उच्च प्रौद्योगिकी में आपसी सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए। वांग ने यह भी कहा कि चीन सभी प्रकार के आतंकवाद पर दृढ़ता से नकेल कसने और राष्ट्रीय विकास एवं द्विपक्षीय सहयोग के लिए एक सुरक्षित और अनुकूल वातावरण बनाने में पाकिस्तान का समर्थन करता है। दोनों पक्षों ने साझा चिंता के अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। वहीं चीन के विदेश मंत्री वांग ई शुक्रवार को इस्लामाबाद में पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर से मिले। इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद विरोधी सहयोग और आपसी रिश्तों को मजबूत करने पर खुलकर विस्तार से चर्चा की। वांग ई बुधवार को पाकिस्तान पहुंचे थे। वे यहां छठे दौर के विदेश मंत्रियों की रणनीतिक वार्ता में हिस्सा लेने आए। पाकिस्तान पहुं. चने के बाद वांग ई ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और विदेश मंत्री इशाक डार से भी मुलाकात की।

### पाक ने भारतीय विमानों पर हवाई क्षेत्र प्रतिबंध 25 सितम्बर तक बढ़ाया

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** पाकिस्तान ने भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध की अवधि एक महीने के लिए यानी 25 सितम्बर तक बढ़ा दी है। यह जानकारी डॉन ने नोटम (नोटिस टू एयरमैन) के हवाले से शुक्रवार को दी। नोटम में कहा गया कि दोनों देशों के बीच चल रहे तनाव के बीच इस साल 24 अप्रैल को यह प्रतिबंध पहली बार लगाया गया था। इसके बाद इसे 23 मई को बढ़ाया गया फिर 23 जुलाई तक और फिर 24 अगस्त तक बढ़ाया गया। सूत्रों ने पुष्टि किया कि पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने पहले भारतीय विमानों के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने की अवधि 18 जुलाई से बढ़ाकर 24 अगस्त कर दी थी। अब, नवीनतम नोटम के अनुसार, पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र 25 अगस्त से 25 सितम्बर तक भारतीय विमानों के लिए बंद रहेगा।



बिहार। 'मतदान अधिकार यात्रा' के दौरान लोगों का अभिवादन करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## चीन में निर्माणाधीन पुल गिरने से छह की मौत, 10 लापता

**शिनिग।** चीन के किघई प्रांत में शुक्रवार को पुल निर्माण के दौरान स्टील केबल टूटने से छह लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य लापता हो गए। प्रांतीय आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण ने बताया कि सिंचुआन-किघई रेलवे के किघई खंड पर निर्माणाधीन पुल के पास आज तड़के लगभग 03:00 बजे केबल टूट गई। घटना के समय घटनास्थल पर 16 मज़दूर मौजूद थे। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने बचाव कार्य के लिए तुरंत एक दल को घटनास्थल पर भेजा। बचाव टीम पानी में गिरे लोगों की तलाश और बचाव के लिए हर संभव प्रयास में लगी है। आपातकालीन प्रबंधन, अग्निशमन, परिवहन, जन सुरक्षा, स्वास्थ्य और सशस्त्र पुलिस सहित विभिन्न विभागों के 380 से अधिक बचावकर्मी खोज और बचाव कार्यों में शामिल हुए हैं। कुल 66 वाहन और 23 नावें तैनात की गई हैं।

### संक्षिप्त समाचार

#### दक्षिण अमेरिका में आया 7.5 तीव्रता का भीषण भूकंप

**वाशिंगटन।** दक्षिण अमे. रिका के ड्रेक पैसेज में शुक्रवार को 7.5 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया, जिससे आसपास के क्षेत्रों में सुनामी के खतरे की आशंका उत्पन्न हो गई है। अंतर्राष्ट्रीय समयानुसार आज 02:16 बजे आए इस भूकंप को अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण द्वारा पहले 8.0 तीव्रता बताया गया जिसे बाद में घटाकर 7.5 कर दिया गया। ड्रेक पैसेज एक जल संधि है जो दक्षिण अमे. रिका के दक्षिणी सिरे और अंटार्कटिका महाद्वीप के बीच स्थित है, जो विशेष रूप से चिली में केप हॉर्न (दक्षिण अमेरिका का सबसे दक्षिणी बिंदु) को अंटार्कटिक प्रायद्वीप से अलग करता है। भूकंप 10.8 किमी की गहराई पर आया, जिसका केंद्र 60.19 डिंग्री दक्षिण अक्षांश और 61.82 डिंग्री पश्चिम देशांतर पर था।

#### पाकिस्तान में बारिश का कहर, 24 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पिछले 24 घंटों में बारिश से जुड़ी घटनाओं में कम से कम 24 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पाकिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने दी। सबसे जयादा मौतें उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुईं, जहां 14 बच्चों समेत 21 लोगों की मौत हो गई। दक्षिणी सिंध प्रांत में दो और पाकिस्तान के नियंत्रण वाले कश्मीर में एक व्यक्ति की मौत हुई। एनडीएमए के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि अधिकतर मौतें मकान ढहने, अचानक बाढ़ आने और भारी मानसूनी बारिश के कारण बिजली का झटका लगने से हुईं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, जून के अंत से अब तक पाकिस्तान में बारिश के कारण 771 लोगों की मौत हो चुकी है।

# अमेरिकी दूतावास ने खोली ट्रम्प के दावे की पोल

## USAID ने भारत में चुनावों को लेकर वित्तीय वर्ष 2014 से 2024 तक 21 मिलियन डॉलर का फंड नहीं दिया

**नई दिल्ली।** भारत में चुनावों को प्रभावित करने के उद्देश्य से अमेरिकी फंडिंग को लेकर ट्रम्प के दावों पर भारत में अमेरिकी दूतावास ने बड़ा खुलासा किया है। अमेरिकी दूतावास ने विदेश मंत्रालय को बताया है कि यूएसएआईडी ने भारत में चुनावों को लेकर कोई भी फंड नहीं दिया है। अब विदेश मंत्रालय में अमेरिकी दूतावास के इस बयान को संसद में साझा किया है।

माकपा सांसद जान ब्रिटास के सवाल के जवाब में सरकार द्वारा संसद में दी गई जानकारी के मुताबिक, अमेरिकी दूतावास ने बताया है कि यूएसएआईडी को वित्तीय वर्ष 2014 से 2024 तक भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर की धनराशि न तो मिली और न ही प्रदान की गई। साथ ही दूतावास ने यह भी कहा है कि यूएसएआईडी ने भारत में मतदान को प्रभावित करने के उद्देश्य से कोई भी गति. विधि नहीं की है। दरअसल, कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारतीय चुनावों में मतदान बढ़ाने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) की धनराशि का प्रयोग हुआ है। इन्ही रिपोर्ट्स के संबंध में की गई कार्रवाई की स्थिति के बारे में माकपा सांसद जान ब्रिटास ने सरकार से सवाल

### यूएसएआईडी ने भारत में मतदान को प्रभावित करने के उद्देश्य से कोई भी गतिविधि नहीं की है

किया था। विदेश राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने राज्यसभा में अपने जवाब में यह भी बताया कि 28 फरवरी को विदेश मंत्रालय (एमईए) ने नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास से बीते दस वर्षों में भारत में यूएसएआईडी द्वारा सहायता प्राप्त या वित्त पोषित सभी परियोजनाओं (भारत सरकार के साथ सात साझेदारी समझौतों के तहत क्रियान्वित की जा रही परियोजनाओं को छोड़कर) पर हुए खर्च का ब्यौरा तत्काल मांगा था।

इसके साथ ही मंत्रालय ने अमेरिकी दूतावास से उन गैर-सरकारी संगठनों या कार्यान्वयन भागीदारों की सूची भी मांगी थी जिनके माध्यम से ऐसे कामों को अंजाम दिया गया था। विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने यह भी बताया कि 2 जुलाई को अमेरिकी दूतावास ने मंत्रालय द्वारा मांगी गई जानकारी के संबंध में डेटा साझा किया। उन्होंने कहा कि दूतावास का यह कहना है यूएसएआईडी/भारत ने वित्तीय वर्ष 2014 से 2024 तक भारत में मतदान के लिए 21 मिलियन डॉलर की धनराशि न को प्राप्त की और न ही प्रदान की है। दरअसल, 16 फरवरी, 2025 को अमेरिकी सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा था कि दुनिया भर में कंसोर्टियम फार इलेक्शन्स एंड पालिटिकल प्रोसेस स्ट्रेंथनिंग (सीईपीपीएस) परियोजनाओं के लिए यूएसएआईडी के 486 मिलियन अमेरिकी डॉलर के वित्तपोषण को रद्द किया जाता है। इसमें भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए 21 मिलियन अमे. रिकी डॉलर का आवंटन भी शामिल था। बता दें कि पूर्व में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भी कई बार दावा किया था कि उनकी पूर्ववर्ती सरकार भारत में चुनावों को लेकर फंडिंग कर रही थी।

### टैरिफ तनाव के बीच भारतीय राजदूत ने अमेरिकी सांसदो से की मुलाकात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को लेकर उपजे तनाव के बीच भारतीय राजदूत ने अमे. रिकी सांसदों से मुलाकात की। भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने अमेरिकी सांसदों से द्विपक्षीय व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा की। भारतीय राज. दूत ने सीनेटर बिल हेगर्टी को भारत-अमे. रिका साझेदारी के लिए निरंतर और मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि निष्पक्ष, संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों के लिए जारी द्विपक्षीय चर्चाओं के बारे में उन्हें जानक. ारी दी। उन्होंने सीनेटर हेगर्टी के साथ भारत की ऊर्जा सुरक्षा और हाइड्रोकार्बन में भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते



व्यापार पर भी अपना दृष्टिकोण साझा किया। इसके अलावा क्वात्रा ने कांग्रेस सदस्य ग्रेग लैंड्समैन के साथ भी बात. चीत की और उन्हें द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में प्रगति के बारे में जानकारी दी। क्वात्रा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस सदस्य ग्रेग लैंड्समैन को द्विपक्षीय व्यापार संबंधों, ऊर्जा सुरक्षा में हाल के घटनाक्रमों तथा हमारे देशों के बीच बढ़ती हाइड्रोकार्बन साझेदारी के बारे में जानकारी दी।

# श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को शुक्रवार को सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि 76 वर्षीय विक्रमसिंघे पर सितम्बर 2023 में अपनी पत्नी मैत्री के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए इंग्लैंड की यात्रा करने हेतु सरक. ारी धन का उपयोग करने का आरोप है। पुलिस ने पहले उनके कर्मचारियों से यात्रा खर्च के बारे में पूछताछ की थी।

पुलिस ने बताया कि श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे को शुक्रवार को सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के आरोप में गिरफ्तार किया गया। 76 वर्षीय विक्रमसिंघे को आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) मुख्यालय में गिरफ्तार किया गया, जहां उन्हें सरकारी धन के कथित दुरुपयोग की जांच के सिलसिले में बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे पर सितम्बर 2023 में अपनी पत्नी प्रोफेसर मैत्री के दीक्षांत समारोह में शामिल होने



### पत्नी मैत्री के दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए इंग्लैंड की यात्रा करने के लिए सरकारी धन का उपयोग करने का आरोप

के लिए इंग्लैंड की यात्रा करने के लिए सरकारी धन का उपयोग करने का आरोप है। आरोप लगाया गया है कि विक्रमसिंघे एक आधिकारिक कार्यक्रम के बाद अमेरिका से लौट रहे थे और अपनी पत्नी के निजी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सरकारी खर्च पर ब्रिटेन गए थे। सीआईडी ने पहले उनके कर्मचारियों से यात्रा खर्च के बारे में पूछताछ की थी। विक्रमसिंघे ने 2024 के अंत तक शेष कार्यकाल के लिए गोटबाया राजपक्षे की जगह राष्ट्रपति पद संभाला था।

# 200 करोड़ के क्लब में शामिल हुई वॉर-2

**मुंबई।** ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर 2 ने भारतीय बाजार में 204 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है। अयान मुखर्जी के निर्देशन में बनी यशराज फिल्म्स की फिल्म वॉर 2, 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज़ हुई है।

आदित्य चोपड़ा निर्मित वॉर 2 में ऋतिक रोशन, एनटीआर जूनियर और कियारा आडवाणी की अहम भूमिका है। यह यशराज फिल्मस (वाईआरएफ) की स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है। इस फिल्म के जरिए जूनियर एनटीआर ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है। इस फिल्म में अनिल कपूर और आशुतोष राणा की भी अहम भूमिका है। ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म 'वॉर 2' ने पहले सप्ताह में 199.25 करोड़ रुपये की कमाई की ।वहीं, अब आठवें दिन का कलेक्शन भी सामने आ गया है। सैकनिल्क की अर्ली रिपोर्ट के अनुसार फिल्म वॉर 2 ने आठवें दिन पांच करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इस तरह फिल्म वॉर 2 भारतीय बाजार में आठ दिनों में 204 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर चुकी है।

### लॉर्ड स्वराज पाल का लंदन में निधन, 94 की उम्र में ली अंतिम सांस

**लंदन।** प्रमुख एनआरआई उद्योगपति लार्ड स्वराज पाल का गुरुवार शाम (स्थानीय समयानुसार) लंदन में निधन हो गया। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, वह 94 साल के थे। हाल ही में बीमार पड़ने के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में अंतिम सांस ली। ब्रिटेन स्थित कैपारो ग्रुप आफ इंडस्ट्रीज के संस्थापक पाल का जन्म पंजाब के जालंधर में हुआ था। 1960 के दशक में वह अपनी छोटी बेटी अंबिका के कैंसर के इलाज के लिए ब्रिटेन गए थे। लेकिन बेटी की चार साल की उम्र में मृत्यु हो गई।

# आतंकवाद से मिलकर लड़ेंगे भारत और रूस

## दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को संतुलित तरीके से बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ व्यापारिक मोर्चे पर चल रही खींचतान के बीच भारत और रूस ने द्विपक्षीय व्यापार को संतुलित तरीके से निरंतर बढाने की जरूरत पर बल दिया है। दोनों देशों ने सभी तरह के आतंकवाद से मिलकर लड़ने का संकल्प भी व्यक्त किया है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि मंगलवार को रूस की तीन दिन की यात्रा पर गए विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अलग-अलग स्तर की वार्ताओं में रूसी नेताओं के समकक्ष व्यापार और सुरक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर खुलकर भारत का पक्ष रखा।

बाद में उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ भी बात की। डॉ. जयशंकर व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग के 26वें सत्र की सह-अध्यक्षता के लिए 19 से 21 अगस्त तक रूस यात्रा पर थे। विदेश मंत्री ने रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव और विदेश मंत्री महामहिम सर्गेई लावरोव के साथ बैठकें कीं। विदेश मंत्री ने प्रमुख हस्तियों और थिक टैंकों के साथ भी बातचीत की। पुतिन से मुलाकात के दौरान विदेश मंत्री ने द्विपक्षीय एजेंडे के प्रमुख मुद्दों और यूक्रेन से संबंधित घटनाक्रमों सहित आपसी हित के समकालीन वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्री ने मंटुरोव के साथ बातचीत में ज़ोर देकर कहा कि टैरिफ और गैर-टैरिफ व्यापार बाधाओं का समाधान, लॉजिस्टिक्स में आने वाली बाधाओं को दूर करना, कनेक्टिविटी को बढ़ावा देना, भुगतान तंत्र को सुचारू रूप से लागू करना, 2030 तक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम को समय पर अंतिम रूप देना और क्रियान्वित करना, भारत-यूरेशियन आर्थिक संघ मुक्त व्यापार समझौते का शीघ्र समापन, और दोनों देशों के उद्योग के बीच नियमित संपर्क, 2030 तक 100 अरब डॉलर के संशोधित द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य को समय पर हासिल करने के लिए जरूरी है। बातचीन के दौरान व्यापार और निवेश के माध्यम से ऊर्जा सहयोग को बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला गया।



विदेश मंत्री ने रूस के प्रथम उप पीएम डेनिस मंटुरोव और विदेश मंत्री महामहिम सर्गेई लावरोव के साथ बैठकें की

# शर्तें नहीं मानी, तो खत्म हो सकता है गाजा

## युद्ध विराम वार्ता के बीच इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने दी हमास को चेतावनी

**यरूशलम।** युद्ध विराम वार्ता के बीच इजरायल के रक्षा मंत्री ने हमास को चेतावनी दी है। इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा अगर हमास इजरायल की शर्तो को नहीं मानता है तो गाजा शहर को नष्ट किया जा सकता है।

इजरायल इस क्षेत्र में बड़े आक्रमण की तैयारी कर रहा है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के सेना को गाजा शहर पर कब्जा करने के लिए अधिकृत करने की घोषणा के एक दिन बाद रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज़ ने चेतावनी दी कि गाजा का सबसे बड़ा शहर राफा और बेत हनून में बदल सकता है। काट्ज़ ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि गाजा में हमास के हत्यारों और दुष्कर्मियों के सिर पर जल्द ही नरक के द्वार खुल जाएंगे। जब तक कि वे युद्ध समाप्त करने के लिए इजरायल की शर्तों पर सहमत नहीं हो जाते। उन्होंने इजरायल की युद्धविराम की मांगों को दोहराया। इसमें सभी बंधकों की रिहाई और हमास का पूर्ण निरस्त्रीकरण शामिल है। हमास ने कहा है कि वह युद्ध समाप्त करने के बदले में बंदियों को रिहा कर देगा, लेकिन फलस्तीनी राज्य के निर्माण के बिना निरस्त्रीकरण को अस्वीकार करता है। इजरायली सेना ने बताया कि देश के रक्षा मंत्री ने गाजा सिटी के सबसे घनी आबादी वाले इलाकों में नई कार्रवाई को मंजूरी दे दी है। इसके तहत 60000 नए रिजर्व सैनिकों को बुलाया जाएगा और 20000 पहले से तैनात रिजर्व सैनिकों की सेवा अवधि बढ़ाई जाएगी। सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, गाजा सिटी के उन हिस्सों में अभियान चलाया जाएगा जहां अब तक इजरायल ने जमीनी कार्रवाई नहीं की है। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य हमास का भूमिगत सुरंग नेटवर्क है। बता दें कि हमास ने इस हफ्ते कहा था कि वह मिस्र और कतर के मध्यस्थता वाले युद्धविराम प्रस्ताव पर राजी हो गया है। ऐसे में अगर इजरायल इसे मान लेता है, तो यह नया हमला टल सकता है। हालांकि नेतन्याहू ने सेना की गाजा कमांड यूनिट से मुलाकात के दौरान कहा कि हमारे लिए हमास को हराना और बंधकों को छुड़ाना, दोनों लक्ष्य साथ-साथ चलेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे बंधकों की रिहाई और युद्ध समाप्ति को लेकर इजरायल की शर्तों पर बात. चीत तुरंत शुरू करें।



- इजरायल इस क्षेत्र में बड़े आक्रमण की तैयारी कर रहा है
- काट्ज ने इजरायल की युद्धविराम की मांगों को दोहराया

### कोलंबिया में कार बम और पुलिस हेलीकॉप्टर पर अटैक में 18 की मौत

**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में हुए बड़े हमलों में 18 लोगों की मौत हो गई है। एक हमले में विस्फोटक से भरी कार से एक सैन्य स्कूल के पास धमाका किया गया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं एक दूसरे हमले में पुलिस के हेलीकाप्टर को निशाना बनाया गया, जिसमें 12 पुलिसकर्मियों की मौत हुई है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो ने दोनों घटनाओं में उग्रवादी संगठन रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस आफ कोलंबिया को जिम्मेदार ठहराया है। इस गुट को एफएआरसी के नाम से भी जाना जाता है।

बिकाऊ है।


एक औद्योगिक भूखण्ड क्षेत्र 50850 वर्ग मीटर मय बाऊड्री औद्योगिक क्षेत्र ग्राम गगनोली तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।

शीघ्र सम्पर्क करें-

9837333111, 9917200010

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108